दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल-मनोरंजन-बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 29 जनवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 317 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

भाजपा के रंग में तीसरी बार रंगे नीतिश कुमार

नौंवी बार ली बिहार के सीएम पद की शपथ, 28 साल में तीसरी बार थामा भाजपा का दामन

पटना/नवप्रदेश ब्यूरो। बिहार में सियासी उलटफेर की अटकलें एक बार फिर सही साबित हुईं। नीतीश कुमार ने रविवार सुबह वही किया, जिसका पिछले दिनों से अंदाजा लगाया जा रहा था। रविवार सुबह उन्होंने राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर को इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि वे महागठबंधन से अलग होने का फैसला कर चुके हैं। इसके बाद शाम होते-होते उन्होंने नौंवी बार भाजपा के समर्थन से सीएम पद की शपथ भी ले ली।

तीसरी बार भाजपा के साथ

- 1996 में भाजपा से पहली बार गठबंधन किया था। 3 मार्च 2000 को सीएम बने, लेकिन बहुमत नहीं जुटा पाने की वजह से पद छोड़ा और अटलजी की सरकार में केंद्र में रेल मंत्री बने।
- 1996-2013 तक नीतीश भाजपा के साथ रहे। जब नरेंद्र मोदी को भाजपा ने पीएम उम्मीदवार बनाया तो एनडीए से अलग हो गए।
- दूसरी बार वे 2017 में एनडीए में लौटे और भाजपा की मदद से सरकार बनाई।
- 2024 में अब वे तीसरी बार भाजपा की मदद से मुख्यमंत्री बनेंगे। 28 साल में तीसरी बार वे भाजपा के साथ हैं।

सीएम नीतीश के साथ दो डिप्टी सीएम भी

इससे पहले जदयू नेता नीतीश कुमार को राज्यपाल आर्लेकर ने मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई। इनके साथ कई मंत्रियों को भी शपथ दिलाई गई है। इसमें जातिगत समिकरण को ध्यान में रखते हुए मंत्रि बनाया गया है। इस समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। समर्थकों ने मंत्रियों के शपथग्रहण के बाद जमकर नारे भी लगाए।

बिहार में अब आगे क्या?

बिहार में नीतीश कुमार एक बार फिर भाजपा के समर्थन में सरकार बनाएंगे। विधानसभा में भाजपा के 78, जदयू के 45 और हम के 4 विधायक हैं। 243 सदस्यीय विधानसभा में तीनों दलों को मिलाकर यह आंकड़ा 127 होता है, जो बहुमत के 122 के आंकड़े से पांच ज्यादा है। अतीत में जब नीतीश ने राजद से नाता तोड़ा था, तब आपसी तल्खी चरम पर पहुंच गई थी।

सीएम नीतीश बोले- जल्द होगा मंत्रिमंडल विस्तार

शपथ ग्रहण समारोह के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम भाजपा के साथ पहले भी थे, बस बीच में कहीं चले गए थे। उन्होंने कहा कि हम बिहार के हित के लिए काम करते हैं। बहुत जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। दोबारा दल बदलने के सवाल पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि अब इधर-उधर जाने का कोई सवाल ही नहीं है।

ये नेता बने मंत्री, ली शपथ

विजय चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, प्रेम कुमार, श्रवण कुमार, संतोष कुमार सुमन (संतोश मांझी), सुमित कुमार सिंह ने मंत्री पद की शपथ ली। इन मंत्रियों में सबसे अधिक चर्चा एनडीए के घटक दल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने बेटे संतोष कुमार सुमन की हुई। वे पिछले तीन दिन से चर्चा में थे। इनकी पार्टी से चार विधायक हैं। मंत्रियों की शपथ के बाद समारोह का समापन हो गया, अब एक दूसरे को बधाई देने का सिलसिला चल रहा है।

पीएम मोदी ने ट्वीट कर दी बधाई

शपथ ग्रहण समारोह के समापन के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स कर बधाई दी। उन्होंने एक्स कर लिखा- बिहार में बनी एनडीए सरकार राज्य के विकास और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी। नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री, सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बहुत-बहुत बधाई। मुझे विश्वास है कि यह टीम पूरे समर्पण भाव से राज्य के मेरे परिवारजनों की सेवा करेगी।

सीएम का पीएम को पत्र

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से ननिहाल हुआ निहाल, खुशी का ठिकाना नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। सीएम साय ने पीएम मोदी को रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा में अयोध्या धाम से माता शबरी की भक्ति और प्रतिक्षा का जिक्र करने को लेकर धन्यवाद दिया है। सीएम साय ने पत्र में लिखा है कि भारतीय जनमानस के इस सपने को आकार देने के पीछे करोड़ों रामभक्तों और सैकड़ों बलिदानियों के साथ आपके संकल्प की अहम भूमिका रही।

इस तिथि को रामोत्सव के रूप में मनाया गया

सीएम साय ने छत्तीसगढ़ यानि श्री राम के ननिहाल का जिक्र करते हुए कहा कि रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा से पूरा देश खुश है। छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल भी है, इसलिए हमारी खुशी का कोई पारावार नहीं है। पूरे छत्तीसगढ़ में इस तिथि को रामोत्सव के रूप में मनाया गया।

भावुकता और गौरव का पल

मैंने इस अवसर पर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम का अवलोकन माता शबरी के पवित्र धाम शिवरीनारायण से करने का तय किया। अभिजीत मुहूर्त के शुभ क्षणों में जब आपने श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तो यह हम सबके लिए उल्लास का, भावुकता का और गौरव का पल था।

यशस्वी संबोधन को सुनना प्रेरणादायी अनुभव: आपके ओजमयी, गरिमामयी और यशस्वी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पद्म सम्मान मिलने की प्रक्रिया में आया बड़ा बदलाव : मोदी

नयी दिल्ली(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद्म सम्मान पाने वाली हस्तियों को शुभकामनाएं देते हुए रविवार को कहा कि पिछले एक दशक में पद्म सम्मान मिलने के सिस्टम में बड़ा बदलाव आया है और पद्म सम्मान के प्रति लोगों का भाव भी बदला है।

श्री मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' की 109वीं कड़ी में कहा कि जो लोग निस्वार्थ भावना के साथ समाज को, देश को, सशक्त करने का काम कर रहे हैं, उन्हें पद्म सम्मान से सम्मानित करने का तरीका बदला है और यही वजह है कि अब इस सम्मान के लिए लोग बड़ी संख्या में अपने विशिष्ट कार्यों के साथ खुद आगे आकर पद्म सम्मान के लिए नामांकन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि पिछले एक दशक में पद्म सम्मान का सिस्टम पूरी तरह से बदल चुका है। अब ये पीपल्स पद्म बन चुका है। पद्म सम्मान देने की व्यवस्था में कई बदलाव भी हुए हैं। अब इसमें लोगों के पास खुद को भी नामांकित करने का मौका रहता है। यही वजह है कि इस बार 2014 की तुलना में 28 गुना ज्यादा नामांकन प्राप्त हुए हैं। इससे पता चलता है कि पद्म सम्मान की प्रतिष्ठा, उसकी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आज बेबाक

आखिरकार सांझे की हांडी चौराहे पर टूट ही गई। बिहार का महागठबंधन टूट गया। नीतिश कुमार ने एक बार फिर पलटी मारकर भाजपा के साथ हाथ मिला लिया। इसी के साथ अब आईएनडीआईए के भविष्य पर ही प्रश्न चिन्ह लग गया है। जिस नीतिश कुमार ने यह नया गठबंधन बनाने में सबसे अग्रणी भूमिका निभाई थी उसी ने आईएनडीआईए की नैय्या को मझधार में हिचकोले खाने के लिए छोड़ दिया। ऐसे में पुरानी बोतल में नई शराब भरने वाला आईएनडीआईए आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए की कड़ी चुनौती का मुकाबला कैसे करेगा। यह देखना वाकई बहुत ही दिलचस्प होगा।

5 मांगें पूरी कर दो, राजनीति छोड़ दूंगा : केजरीवाल

जींद (ए.)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के जींद में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने पांच मांगें पूरी करने की बात कहीं और वो राजनीति भी छोड़ देंगे।

चंद्रयान-3 और आदित्य एल-1 के बाद इसरो का नया मिशन

जीएसएलवी एफ 14 लांच करने इसरो तैयार

नई दिल्ली/ए.। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र जल्द ही एक और खुशखबरी देने की तैयारी में है। इसरो ने कहा कि मौसम संबंधी उपग्रह इनसेट-3डीएस को जीएसएलवी F14 पर प्रक्षेपित किया जाना है। इसके लिए उसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) एसएचएआर के लिए रवाना कर दिया गया है। सैटेलाइट ने बेंगलुरु स्थित यू.आर. राव उपग्रह केंद्र में उपग्रह संयोजन, एकीकरण और परीक्षण गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा किया था।

यह सैटेलाइट पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के साथ एक यूजर-फंडेड प्रोजेक्ट है, जिसे 2275 किलोग्राम के 'लिफ्ट-ऑफ' द्रव्यमान के साथ इसरो के आई-2के बस प्लेटफॉर्म के आसपास कंबाइंड किया गया है। मालूम हो कि उपग्रह के निर्माण में भारतीय उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लिफ्ट ऑफ द्रव्यमान रॉकेट का प्रारंभिक द्रव्यमान होता है। लिफ्ट ऑफ द्रव्यमान में ईंधन और ऑक्सीडाइजर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इनसेट 3डीएस सैटेलाइट का क्या है मकसद

अंतरिक्ष एजेंसी फरवरी के मध्य में प्रक्षेपण का लक्ष्य लेकर चल रही है। सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो इसे तय वक्त पर भी लॉन्च किया जाएगा। इसरो ने कहा, 'इनसेट 3डीएस ISRO की ओर से निर्मित एक विशेष मौसम संबंधी उपग्रह है जिसका प्राथमिक उद्देश्य मौजूदा कक्षा में इनसेट-3डी और 3डीआर उपग्रहों को सेवाओं की निरंतरता प्रदान करना है। साथ ही इससे इनसेट सिस्टम की क्षमताओं को काफी हद तक बढ़ाने में मदद मिलेगी।'

गिरगिटों को माफ नहीं करेगी बिहार की जनता: खड़गे

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस ने जनता दल (यू) के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम लिए बिना उन पर तीखा हमला करते हुए रविवार को कहा कि रंग बदलने में गिरगिटों को टक्कर देने और विश्वासघात करने वालों को पूरा देश देख रहा है और बिहार की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा, देश में 'आया राम-गया राम' जैसे कई लोग हैं। पहले वो और हम मिलकर लड़ रहे थे। जब मैंने लालू जी और तेजश्वी जी से बात की तो उन्होंने भी कहा कि नीतीश जा रहे हैं। अगर वह रुकना चाहता तो रुक जाता लेकिन वह जाना चाहता है। इसलिए ये बात हमें पहले से ही पता थी लेकिन इंडिया गठबंधन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

न्याय यात्रा से ध्यान हटाने राजनीतिक ड्रामा

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इस विश्वासघात के विशेषज्ञ और उन्हें इशारों पर नचाने वालों को बिहार की जनता माफ़ नहीं करेगी। बिलकुल साफ़ है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रधानमंत्री और भाजपा घबराए हुए हैं और उससे ध्यान हटाने के लिए यह राजनीतिक ड्रामा रचा गया है।

राहुल गांधी के बॉडी डबल पर जल्द करूंगा खुलासा

सीएम हिमंता ने फिर बोला हमला; कहा-डुप्लीकेट का नाम भी बताऊंगा

नई दिल्ली (ए.)। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बॉडी डबल को लेकर राहुल गांधी पर फिर से हमला किया है। अपने ताजा बयान में हिमंता ने कहा है कि वह बहुत जल्द ही राहुल गांधी के बॉडी डबल का नाम और पता भी बताएंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बीते दिनों न्याय यात्रा की शुरुआत की थी। हिमंता ने आरोप लगाया था कि उत्तर पूर्वी प्रदेशों की यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने बॉडी डबल का इस्तेमाल किया था। इससे पहले कांग्रेस ने असम में राहुल गांधी की यात्रा पर हमले का आरोप लगाया था। वहीं, राहुल गांधी ने हिमंता को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताया था। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं यूं ही कोई बात नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि डुप्लीकेट कौन था और इसे किस तरह से अंजाम दिया गया, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दूंगा। हिमंता ने कहा कि वह बॉडी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

डेढ़ लाख पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी : मंत्री वैष्णव

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बड़ी खुशखबरी दी है। उन्होंने कहा कि रेलवे अधिक रोजगार के अवसर देने की योजना बनाने लगा हुआ है और 1.5 लाख पदों के लिए रोजगार प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वैष्णव ने कहा, '1 लाख 50 हजार कर्मचारियों के लिए रोजगार प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई। इसके तुरंत बाद सहायक लोको पायलट के चयन से नई प्रक्रिया शुरू कर दी गई। यह इस दिशा में पहला कदम है।' उन्होंने वार्षिक रोजगार प्रक्रिया और इसके पीछे के मकसद का भी जिक्र किया।

रेल मंत्री ने कहा, 'ग्रुप ष्ठ में तकनीकी और गैर-तकनीकी कैटेगरी में रोजगार के अधिक मौके मिलेंगे। सब कुछ एक साथ करने के बजाय हमारा टारगेट अधिक रोजगार मुहैया कराने पर है। इसी कड़ी में वार्षिक भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को मौका मिले।' पूर्व-मध्य रेलवे के जनरल मैनेजर अनिल कुमार खंडेलवाल ने रेलवे में रोजगार को लेकर अधिक जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'रेलवे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

कंवर महोत्सव — शराब बंदी पर ननकी का बड़ा बयान, अगर हम बंद कर देते तो हमे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता

'सीएम को कंवर रत्न' सम्मान, ननकी बोले- सरकार करे ना करे... समाज करे नशाबंदी

रायपुर/नवप्रदेश। कंवर महोत्सव कार्यक्रम में सीएम साय को कंवर रत्न' सम्मान से नवाज़ा गया। ननकी बोले- सरकार करे ना करे...समाज करे नशाबंदी। पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर ने कहा, सरकार शराब बंदी करे या न करे अगर हम बंद कर देते तो हमे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता, पूर्व मुख्यमंत्री ने नशा बंदी का ऐलान किया, तो क्या हम नहीं कर सकते क्या ?

मुख्यमंत्री से निवेदन करते हुए ननकी ने कहा समाज के हित के लिए नशा बंदी कर दीजिए। सीएम विष्णुदेव साय इंडोर स्टेडियम पहुंचे। वहां पर वे कंवर समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ आदिवासी नेता नंदकुमार साय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में कंवर समाज मुख्यमंत्री साय का सम्मान कर रहा है।

केवल विष्णुदेव का ही नहीं पूरे समाज का सम्मान

कंवर समाज के कार्यक्रम में सीएम साय शामिल हुए। समाज ने उन्हें कंवर रत्न से सम्मानित किया। सीएम बोले- केवल विष्णुदेव का ही नहीं पूरे समाज का सम्मान है। सभा को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा कि, आज मोर बर बड़े खुशी के दिन हे कि, आज कंवर समाज यहां कंवर महोत्सव मोला म बुलाइन और कंवर रत्न से सम्मानित करिन। मैं बहुत-बहुत आभारी हों और धन्यवाद ज्ञापित करत हों। आज ये जो सम्मान मिला है भाजपा की तरफ से या देश के प्रधानमंत्री की तरफ से कि, एक छोटे से कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री का दायित्व सौंपा है। मैं समाज की तरफ से धन्यवाद देता हूं।

कंवर समाज को 50 लाख रुपये देने की घोषणा

सभा को संबोधित करते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, सरकार को सिर्फ डेढ़ महीने हुआ है लेकिन इस कम समय में ही मोदी की गारंटी को पूरा करने में हमारी सरकार ने अपना प्रयास शुरू कर दिया है। जो भी वादे हैं उन्हें आने वाले पांच सालों में हमारी सरकार पूरा करेगी। वहीं टाटीबंध में कंवर समाज के भवन में अन्य निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की है।

न्यूज गैलरी

पंजाब-हरियाणा में बदलने लगा मौसम

चंडीगढ़(ए.)। उत्तर भारत के कई राज्यों में ठंड की शीतलता कम हो रही है। पंजाब और हरियाणा के कई जिलों में खिली धूप के कारण शीतलहर का प्रकोप कम हो रहा है। पंजाब का तापमान औसतन 2.5, हरियाणा का 3 डिग्री और चंडीगढ़ का 1 डिग्री तापमान बढ़ा है। हरियाणा के अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, सिरसा, फतेहाबाद और जींद में धुंध का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब के 17 जिलों में धुंध की संभावना है। देश की राजधानी दिल्ली में रविवार (28 जनवरी) को खराब मौसम और कोहरे की चादर के कारण , दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (ढ्ढत्रढ्ढ) एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाली कई फ्लाइट्स देरी से चल रहीं हैं वहीं कोहरे की मार के कारण आज फिर पटरियों पर ट्रेंनों की रफ्तार थम गई है। आज भी दिल्ली की तरफ आने वाली कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

कार और लॉरी की टक्कर, छह की मौत

चेन्नई(ए.)। तमिलनाडु के दक्षिणी तेनकासी जिले में कदयानल्लूर के पास सिंगिलिपट्टी गांव में रविवार सुबह एक कार और लॉरी की टक्कर में छह दोस्तों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। यहां पुलिस मुख्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कार में सवार सभी छह युवक, तेनकासी के पास पुलियानकुडी गांव के मूल निवासी थे और छुट्टियों में घूमने और कोर्टालम झरने में स्नान के बाद अपने घर लौट रहे थे। पुलिस सूत्रों ने यूनीवार्ता को बताया कि दुर्घटना तड़के करीब साढ़े चार बजे हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। पुलिस और अग्निशमन सेवा विभाग के कर्मियों को शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। शवों को बाद में पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। दुर्घटना के बाद व्यस्त तेनकासी-मदुरै राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात लगभग दो घंटे तक प्रभावित रहा। क्षतिग्रस्त वाहन को मौके से हटाने के बाद यातायात बहाल कर दिया गया। पुलिस ने इस सिलसिले में मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

चार लोगों ने शख्स पर चाकू से किया हमला, गोली मारी

नई दिल्ली(ए.) । दिल्ली में एक व्यक्ति पर उन चार लोगों ने चाकू से हमला किया और फिर गोली मार दी, जिसके साथ वे शराब पी रहे थे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तरी-पूर्वी दिल्ली इलाके में हुई यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घायल व्यक्ति की पहचान शास्त्री पार्क इलाके के रहने वाले समीर अहमद के रूप में हुई है। पुलिस को दिए बयान में उसने बिलाल, सऊद, फिरोज और सलीम पर हमला करने का आरोप लगाया। जब अपराधियों ने पीड़ित का पीछा किया तो आसपास खड़े लोगों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। बीच-बचाव करने आए लोगों में से एक को थप्पड़ मारा गया, उसके बाद वे अहमद पर चाकू से हमला करने के लिए आगे बढ़े। एक किराने की दुकान के सामने अहमद के गिरने के बाद दुकानदार दुकान बंद करने लगा। इसके तुरंत बाद हमलावरों में से एक स्कूटी पर तेजी से भाग गया, जबकि बाकी पैदल ही पीछा करते रहे, जिससे अहमद जमीन पर गिर गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना रात करीब साढ़े आठ बजे बुलंद मस्जिद के पास हुई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हमें शास्त्री पार्क पुलिस स्टेशन में गोलीबारी की घटना के बारे में एक कॉल मिली, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची। अहमद घायल पाया गया। उसे जेपीसी अस्पताल ले जाया गया, वहां से जीटीबी अस्पताल और फिर बेहतर इलाज के लिए आरएमएल अस्पताल रेफर कर दिया गया। अधिकारी ने कहा, अहमद ने पुलिस को बताया कि बिलाल, सऊद, फिरोज और सलीम ने उस पर चाकू से हमला किया, जिसके बाद बिलाल ने गोली मारकर घायल कर दिया। उन्होंने घटनास्थल से भागने से पहले कई वार किए।

लोकसभा-विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही वाईएसआर भाई-बहन की बढ़ रही है प्रतिद्वंद्विता

अमरावती (ए.)। आंध्र प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में वाई.एस. शर्मिला की नियुक्ति और उनके भाई और मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी के साथ उनके वाकयुद्ध ने आंध्र प्रदेश की राजनीति को चुनाव से पहले अप्रत्याशित और दिलचस्प मोड़ दे दिया है। शर्मिला के आंध्रप्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) के अध्यक्ष बनने के बाद से वाईएसआर भाई-बहनों के बीच प्रतिद्वंद्विता पूरे जोरों पर है और जैसे-जैसे राज्य विधानसभा और लोकसभा के चुनाव करीब आ रहे हैं, यह और तीव्र होती जा रही है। पहले दिन से, शर्मिला ने अपने भाई के नेतृत्व वाली युवजन श्रमिका रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) सरकार पर निशाना साधने में कोई शब्द नहीं छोड़ा। उनके हमले राज्य के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा हासिल करने में विफलता, राज्य की पूंजी के विकास में कमी और बढ़ते कर्ज जैसे मुद्दों तक ही सीमित थे।

हालांकि, जगन मोहन रेड्डी का यह आरोप कि कांग्रेस पार्टी उनके परिवार को उसी तरह विभाजित करने की कोशिश कर रही है, जैसे उसने आंध्र प्रदेश को विभाजित किया था, इससे व्यक्तिगत स्तर पर वाकयुद्ध शुरू हो गया। शर्मिला ने अपने भाई पर पलटवार करते हुए उन्हें परिवार में फूट के लिए जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि मुख्यमंत्री बनने के बाद वह एक बदले हुए व्यक्ति हैं। उन्होंने यहां तक टिप्पणी की कि जगन अपने पिता दिवंगत वाई.एस. राजशेखर रेड्डी के राजनीतिक उत्तराधिकारी होने का दावा नहीं कर सकते।

21 जनवरी को एपीसीसी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के तुरंत बाद, उन्होंने जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ पहला हमला बोलते हुए उनसे पूछा कि क्या उन्होंने कभी राज्य को विशेष श्रेणी का दर्जा दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने राज्य को विशेष श्रेणी का दर्जा नहीं मिलने के लिए जगन मोहन रेड्डी और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू दोनों को दोषी ठहराया और उन पर राज्य के हितों को गिरवी रखने का आरोप लगाया। शर्मिला ने यह भी कहा कि चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की राजधानी के रूप में अमरावती का पूरा विकास नहीं किया, जबकि जगन ने तीन राजधानियों का वादा किया था, लेकिन एक भी राजधानी बनाने में विफल रहे। जगन मोहन रेड्डी पर अपने पहले सीधे हमले में उन्होंने कहा, सड़कें बनाने के लिए भी धन नहीं है। सरकारी कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कोई विकास नहीं है। हर जगह खनन और रेत माफिया द्वारा लूट है। .जब जगन मोहन रेड्डी ने शर्मिला के कांग्रेस में प्रवेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस उनके परिवार को विभाजित करने की कोशिश कर रही है, तो उन्होंने जवाबी हमला करते हुए परिवार में विभाजन के लिए उन्हें दोषी ठहराया। शर्मिला, जो वाईएसआरसीपी के सत्ता में आने के बाद उनके बीच मतभेद पैदा होने के बावजूद चुप्पी साधे हुए थीं, ने कहा कि यह जगन ही थे जिन्होंने परिवार को विभाजित किया और भगवान, उनकी मां विजयम्मा व पूरा परिवार इसके गवाह हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने जगन को मुख्यमंत्री बनाने के लिए यात्राएं कीं, लेकिन एक बार जब वह मुख्यमंत्री बन गए, तो उन्होंने बिल्कुल अलग व्यवहार करना शुरू कर दिया।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जगन उनके पिता वाईएसआर की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए काम नहीं कर रहे हैं। शर्मिला ने याद किया कि उन्होंने वाईएसआरसीपी के लिए 3,200 किलोमीटर की पदयात्रा की थी। मैंने समैक्यंध्र (संयुक्त आंध्र) के लिए पदयात्रा भी की। मैंने तेज धूप और बारिश का सामना करते हुए अपना घर और बच्चों को सड़कों पर छोड़ दिया। जब भी जरूरत पड़ी मैं जगन अन्ना की जीत के लिए काम करने के लिए उनके साथ खड़ी रही, लेकिन मुख्यमंत्री बनते ही वह बदल गए। जगन के सहयोगियों और समर्थकों ने उन पर तीखा हमला बोला। सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ कैंपेन भी चलाया गया। अनिल कुमार से शादी के बाद भी अपने नाम के साथ वाईएस का उपयोग करने के लिए उनकी आलोचना की गई। उन्होंने जवाब दिया, मैं वाई.एस. राजशेखर रेड्डी की बेटी हूं और इस तरह वाईएस शर्मिला बन गई। इस लड़ाई ने कांग्रेस पार्टी को अचानक राज्य की राजनीति के केंद्र में ला दिया है। पार्टी को 2014 से राज्य की राजनीति से हाशिए पर धकेल दिया गया था। आंध्र प्रदेश के विभाजन पर जनता के गुस्से के कारण उसे अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा था। सबसे पुरानी पार्टी को 2019 में लगातार दूसरे चुनाव में विधानसभा और लोकसभा दोनों में एक भी सीट नहीं मिली, जबकि उसका वोट शेयर दो प्रतिशत से भी कम हो गया।

राम जी संवार रहे हैं भाजपा के सारे काम, टूटते जा रहे हैं दुश्मन तमाम

जालंधर (ए.)। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी में जुटे सभी राजनीतिक दलों के सामने हर रोज नया सियासी घटनाक्रम सामने आ रहा है। एकजुटता के दावे करने वाले विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन का कुनबा धीरे-धीरे बिखरता जा रहा है। एक तरफ भाजपा नीत एनडीए उत्साह और ऊर्जा से भरपूर है। एक तरफ टीएमसी ने कांग्रेस को आंखें दिखाते हुए पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया वहीं पंजाब में सीएम भगवंत मान भी कांग्रेस से गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दे चुके हैं। ऊपर से 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद देश में आस्था की लहर चल पड़ रही है और इस लहर के केंद्र बिंदु में पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा है। आज बिहार में सीएम नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद शाम को जेडीयू और भाजपा में नया गठबंधन होने जा रहा है। यानि भाजपा के दोस्तों की संख्या बढ़ गई है और दुश्मनों की आपसी दोस्ती में बिखराव पैदा हो गया है।

बिहार भाजपा विधायक दल के नेता बने सम्राट चौधरी, विजय चुने गए उप नेता

पटना (ए.)। बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल की रविवार को हुई बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता और विधानसभा में विपक्ष के नेता रहे विजय कुमार सिन्हा को उप नेता चुन लिया गया।

बैठक में उपस्थित प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने बैठक के बाद इसकी घोषणा की। तावड़े ने कहा कि भाजपा विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को नेता और विजय सिन्हा को उप नेता के रूप में चुन लिया गया है। सम्राट चौधरी और सिन्हा ने इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व को धन्यवाद और आभार जताया। दोनों नेताओं ने साफ तौर पर कहा कि जिस तरह डेढ़ वर्षों से बिहार जंगल राज की ओर बढ़ रहा था, उसे रोकना जरूरी था। चौधरी ने कहा कि जदयू ने अपने नेता संजय झा को समर्थन का प्रस्ताव लेकर भेजा था और भाजपा ने उस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। यहां से हमलोग सीएम आवास जायेंगे और समर्थन देंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देशवासियों से मन की बात

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा ने करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया : पीएम मोदी

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम में संबोधित कर रहे हैं। संबोधन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे संविधान की मूल प्रति के तीसरे अध्याय में भारत के नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का वर्णन किया गया है। ये बहुत दिलचस्प है कि तीसरे अध्याय के प्रारंभ में हमारे संविधान निर्माताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण जी के चित्रों को स्थान दिया था। प्रभु राम का शासन, हमारे संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत था और इसलिए 22 जनवरी को अयोध्या में मैंने देव से देश की बात की थी, राम से राष्ट्र की बात की थी। साथियो, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि 22 जनवरी की शाम को पूरे देश ने रामज्योति जलाई, दिवाली मनाई, मैंने देश के लोगों से आग्रह किया था कि मकर संक्रांति से 22 जनवरी तक स्वच्छता का अभियान चलाया जाए। मुझे अच्छा लगा कि लोग इससे जुड़े. लोगों ने मुझे फोटोज भी भेजीं. उन्होंने कहा कि मंदिरों को साफ करने की भावना रुकनी नहीं चाहिए, ये अभियान रुकना नहीं चाहिए। सामूहिकता की यही शक्ति, हमारे देश को सफलता की नई ऊंचाई पर पहुंचाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा के लिए इस बार दो करोड़ से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है।

नीतीश ने राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ को सौंपा इस्तीफा

बीजेपी के समर्थन से सरकार बनाने का दावा पेश

पटना (ए.)। जिसके कयास लगाए जा रहे थे वो बात आज पूरी हो गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया है।

उन्होंने राज्यपाल को भाजपा का समर्थन पत्र देकर सरकार बनाने की बात कही। नीतीश कुमार ने कहा कि महागठबंधन के साथ रहना अब मुश्किल हो गया था। वहीं पीएम मोदी ने भी नीतीश कुमार को फोन करके बधाई दी है। इससे पहले सीएम हाउस में नीतीश की पार्टी सांसदों और विधायकों के साथ मीटिंग हुई थी। यहां नीतीश ने अपने इस्तीफे का ऐलान किया। आज शाम को ही शपथ ग्रहण हो सकता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नीतीश कुमार को लेकर कहा है कि जा रहे हैं जाने दो, हम मिलकर लड़ते रहेंगे, हमको पहले ही इत्तला मिल गई थी, तेजस्वी से बात की थी। उन्होंने बताया था कि ये हाथ से चले जाएंगे। जो जाना चाहता है वो तो जाएगा ही, ये पहले से ही मालूम था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश समेत 6 से आठ मंत्री शपथ ले सकते हैं। बीजेपी और हम पार्टी शामिल होगी।

उस्मानिया यूनिवर्सिटी में छात्राओं का प्रदर्शन

गर्ल्स हॉस्टल में सुरक्षा की मांग की, रात को हॉस्टल के बाथरूम में शख्स घुसा था

हैदराबाद (ए.)। हैदराबाद की उस्मानिया यूनिवर्सिटी में शनिवार को छात्राओं ने प्रदर्शन किया। छात्राओं ने गर्ल्स हॉस्टल में सुरक्षा के सही बंदोबस्त नहीं होने के आरोप लगाए। छात्राओं ने दावा किया कि 26 जनवरी की रात को हॉस्टल में तीन लोग घुस आए थे, जिनमें से एक हॉस्टल की बाथरूम में छिपा था।

प्रदर्शनकारी छात्राओं ने बताया कि तीन लोग हॉस्टल की बिल्डिंग के दोनों फ्लोर पर एक साथ पहुंचे। इनमें से एक बाथरुम में छिपा था। जब एक छात्रा ने बाथरूम के वेंटीलेटर से बाहर उसके हाथ देखे तो वह घबरा गई और शोर मचाना शुरू कर दिया। छात्राओं ने ये भी बताया कि हॉस्टल के परिसर की दीवारें कम ऊंचाई की हैं। कोई भी दीवार फांदकर हॉस्टल परिसर में घुस सकता है। यहां सीसीटीवी कैमरे तक नहीं लगे हैं। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी में भी इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई और सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। इस मामले को लेकर प्रदर्शन कर रही छात्राओं से पुलिस ने बात की। इस मामले को लेकर प्रदर्शन कर रही छात्राओं से पुलिस ने बात की। आरोपी को छात्राओं ने पकड़ा, पुलिस ने हिरासत में लिया इस मामले को लेकर हैदराबाद की ष्ठष्टक्क रोहिणी प्रियदर्शनी ने जानकारी दी कि श्रीकांत मल्लेशम नाम का व्यक्ति परिसर की दीवार फांदकर पीजी गर्ल्स हॉस्टल में घुस गया था लेकिन आरोपी को छात्राओं और सुरक्षा गार्ड्स ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। छात्राओं की मांग पर ष्ठष्टक्क रोहिणी ने कहा कि हमने छात्राओं से बात कर हॉस्टल परिसर का निरीक्षण किया है। परिसर में कुछ सुरक्षा खामियां पाई जाने के बाद रजिस्ट्रार को जानकारी दी गई है।

इस मामले पर उस्मानिया यूनिवर्सिटी के वाइस चासंलर रविंदर ने कहा कि हॉस्टल और यूनिवर्सिटी में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाएं है। इस साल यूनिवर्सिटी में छात्राओं की संख्या भी बढ़ी हैं। हालांकि छात्राओं के प्रदर्शन को देखते हुए वाइस चांसलर और रजिस्ट्रार ने भी सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मशहूर पाकिस्तानी गायक ने जूतों से शागिर्द को पीटा

वीडियो वायरल होने पर मांगी माफी

नई दिल्ली (ए.)। पाकिस्तानी गायक राहत फतेह अली खान का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे एक व्यक्ति को जूते से पीटते हुए दिखाई दे रहे है। उन्होंने आज उस वायरल वीडियो को खारिज करने की कोशिश की। उन्होंने दावा है कि वह व्यक्ति उनका शागिर्द है। वीडियो में लोकप्रिय कव्वाली गायक को बोतल के बारे में पूछताछ करते हुए बार-बार मारते और थप्पड़ मारते हुए दिखाया गया है। वह शख्स गायक से विनती करते हुए कहता दिख रहा है कि उसे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। दूसरे सीन में कुछ लोग शागिर्द को बचाने के लिए सिंगर को खींचने की कोशिश करते नजर आए। राहत फतेह अली खान अपने घरेलू सहायक के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पकड़े गए। बाद में उन्होंने सफाई भी दी। नुसरत फतेह अली खान के भतीजे राहत फतेह अली खान ने बाद में स्पष्ट किया कि यह उस्ताद और उनके शागिर्द (शिक्षक और शिष्य) के बीच का व्यक्तिगत मामला था।

उन्होंने अपने कृत्य को स्पष्ट करने के लिए एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उस व्यक्ति को दिखाया गया, जिसे पीटते हुए देखा गया था। साथ ही उसके पिता को भी दिखाया गया था। वीडियो में कहा कि यह एक उस्ताद और शागिर्द के बीच एक व्यक्तिगत मुद्दा है। वह मेरे बेटे की तरह है। एक उस्ताद और उसके शागिर्द के बीच यही रिश्ता होता है। अगर कोई शागिर्द कुछ अच्छा करता है, तो मैं उस पर अपना प्यार बरसाता हूं। अगर वह कुछ गलत करता है, उसे सजा दी गई है। राहत फतेह अली खान ने कहा कि घटना के बाद उन्होंने शागिर्द से माफी भी मांगी है।

भारत में होगी राफेल के इंजन की मरमत-रखरखाव

स्कॉर्पीयन पनडुब्बी भी देश में ही बनेंगी, फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के दौरे में हुआ समझौता

दिल्ली (ए.)।फ्रंस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों 25-26 जनवरी को 2 दिन के राजकीय दौरे पर भारत आए थे। वे सीधा जयपुर एयरपोर्ट पर उतरे, जहां विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उन्हें रिसीव किया। मैक्रों ने क्करूमोदी के साथ जयपुर में रोड शो किया। दोनों नेताओं के बीच वैश्विक और द्विपक्षीय मुद्दों पर बैठक भी हुई। इस दौरान भारत-फ्रांस के बीच कई समझौते हुए। क्करूमोदी और मैक्रों ने दोनों देशों में डिफेंस इंडस्ट्रियल सेक्टर में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति जताई। साथ ही इसके लिए रोडमैप भी तैयार किया गया। दोनों नेताओं ने स्कॉर्पीन-क्लास सबमरीन और उसके पुर्जों को भारत में ही बनाने के लिए हुए समझौते का स्वागत किया। स्कॉर्पीन क्लास की कुछ 6 पनडुब्बियां भारत की नौसेना में शामिल की जानी हैं। इन्हें अब भारत में ही बनाया जाएगा। (फाइल) स्कॉर्पीन क्लास की कुछ 6 पनडुब्बियां भारत की नौसेना में शामिल की जानी हैं। इन्हें अब भारत में ही बनाया जाएगा। (फाइल) उन्होंने इस प्रोजेक्ट की प्रोग्रेस का भी मुआयना किया। साथ ही भारत में राफेल फाइटर जेट के इंजनों के लिए सेफ्रान कंपनी की तरफ से रखरखाव, मरम्मत और इसके ऑपरेशन की फेसिलिटी तैयार करने के लिए हुए समझौते का भी स्वागत किया गया। इसके अलावा सेफ्रान कंपनी ढ्ढस्न्र॥ हेलिकॉप्टर इंजन बनाने के लिए भारत की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (॥्रु) के बीच जॉइंट वेंचर करेगी। टाटा ग्रुप और फ्रांस की एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग कंपनी एयरबस के बीच भी अहम समझौता हुआ। इसके तहत दोनों कंपनी साथ मिलकर भारत में॥125 सिंगल इंजन हेलिकॉप्टर बनाएंगी। ये हेलीकाप्टर कॉमर्शियल यूज के लिए बनाए जाएंगे। टाटा ग्रुप की टाटा एडवांस सिस्टम्स लिमिटेड कंपनी (ञ्ज्रस्रु) इन हेलीकॉप्टरों के लिए असेम्बली लाइन मैनेज करेगी। ये हेलीकाप्टर गुजरात के वडोदरा में मैन्युफैक्चर किए जाएंगे।

भजन सुनने पहुंची श्रद्धालुओं की भीड़, मंच गिरा, महिला की मौत

नई दिल्ली (ए.)। देश की राजधानी दिल्ली के कालकाजी मंदिर में बीती माता जागरण के दौरान स्टेज गिरने से महिला की मौत हो गई, जबकि 17 घायल हो गए। इस जागरण में काफी संख्या मे लोगों की भीड़ सिंगर बी प्राक के भजन सुनने पहुंची थी। पुलिस ने बताया कि कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई थी। दिल्ली के कालकाजी मंदिर के महंत परिसर में बीती रात माता का जागरण कार्यक्रम था। इस दौरान वहां पर लकड़ी और लोहे के फ्रेम से मंच तैयार किया गया था। कार्यक्रम शुरू होने के बाद देर रात अचानक मंच हिलने लगा और कुछ ही सेकंड में वह टूट गया। माना जा रहा है कि मंच पर क्षमता से ज्यादा लोग बैठे थे। इससे उसका संतुलन बिगड़ गया और वह टूट गया। हालाँकि, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त कर्मचारी तैनात किए गए थे। वहां करीब 1500-1600 लोगों का जमावड़ा था। अन्य सभी घायलों की हालत स्थिर है, जबकि कुछ को फ्रैक्चर हुआ है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आयोजकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

फरीदकोट की युवती की कनाडा में मौत



फरीदकोट (ए.)। पंजाब के फरीदकोट की रहने वाली युवती की कनाडा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दो दिन तक जब परिवार से बात नहीं हुई तो फरीदकोट में रहने वाले परिवार ने कनाडा में रह रही उसकी दोस्त से संपर्क किया। जिसके बाद पुलिस को बुलाकर युवती के कमरे का दरवाजा खोला गया। युवती का शव बिस्तर पर पड़ा हुआ था। कनाडा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

बातों...बातों...में..! साप्ताहिक स्तंभ...सुकांत राजपूत

राजकुमार कॉलेज बना...

राजे-रजवाड़ों की शानो-शौकत लिए छत्तीसगढ़ का एकमात्र राजकुमार कॉलेज एक बार फिर पुराने राजाओं का अखाड़ा बन गया है। पूर्व में सॉफ्ट लोन के नाम पर संस्थान को गिरवी रखवाने की तैयारी कर दिए तत्कालीन मध्य प्रदेश के एक पूर्व कांग्रेस मंत्री को खासी मशक्कत के बाद निकाल बाहर किया गया था। काफी विवाद और कोर्ट-कचहरी से राजकुमार कॉलेज की मट्टी-पलित हुई थी। पुरखों की इसी विरासत को बट्टा लगाने वाले कई किस्से हैं। बहरहाल कॉलेज को गिरवी रखवाने के आरोपी सक्ति राजा को हटाने के लिए सरगुजा महाराज को सदस्यता देकर प्रबंधन कमेटी में लाया गया था। बता दें कि संस्थान में सरगुजा महाराज टीएस सिहंदेव की पहले सदस्यता भी नहीं थी। उनके साथ ही साथ सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी भी करीबी होने का बेजा लाभ उठाते हुए मुख्य कर्ता धर्ता बन गया और फिर इसकी तानाशाही रव्वैये के कई छोटी और लुट चुकी रियासत के वारिस बनने लगे। लेकिन सर्वाधिक संपन्न सरगुजा महाराज के मंत्री रहते भी उनका करीबी फौजी निरंकुश हो गया था। लेकिन सरगुजा की हार के बाद ओडिशा रियासत एक बार फिर संगठित हो गई है और राजकुमार कॉलेज इन दिनों रजवाड़ों का अखाड़ा बन गया है।

बीबी को प्लास्टिक कुर्सी....

किसी ने ठीक ही कहा है...उगते सूरज को सभी सलाम करते हैं। इस कहावत को चरितार्थ करता नज़ारा कांग्रेस भवन में दिखा। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रभारी कांग्रेसी दिग्गजों की राजीव भवन में बैठक थी। इसमें कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और पीसीसी चीफ दीपक बैज समेत सभी पूर्व मंत्री और विधायकों संग पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद थे। चौंकाने वाली बात यह थी कि पूरे 5 साल कांग्रेस राज में भूपेश बघेल के लिए पूरी पीसीसी अपनी कुर्सी छोड़कर खड़ी हो जाती थी। सत्ता खोने के बाद उसी बैठक में बीबी को सबसे छोटी प्लास्टिक कुर्सी बैठने को दी गई। इसके उलट बैठक में बैज, पायलट और राष्ट्रीय महिला कांग्रेस नेत्री को ही रिवाल्विंग चेयर बैठने के लिए दी गई, बाकि दिग्गजों को भी छोटी लेकिन नई कुर्सियां मिलीं। सिर्फ पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ही प्लास्टिक कुर्सी में बैठे । बातों ही बातों में एक चिड़चिड़ाए कांग्रेसी ने हमसे कहा; जब तक पार्टी में बीजेपी जैसा अनुशासन, सम्मान और वरिष्ठता की भावना नहीं आएगी हम सफर करेंगे।

वनवासी कल्याण आश्रम...

आखिरकार बीजेपी ने छत्तीसगढ़ को राज्य बनाया, बीजेपी ने ही पहला आदिवासी मुख्यमंत्री भी दिया। इसके साथ ही पार्टी ने आदिवासी मुख्यमंत्री के साथ ओबीसी उपमुख्यमंत्री देकर जातिगत समीकरण का यह लाभ लोकसभा चुनाव में फिट बैठा दिया है। ब्राम्हण को भी डिप्टी सीएम और गृहमंत्री तो एससी को भी मंत्री मंडल में स्थान देकर बाकि कोर-कसर भी पार्टी संगठन ने पूरी कर लिया है। इस जातिगत शतरंज के बीच एक पार्टी के प्रकांड ने बातों ही बातों में हमसे खुलासे-दस्त किया है ! उसका कहना है कि लोकसभा चुनाव के बाद कम बोलने वाले आदिवासी और बीजेपी मंत्रिमंडल में कभी चुप नहीं रहने वाले ओबीसी मंत्रियों के बीच मलयुद्ध तय है। इसलिए बीजेपी के आदिवासी नेता आपस में कहीं न कहीं से वनवासी कल्याण आश्रम की वजह से एक हो रहे हैं। इनकी एकजुटता में बीजेपी में रहते हुए आदिवासी नेतृत्व की पुरजोर मांग उठाने वाले और अब कांग्रेस से एक तरह से घर वापसी कर चुके नंदकुमार साय की अहम् भूमिका है। इसी तरह ओबीसी लॉबी भी अब मजबूत और संगठित हो रही है। बाकि असली सीन और इस नूरा कुश्ती का क्लाइमैक्स लॉकसभा परिणाम के बाद होगा।

जशपुर में बढ़ गए दाम...

अपने भीतर सबसे नैसर्गिक सुंदरता संजोय सूबे के दो संभाग बस्तर और जशपुर हैं। दोनों ही क्षेत्रों में जशपुर से विकास के मामले में बस्तर बहुत आगे है। ऐसे में पहली बार जशपुर से मुख्यमंत्री बनाया गया है। विष्णुदेव साय के सीएम बनते ही वर्षों से उपेक्षा का दंश झेल रहे जशपुर को कई सौ करोड़ के विकास कार्य की सौगात भी मिली है। ऐसे में कारोबारियों और भूमाफियाओं को जशपुर का आने वाला भविष्य साफ दिखने लगा है। नतीजतन साय के सीएम बनते ही जमीन की कीमत में इजाफा हुआ है। फल, फूल और प्राकृतिक सुंदरता के साथ बारहमासी झरनों वाला जशपुर अब रियल स्टेट वालों की पहली पसंद बन चुका है। वैसे भी स्थानीय लोगों की जरुरत, सुविधाओं और भौगोलिक स्थिति के बाद भी सड़क मार्ग की उपेक्षा के अलावा स्कूल-कॉलेज की सुविधा पर सीएम साय विशेष ध्यान दे रहे हैं। स्वाभाविक भी है, स्वर्गीय जोगी जी के समय उनका क्षेत्र, डॉक्टर रमन के वक्त कवर्धा-नांदगांव और भूपेश के समय पाटन के दिन बहुरे तो अब बगिया से लेकर बागीचा का नजरी-नक्शा बदलेगा ही।

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

छत्तीसगढ़ : बिजली कंपनियों ने आयोग को भेजा नया टैरिफ प्लान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में बिजली के दाम बढ़ेंगे या वही रहेंगे, यह बिजली कंपनियों के प्रस्ताव का अध्ययन करने और जन सुनवाई के बाद राज्य विद्युत नियामक आयोग तय करेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बिजली की नई दरें तय करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। तीनों प्रमुख सरकारी बिजली कंपनियों ने टैरिफ प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग को भेज दिया है। इन प्रस्तावों का अध्ययन करने के बाद आयोग उसका सार्वजनिक प्रकाशन करेगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग के सचिव एसपी शुक?ला ने बताया कि कंपनियों की तरफ से टैरिफ प्रस्ताव आयोग को प्राप्त हो गया है। नई धरों के निर्धारण की प्रक्रिया चल रही है। इधर, कंपनी के अफसरों के अनुसार टैरिफ प्रस्ताव में कंपनियों की आय-व्यय के साथ वित्तीय जरुरतों की जानकारी आयोग को भेज दी गई है। आयोग ने इस प्रस्ताव का जिस्ट मांगा है, जिसके आधार पर उसका सार्वजिनक प्रकाशन कर दावा आपत्ति आमंत्रित की जाएगी इसके बाद प्रस्तावों पर जन सुनवाई होगी।

सभी पक्षों को सुनने के बाद आयोग नई दरें तय करेगा। बदलाव की संभावना कम लोकसभा चुनाव को देखते हुए कहा जा रहा है कि इस वर्ष बिजली की दरों में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। हालांकि चर्चा यह भी है कि बिजली दरों के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू होने तक चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा हो जाएगी। ऐसे में नई दरों का ऐलान चुनाव संपन्न होने के बाद ही होगा। ऐसी स्थिति में जरुरत पड़ने पर दरें आवश्यकतानुसार बढ़ाई भी जा सकती है।

सीट बेल्ट लगाने और हेलमेट के लिए जागरूकता कार रैली

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क सुरक्षा माह 2024 के तेरहवें दिन यातायात पुलिस रायपुर द्वारा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने हेतु प्रेरित करने, सीट बेल्ट के महत्व का संदेश जन-जन तक पहुंचाने रायपुर शहर के मरीन ड्राइव में स्काई आटो मोबाइल, मारूति ड्रायविंग स्कूल की टीम व पुलिस पेट्रोलिंग वाहनों के साथ संयुक्त रूप से 50 चारपहिया वाहनों की रैली निकाली गई। सीट बेल्ट जागरूकता कार रैली को रतन लाल डांगी, पुलिस महानिरीक्षक, रायपुर रेंज रायपुर एवं स्काई आटो मोबाइल्स के सेल्स मैनेजर अनिल मिश्रा के द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार रैली शहर के मरीन ड्राइव से रवाना होकर आनंद नगर चौक-कलेक्ट्रेट चौक-शास्त्री चौक - मरहीमाता चौक-पुराना बस स्टैंड पंडरी-अवंति बाई चौक-अनुपम नगर चौक-भारत माता चौक-आनंद नगर चौक से भ्रमण करते हुए मरीन ड्राइव में समाप्त हुई। रतन लाल डांगी पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि भारत में हर साल डेढ़ लाख लोग सड़क दुर्घटना में मारे जाते हैं। दुर्घटना में किसी व्यक्ति की जान जाने से केवल एक परिवार, समाज में ही नुकसान नहीं होता है बल्कि पूरे देश का नुकसान होता है। हम उस व्यक्ति की कमीं को पूरा नहीं कर सकते जो सड़क हादसा में हमसें दूर चले गये परंतु दूसरों के साथ ऐसा न हो वे सड़क पर चलने के दौरान यातायात के छोटी-छोटी नियमों का पालन कर वाहन चलाएं इसलिए पुलिस समस्त वाहन चालकों से अपील करती है कि चारपहिया चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाएॅ, दोपहिया चलाते समय हेलमेट लगाएॅ। इसी कड़ी में लोगों को समझाने की दिशा में यह सीट बेल्ट जागरूकता कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली के दौरान सचिन्द्र कुमार चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात, गुरजीत सिंह एवं सुशांतो बनर्जी, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर, मारूति ड्राइविंग स्कूल से मैनेजर सोनल गुप्ता, परफेक्ट ड्रायविंग स्कूल, स्पर्श आटो मोबाइल की टीम के साथ यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी काफी संख्या में मौजूद थे। एसकेएस. फायनेंस कंपनी के मैनेजर दीपक मिश्रा द्वारा प्रदत्त यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करने हेतु 1 ई-रिक्शा वाहन को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे द्वारा झंडा दिखाकर रवाना किया गया । प्रचार हेतु रवाना किये गए ई-रिक्शा वाहन 15 दिनों तक शहर के विभिन्न मार्गों एवं गलियों में घुमघुमकर प्रचार प्रसार करेगी। एसकेएस फायनेंस कंपनी द्वारा प्रदाय किये गए 100 हेलमेट रतन लाल डांगी पुलिस महानिरीक्षक, सचिन्द्र चौबे अपुअ. यातायात, गुरजीत सिंह व सुशांतो बनर्जी एवं दीपक मिश्रा द्वारा दोपहिया वाहन चालक जिनमें वाहन चालक हेलमेट पहना था परंतु पीछे बैठा व्यक्ति हेलमेट नहीं पहना था ऐसे लोगों को पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट पहनने प्रोत्साहित करने हेलमेट प्रदाय किया गया। अन्य दोपहिया चालक जो हेलमेट नहीं पहने थे उसे हेलमेट पहनने की अपील की गयी । हेलमेट के महत्व को बताया गया।

24 में जीत की तैयारी

लोकसभा चुनाव में कई चेहरों पर दांव लगाएगी कांग्रेस

■ भूपेश बघेल के चुनाव लड़ने पर कांग्रेस प्रभारी पायलट ने कह दी ये बात

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद स्क्रीनिंग कमेटी की प्रमुख रजनी पाटिल और प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का का बड़ा बयान सामने आया है. रजनी पाटिल ने साफ कर दिया है कि, लोकसभा चुनाव में नए और अनुभवी चेहरे पर पार्टी दांव खेलेगी. सबसे ज़्यादा जीतने वाले चेहरे पर हमारी प्राथमिकता रहेगी. साथ ही सचिन पायलट ने भूपेश बघेल के लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर भी साफकर दिया है.

बैठक को लेकर रजनी पाटिल ने बताया कि, सभी लोकसभा क्षेत्रों के नेता और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की. कल प्रदेश चुनाव समिति की बैठक होगी. सभी ने अपनी-अपनी बात सामने रखी है. सभी के मन की बात जानना जरूरी था. लगा नहीं था कि चुनाव में हार होगी, इसलिए सुनना जरूरी था. वहीं सचिन पायलट ने बैठक को लेकर अपनी बात रखते हुए कहा, प्रमुख नेताओं से खुले माहौल में चर्चा की है. यह चुनाव जीतना बहुत जरूरी है. वोट प्रतिशत हमारा बराबर रहा है. नए और अनुभवी चहरों पर पार्टी दांव खेलेगी. वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनाव लड़ने को लेकर पायलट ने कहा, इसका निर्णय सीईसी लेगा. सबसे बेहतर और सबसे टिकाऊ प्रत्याशी निकल कर आएं. चुनाव हम जीतने के लिए लड़ रहे हैं और चुनाव में हार जीत चलती रहती है.

छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक बढ़ेगा तापमान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम बदलने वाला है। प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड से राहत मिलने वाली है। मौसम विभाग ने बताया कि प्रदेश के न्यूनतम तापमान में अब धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि सुबह कोहरा छाया रहेगा, लेकिन धूप खिलने के बाद मौसम साफ हो जाएगा। हालांकि सरगुजा संभाग के कुछ क्षेत्रों में शीतलहर चलेगी। प्रदेश में फिलहाल न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। शनिवार सुबह रायपुर में अच्छी धूप लिखी। इससे लोगों को ठंड से काफी राहत मिली। रायपुर में आज मौसम साफ रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अब दिन गर्म होगा और रात ठंडी होगी। प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा।

बलरामपुर में 5 डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान

प्रदेश भर में शुक्रवार को बलरामपुर सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 5.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ ही पेंड्रारोड में न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री और अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज कियागया। दोनों ही क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री कम रहा। रायपुर में न्यूनतम तापमान 14.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य रहा।

ईओडब्ल्यू में एफआईआर भाजपा का राजनैतिक षड़यंत्र : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो द्वारा ईडी के आवेदन पर तथाकथित शराब और कोल घोटाले में किया गया एफआईआर भाजपा का राजनैतिक षड़यंत्र है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब इन दोनों ही मामलों की पिछले तीन वर्षो से ईडी जांच कर रही थी फिर इस मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा एफआईआर दर्ज करने की आवश्यकता क्यों पड़ी? इन दोनों ही एफआईआर में 105 लोगों के नाम शामिल हैं। उसके बाद एफआईआर में यह लिखना ''एवं कांग्रेस के पदाधिकारीगण'' इस बात का प्रमाण है यह एफआईआर कांग्रेस को बदनाम करने की साजिश है तथा कांग्रेस नेताओं की छवि खराब करने की सोची समझी साजिश है। कुछ लोगों के नाम एफआईआर में शामिल करने के बाद पूरी पार्टी को कटघरे में खड़ा किए जाने का प्रयास भाजपा सरकार की हताशा है और फांसीवादी चरित्र है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि झूठे वादों और ईवीएम के सहारे सरकार में आई भाजपा कांग्रेस का राजनैतिक रूप से मुकाबला नहीं कर पा रही इसलिये पार्टी के सभी पदाधिकारियों पर दबाव डालने की कोशिश की जा रही है। भाजपा भुलावे में है कि इस प्रकार के फर्जी एफआईआर से पार्टी के कार्यकर्ताओं को डरा लेगी, कांग्रेस का कार्यकर्ता भाजपा के इन हथकंडों से डरने वाला नहीं है।

रायपुर में खुलेगा छत्तीसगढ़ का पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश का पहला आयुर्वेद विश्वविद्यालय राजधानी रायपुर में खुलेगा। राज्य के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को श्री नारायण प्रसाद अवस्थी शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में 2 दिवसीय आयुर्वेद एलुमनी मीट ''स्वर्ण कुंभ'' का शुभारंभ करते हुए यह घोषणा की। इस मौके पर उन्होंने कॉलेज से पढ़कर निकले और देश-विदेश में सेवाएं दे रहे, ऐसे पुराने डॉक्टर्स को सम्मानित भी किया।

आयुर्वेद एलुमनी मीट 'स्वर्ण कुंभ' का शुभारंभ

शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि आयुर्वेद हमारे जीवन पद्धति का एक अंग है। हमारे घरों का रसोईघर अपने आप में एक आयुर्वेदिक औषधि केंद्र है। एक जानकर व्यक्ति इनका सही प्रयोग करके निरोगी काया पा सकता है। उन्होंने कहा कि, आयुर्वेद आदिकाल से है। जब लंका में श्री लक्ष्मण जी मूर्छित हुए थे तब भी वैद्यराज सुषेण ने आयुर्वेद के जरिए उनकी जान बचाई थी उस वक्त एलोपैथ का नामोनिशान नहीं था। लेकिन अंग्रेजों के समय से भारतीय चिकित्सा प्रणाली को हाशिए पर ला दिया गया था। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर आयुर्वेद और आयुष को बढ़ावा दिया जिसके बाद आज पूरी दुनिया में आयुर्वेद को अलग पहचान मिली। कोरोना काल में आयुर्वेदिक काढ़े और दवाईयों ने लाखों लोगों की जान बचाई। लोगों में आयुर्वेद के प्रति जागरूकता लाने का भी सुझाव श्री अग्रवाल ने दिया। शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि कार्यक्रम में पुराने दोस्तों से मिलकर सभी लोगों को अपने छात्र जीवन के दिन की यादें ताजा करने का अवसर मिला होगा। ऐसे लोगों से भी मुलाकात हुई होगी, जिन्होंने आयुर्वेद को एलोपैथी के बराबर का दर्जा दिलाने के लिए बहुत संघर्ष किया था।

उत्तराखंड की शेरनी, छत्तीसगढ़ की बेटी राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित

■ एसएसपी श्वेता चौबे को राष्ट्रपति सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। हालही में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में कार्यरत शासकीय कर्मचारियों को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए पुरस्कृत करने हेतु चयनित अधिकारियों की सूची जारी की गई है जिसमें छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी विजय शंकर चौबे की बेटी श्वेता चौबे का भी नाम शामिल है फिलहाल श्वेता उत्तराखंड के पौड़ी जिले में बतौर एसएसपी पदस्थ हैं और उनका नाम सराहनीय पुलिस सेवा के दृष्टिकोण से राष्ट्रपति मेडल के लिए चयनित हुआ है। श्वेता चौबे को उनकी पुलिसिंग के लिए पूरे उत्तराखंड में उत्तराखंड की शेरनी के नाम से जाना जाता है और उनके पिता श्री विजय शंकर चौबे को यह पुरस्कार सन 1987 में दुर्ग में पदस्थ रहते हुए मिला था इसके बाद वे सन 2000 में विशिष्ट पुलिसिंग सेवा के लिए भी राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजे गए थे बता दें कि श्वेता चौबे का पूरा बचपन छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में ही बीता है और उनका दादिहाल सारंगढ़ है। श्वेता ने सन 2005 में बतौर डीएसपी राज्य पुलिस सेवा में अपने करियर की शुरुआत की थी और अपने दबंग अंदाज के चलते उन्हें धीरे-धीरे पूरे उत्तराखंड में उत्तराखंड की शेरनी के नाम से जाना जाने लगा सन 2019 में उन्हें आईपीएस अवार्ड हुआ और वे देहरादून में बतौर एसपी पदस्थ हुई, कोरोना काल में बतौर एसपी सिटी उनके कार्यकाल की हर किसी ने सराहना की। इसके अलावा 2021 के महाकुंभ के दौरान उन्होंने जिस तरह से कार्य किया वह किसी से छिपा नहीं है। एसआइटी में रहते हुए उन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले का भंडाफोड़ किया तो विजिलेंस में रहते हुए बड़े-बड़े भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने का काम किया।

पिता के पदचिन्हों पर लगातार चल रही है

मीडिया से बातचीत में श्वेता चौबे ने बताया कि उनके पिता जी श्री विजय शंकर चौबे को बचपन से ही उन्होंने पुलिस में सेवा देते हुए देखा है जिसके चलते वे भी बचपन से ही एक बड़ी पुलिस अधिकारी बनना चाहती थी और उनका यह सपना तब पूरा हुआ जब वे उत्तराखंड राज्य पुलिस सेवा में बतौर डीएसपी पदस्त हुईं। श्वेता ने बताया कि इस पुरस्कार के मिलने से वे बहुत खुश हैं लेकिन उससे भी ज्यादा खुशी उन्हें इस बात की है कि वे अपने पिता के पदचिन्हों पर आगे बढ़ रहीं है।

सहयोग क्लब का रक्तदान अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष पर सहयोग एक सलाहकार संघ द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनजाईटी) रायपुर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और मेकाहारा अस्पताल के सहकार्यता के साथ आयोजित किया गया। इस शिविर की आयोजित कराने का मुख्य कारण खून की कमी से स्वास्थ्य सुविधा में सुधार लाना था। डॉ एन वी रमन्ना हार, डायरेक्टर, एनआईटी रायपुर ने एक प्रभावशाली और प्रेरणादायक भाषण द्वारा कार्यक्रम की शुरुवात की जिसमे उन्होने वि?द्यार्थियो एवं जनता को देश की उन्नति के लिए निडर होकर रक्तदान करने की सलाह दी। डौन स्टूडेंट बेलफेयर डॉ. नितिन जैन, क्लब प्रभारी डॉ. रवि के. जैड सर और सेवानिवृत्त भारतीय नौसेना अधिकारी बी आर. के. साहू सहित प्रतिष्ठित संकाय सदस्य और सम्मानित व्यक्तित्व उपस्थित थे।

धरम लाल कौशिक ने सुनी मन की बात

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा के ग्राम झलफा बूथ क्रमांक 184/185 में मन की बात सुनी।

रोजगार दो न्याय दो के अभियान की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा आज रायपुर स्थित प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में,ढ्रष्ठष्ट के राष्ट्रीय सचिव एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी श्री कृष्णा अल्लावारू द्वारा रोजगार दो न्याय दो दो अभियान की शुरुआत की गई इस अभियान के तहत युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदेश के युवाओं को पिछले 10 वर्ष में जो नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा दो करोड़ लोगों को प्रति वर्ष रोजगार देने का वादा किया था जिसमें मोदी सरकार विफल रही इसको लेकर रोजगार दो न्याय दो के अभियान को छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर तक ले जाने का प्रयास करेगी और युवाओं को जो रोजगार नहीं मिला है उसके बारे में अवगत कराएगी।। प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय प्रभारी युवा कांग्रेस कृष्णा अल्लावारू ने कहा की रोजगार दो न्याय दो यह अभियान युवा कांग्रेस राष्ट्रीय वापी तौर पर कर रही है इस अभियान को पूरे देश में किया जा रहा है इस अभियान की शुरुआत आज छत्तीसगढ़ के रायपुर शहर से प्रेस वार्ता के माध्यम से हम इसका विमोचन कर रहे हैं इस अभियान के तहत युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता डोर टू डोर अभियान जाकर युवाओं को जो रोजगार केंद्र की सरकार से नहीं मिला उसको लेकर ऑनलाइन मध्य एवं ऑफलाइन मध्य दोनों ही तरीके से रोजगार दो न्याय दो के अभियान को युवाओं तक पहुंचाने का प्रयास करेगी यह बस घर तक ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि कॉलेज में जाकर कोचिंग सेंटरों में जाकर यूथ कांग्रेस फॉर्म भरने का कार्य करेगी एवं जिन्हें रोजगार नहीं मिला है उन तक युवा कांग्रेस पहुंचेगी।

संपादकीय

आईएनडीआईए को लगा तगड़ा झटका

बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिश कुमान ने आखिरकार एक बार फिर पलटी मार ही ली। इसी के साथ बिहार में जदयू, राजद, कांग्रेस और कम्प्यूनिष्ट पार्टी की महागठबंधन वाली सरकार सिर्फ 18 माह में औंधे मुंह गिर गई। बिहार में महागठबंधन को तो झटका लगा ही लेकिन आईएनडीआईए को करारा झटका लगा है। इस गठबंधन को आकार देने में नीतिश कुमार ने सबसे बड़ी भूमिका निभाई थी। भाजपा विरोधी बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट करने के लिए नीतिश कुमार ने बड़ी मुहिम चलाई थी। नीतिश कुमार के कयासों से ही कांग्रेस के साथ उनके मुखर विरोधी अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी सहित अन्य सभी विपक्षी दलों के नेता एक छतरी के नीचे आने के लिए सहमत हुए थे। आईएनडीआईए की पहली बैठक भी नीतिश कुमार ने ही आहुत की थी और पटना में हुई पहली बैठक के बाद आईएनडीआईए ने एकजुट होकर भाजपा को कड़ी चुनौती देने का निर्णय लिया था। नीतिश कुमार को उम्मीद थी कि उन्हें इस नए गठबंधन का संयोजक बनाया जाएगा और विपक्ष की ओर से उन्हें प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनाया जाएगा। किन्तु ऐसा नहीं हो पाया। नीतिश कुमार की जगह ममता बनर्जी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे का नाम संयोजक पद के लिए प्रस्तावित कर दिया था। जिसका नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने समर्थन किया था। हालांकि मल्लिकाअर्जुन खरगे ने संयोजक पद पर अपने चयन के लिए सहमति नहीं दी थी लेकिन उनके नाम का प्रस्ताव आने से नीतिश कुमार निराश हो गए थे। इसके बाद उनकी नाराजगी को दूर करने के लिए आईएनडीआईए की अगली बैठक में संयोजक पद के लिए नीतिश कुमार के नाम का प्रस्ताव जरूर आया लेकिन उनके साथ ही मल्लिकाअर्जुन खरगे को चेयरपर्सन बनाने का भी प्रस्ताव आ गया। इसके बाद नीतिश कुमार का मन खट्टा हो गया और उसी समय से यह कयास लगाए जा रहे थे कि नीतिश कुमार एक बार फिर पाला बदलेंगे। यद्यापि नीतिश कुमार को मनाने की बहुत कोशिशें की गई लेकिन नीतिश कुमार ने एनडीए का ही हिस्सा बनना उचित समझा। अब नीतिश कुमार भाजपा और हम पार्टी के साथ फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। इससे बिहार की राजनीति में बदलाव आना तय है। राष्ट्रीय जनता दल अब सत्ता से बाहर हो गया है। ऐसे में अब राजद कांग्रेस और कम्यूनिष्ट पार्टी बिहार में फिर से विपक्ष की भूमिका में आ जाएगी। जहां तक नीतिश कुमार के पाला बदलने से राष्ट्रीय राजनीति का प्रश्न है तो निश्चित रूप से आईएनडीआईए में अब टूट का खतरा मंडराने लगा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पहले ही कांग्रेस से दूरी बना ली है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल में तृणमुल कांग्रेस अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। इसका मतलब साफ है कि बंगाल में आईएनडीआईए टूट चुका है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भी घोषणा कर दी है कि आम आदमी पार्टी पंजाब की सभी लोकसभा सीटें लड़ेगी। जाहिर है कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच भी तलवारे खींच गई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस को समाज वादी पार्टी को भी पिछलगु बनकर रहना पड़ेगा। समाजवादी पार्टी जितनी भी सीटें देंगी उनको कबुल करना होगा। वरना समाजवादी पार्टी भी आईएनडीआईए के अलग हो सकती है। वैसे भी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कांग्रेस से नाराज चल रहे थे। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी को एक भी सीट नहीं दी थी उलटे कमलनाथ ने व्यंग कसा था कि ये कौन अखिलेश वखिलेश है। उसी समय से अखिलेश यादव कांग्रेस को सबक सिखाने का मन बनाए बैठे है। कुल मिलाकर लोकसभा चुनाव आते तक आईएनडीआईए की गांठे और खुल सकती है और यह भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के लिए जीत का मार्ग और ज्यादा प्रशस्त करेगा। कोई बड़ी बात नहीं है कि आईएनडीआईए के कमजोर पड़ने पर एनडीए इस बार अपने दावें के अनुसार 400 से ज्यादा सीटों का आंकड़ा पार करने में सफल हो जाए।

बजट का बेसब्री से इंतजार

प्रेम शर्मा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी 2024 को संसद में अंतरिम बजट 2022 पेश करेंगी। इस अंतरिम बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बाजार में विकास को बढ़ावा देने वाले कई पहलुओं पर दांव लगा सकती हैं। निवेशकों और बाजार पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि अंतरिम बजट में वित्तमंत्री की ओर से होने वाली घोषणाओं से आगामी वित्त वर्ष के लिए सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में बहुत हद तक जानकारी मिलेगी। हालांकि बाजार के जानकारों का मानना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपने छठे बाजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं करेंगी, क्योंकि यह अंतरिम बजट है। आने वाला बजट वोट ऑन अकाउंट होगा, लेकिन ये चुनाव से पहले आ रहा है इसलिए सरकार पूरी कोशिश करेगी कि समाज के ज्यादा से ज्यादा वर्गों तक लाभ पहुंचे. सरकार के चार-पांच चीजों पर ध्यान देने की संभावना है जिसका संकेत प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले दे चुके हैं. युवा से संबंधित घोषणा की ज्यादा संभावना है, भारत में लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम है, इसलिए युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा या कुछ न कुछ सुनने को मिल सकता है। भारत में लगभग 23 प्रतिशत महिलाएं देश की आर्थिक गतिविधियों में योगदान देती हैं, तो महिलाओं को आगे लाने का कदम उठाया जा सकता है फिर वो आमदनी, महिला रोजगार या किसी अन्य विषय की घोषणा कर सकती है। क्योकि यह बजट केन्द्र सरकार के कार्यकाल को पूरा कर नई शुरूआत वाला बजट होगा इसलिए इसका आम से लेकर खास सभी संवर्ग को बेसब्री से इंतजार है। केंद्रीय बजट 2024 में वित्तीय वर्ष के लिए सरकारी व्यय और अनुमानित प्राप्तियों का विवरण शामिल होगा। बजट आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आवंटित किया जाता है, जो 1 अप्रैल से अगले वर्ष 31 मार्च तक चलता है।चूंकि लोकसभा चुनाव आने वाले साल की शुरुआत में होने वाले हैं, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अब कोई बड़ी घोषणा नहीं करेंगी, जबकि वह 1 फरवरी को केंद्रीय बजट 2024 पेश करेंगी। आम चुनावों और नए प्रशासन की यथास्थिति के बाद, पूरा बजट खोजा जा सका। खर्च, राजस्व, वित्तीय घाटा, वित्तीय वर्ष का समग्र प्रदर्शन और आधुनिक प्रबंधन के बाद के वित्तीय वर्ष की अपेक्षाओं के अनुमान आम तौर पर एक विशिष्ट बजट में संरक्षित होते हैं। हालाँकि, इसमें कोई भी अच्छे आकार की नीतिगत घोषणाएँ शामिल नहीं हो सकतीं।

बहरहाल चुनाव से पूर्व इस बजट में सात प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का भी जिक्र किया गया है। सतत विकास, वित्तीय क्षेत्र, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, युवा शक्ति, अंतिम मील तक पहुंच और समावेशी विकास शामिल किया गया है।केंद्रीय बजट को लेकर सभी भारतीय नागरिक उत्साहित हैं क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि आगामी बजट में उनके लिए लाभकारी योजनाएं, पुरस्कार कार्यक्रम और प्राथमिकताएं शामिल होंगी। अनुमान है कि इस नए केंद्रीय बजट 2024-2025 में 2023 के बजट की तरह ही टैक्स स्लैब 5 हो सकता है। उम्मीद है कि वित्त मंत्री टैक्स सीमा छूट को 3.5 लाख तक बढ़ा सकते हैं। उम्मीद है कि सभी लोगों को इसके लिए रुपये चुकाने होंगे। वे सभी लोग जिन्होंने रु. 3.5 लाख से 6.5 लाख तक के लोगों को वित्तीय वर्ष के लिए अपनी कुल कर योग्य आय का 5 प्रतिशत कर देना होगा। वह व्यक्ति जिसने वित्तीय वर्ष में 7 लाख से 9.5 लाख तक की कमाई करने वालों को उस वित्तीय वर्ष की कुल कर योग्य कमाई पर 10 प्रतिशत टैक्स देना पड़ता है, और जिन लोगों ने रुपये कमाए हैं। 9.5 लाख से 13 लाख तक 15 प्रतिशत का भुगतान करना होगा, सभी लोगों ने 13 लाख से 20 प्रतिशत का भुगतान करने के लिए 16 लाख रुपये, और 16 लाख और उससे अधिक को वित्तीय वर्ष की कुल आय पर 30 प्रतिशत टैक्स देना होगा। आगामी बजट को लेकर आम लोगों को उम्मीद है कि इस बार उन्हें सरकार की तरफ से थोड़ी राहत दी जाएगी। चूंकि यह बजट चुनावों से पहले आने वाला बजट है ऐसे में सरकार के लिए भी यह बजट काफी महत्वपूर्ण होने वाला है। चुनावी साल होने के कारण सरकार द्वारा अपने वोट बैंक को भुनाने के लिए आम बजट में लोगों को खुश को लेकर ऐलान किए जाने की उम्मीद की जा रही है।

नौकरीपेशा यानी सैलरी क्लास से लेकर, महिलाएं, किसान, टैक्सपेयर्स और युवावर्ग तक के लोग इस बार के बजट में सरकार से राहत की उम्मीद कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जब बजट 2024 पेश करेंगी तो उनके लिए कोई खास ऐलान किया जा सकता है। आम बजट 2024 से सबसे ज्यादा देश के टैक्सपेयर्स को उम्मीदें है. टैक्स के बोझ तले दबे लोगों को पिछले कई सालों से टैक्स के मोर्चे पर बदलाव की उम्मीद है। इसके अलावा देश के गरीब वर्ग के लोगों, किसानों को ये उम्मीद है कि उन्हें बजट में महंगाई को मोर्चे पर राहत दी जाएगी।सरकार की ओर से अभी तक कुछ भी साफनहीं किया गया है कि इसबार के बजट में क्या-क्या ऐलान हो सकता है. हालांकि, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले मोदी सरकार के आगामी बजट 2024 में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी. इस बात पर जोर दिया है कि सरकार की नीतियां युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों के कल्याण को प्राथमिकता देंगी। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के बारे में काफी फोकस रखा गया है। ऐसे में लोगों की नजर इन सभी वर्गों के लिए होने वाले फैसलों पर रहेगी। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अंतरिम बजट में धार्मिक पर्यटन को लेकर होने वाले ऐलानों पर सभी की नजर रहेगी। यही नही दक्षिण भारत के मतदाताओं को लुभाने के लिए अंतरिम बजट में क्या होने वाला है। इस पर लोगों की खास नजर रहेगी। उम्मीद जताई जा रही है कि निर्मला सीतारमण के छठवें बजट में पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए खाका खींचा जा सकता है।

ऐतिहासिक भगवान "श्री रामलला विग्रह" प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम!

सिर्फ मोदी को ही "नरेटिव फिक्स" करना आता है

राजीव खंडेलवाल

7. जनवरी के महीने में 26 जनवरी व 30 जनवरी के राष्ट्रीय दिवसों के साथ एक और नया राष्ट्रीय दिवस "काल चक्र" 22 जनवरी को भविष्य में मनाने का नरेटिव भी तैयार कर लिया गया है।

8. शिवराज सिंह चौहान और राहुल गांधी दोनों एक ही दिन अर्थात 22 जनवरी को; शिवराज सिंह ओरछा जाते हुए ट्रेन में और राहुल गांधी असम के मंदिर में प्रवेश देने से इनकार करने पर वहीं सामने बाहर बैठकर गीत गा रहे थे रघुपति राघव राजा राम ! मोदी का यह नरेटिव तो बिल्कुल ही नया व छप्पर फाड़ देने वाला था। "ढंग से करो तो गैंडे को भी गुदगुदी होती है"।

9. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बिहार की राजनीति का नरेटिव तय करने वाला नवीनतम निर्णय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का निर्णय है। "मास्टर ऑफमास्टर" नरेन्द्र मोदी के इस मास्टर स्ट्रोक निर्णय ने एक झटके में ही नीतीश कुमार की अति पिछड़े वर्ग व जातीय जनगणना की राजनीति को आगामी 4 महीनों के भीतर होने वाले लोकसभा चुनाव में "बोथल कर धराशायी" कर दिया है।

अंत में "आस्था और धर्म" के सहारे जिस राजनीति को "साधना" शुरू किया गया, उसी "राजनीति" ने आस्था और धर्म को साधना शुरू कर दिया! मोदी है तो मुमकिन हैं, क्या अभी भी कोई शक की गुंजाइश है?

देश के ही नहीं बल्कि विश्व के इतिहास में 22 जनवरी ऐतिहासिक रूप से अमिट रूप से लिख दिया गया है, जो भविष्य में एक नए "काल चक्र" के रूप में राष्ट्रीय दिवस मनाया जाएगा, इसमें किसी को भी संदेह होना नहीं चाहिए। इस अभूतपूर्व सफलता के लिए यदि किसी एक व्यक्ति को ही श्रेय दिया जाना हो तो, निसंदेह, बेशक वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही है, जिनकी कार्य योजना को पढ़ना, समझना, समयपूर्व आकलन, महसूस करना एक सामान्य व्यक्ति के लिए ही नहीं, बल्कि विशिष्ट व्यक्तियों के लिए भी एक बमुश्किल कार्य होता है। धरातल पर कार्य योजना उतरने के बाद ही लोग उन योजनाओं से रूबरू होते हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में बिना किसी संदेह के इस बात को भी प्रतिष्ठित और सिद्ध कर दिया है कि "नरेटिव एवं परसेप्शन" अर्थात राजनीति की "दिशा", "दशा" और "धारणा" "अवधारणा" तय करने में विपरीत परिस्थितियों में भी नरेन्द्र मोदी का कोई मुकाबला ही नहीं है। कैसे! आइये! आगे इसे देखते- समझते हैं।

"धर्म' को देश के 'विकास' से जोड़ने का यह अब तक का सबसे बड़ा पहला सफल प्रयास है, जो देश की जीडीपी की बढ़ोतरी में महत्वपूर्ण योगदान देगा, ऐसा आकलन आर्थिक पंडितों द्वारा किया जा रहा है। यह तथ्य इस बात से भी सिद्ध होता है कि इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर लगभग सवा लाख करोड़ रू. का व्यापार हुआ। "जहां सुमति तहँ संपति नाना"। लगभग तीस हजार (30000) करोड़ से अधिक का निवेश होने की संभावनाएं भी बतलाई जा रही हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पश्चात भगवान श्री रामलला व भव्य व अभिभूत कर देने वाले भगवान श्री राम मंदिर के दर्शन के लिए भारी भरकम रिकार्ड तोड़ भीड़ उमड़ कर आ रही है, विशालतम स्तर पर देश में भंडारे हुए। इन सब बातों से भी उक्त बातें सिद्ध होती दिखती है।

अधिकतर निमंत्रित विपक्षी नेताओं के तथाकथित "कारण सहित" न आने पर उन्हें भगवान श्री राम का विरोधी तक सफलतापूर्वक ठहरा दिया गया, जबकि अनेक निमंत्रित केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के "अकारण" (कोई कारण बताये बिना) न आने का कोई संज्ञान मीडिया अथवा विपक्षी पार्टियों द्वारा गंभीर रूप से नहीं लिया गया। अर्थात उन्हें भगवान श्री राम विरोधी नहीं कहा गया, जो एक विपरीत नरेटिव बन सकता था। जबकि 48 घंटे के पूर्व तक अधिकतरों के आने का सुनिश्चित कार्यक्रम था। इस प्रकार इस मुद्दे पर भी मोदी अपने विपक्षों पर भारी पड़ गए और अपना नरेटिव व परसेप्शन बनाने में सफल रहे।

22 जनवरी को मंदिर पूर्ण निर्मित न होने के कारण, सही मुहुर्त न होने से भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का गलत ठहराकर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महत्वपूर्ण निमंत्रित नेताओं के व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति नहीं हुए। उनमें से अधिकतरों ने उसी दिन 22 जनवरी को देश के विभिन्न मंदिरों में जाकर पूजा अर्चना कर अपनी फोटो शेयर की व ट्वीट किया। इस प्रकार "अनजाने" में ही अथवा "धार्मिक वातावरण के बने दबाव" के चलते उन्होंने जनता को यह दिखाना उचित समझा कि उन्होंने भी इस अवसर पर ईश्वर पूजा की है व वे राम भगवान भक्त है। लेकिन "चना कूदे तो कितना कूदे, ज्यादा से ज्यादा कड़ाही से बाहर"। नरेन्द्र मोदी की "नरेटिव फिक्स" व परसेप्शन बनाने की इसी कला के चलते अनजाने में ही सही, विपक्षी नेतागण अपने अधैर्य के कारण उसमें फंसते चले गये। "चबा कर खाते तो हलक़ में नहीं फंसता"। विपक्षी नेताओं की दुविधा, अनिर्णय व असमंजस की स्थिति होने के कारण मोदी की यह कारगर नीति उक्त नरेटिव फिक्स करने में सफल रही।

लगभग 500 से अधिक वर्षों से जो आंदोलन चल रहा था, वह राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण का था। वर्ष 1949 में जब पहली बार मूर्तियां रखी गई अथवा प्रकट हुई, तब से वहां पूजा प्रारंभ हुई। इसके पूर्व रामलला का "विग्रह" स्थापित था अथवा नहीं, इसका इतिहास ज्ञात नहीं है। वर्ष 1949 के बाद जब 6 दिसम्बर 1992 को ढांचा तोड़ा गया, तब वहां स्थापित मूर्ति हट गई और तुरंत अयोध्या के राजा के घर से रामलला की मूर्ति लाकर रखी गई, ऐसा 4 गोली खाये अयोध्या निवासी कारसेवक संतोष दुबे ने दावा किया। तब से उसी रामलला की ही पूजा की जाती रही है। लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा से प्रारंभ राम जन्मभूमि निर्माण आंदोलन से लेकर भव्य मंदिर निर्माण तक किसी की भी यह मांग कभी भी नहीं रही कि "नई रामलला का विग्रह" स्थापित किया जाकर उसकी प्राण प्रतिष्ठा की जाए। परंतु नई "रामलला की विग्रह" स्थापित कर उनकी प्राण प्रतिष्ठा की गई। आंदोलन जहां रामलला स्थापित थी जो भगवान श्री राम का जन्म स्थल माना जाता है, पर भव्य श्री राम मंदिर निर्माण का था, न कि नई रामलला की विग्रह की स्थापना कर उसकी प्राण प्रतिष्ठा का। इस "परसेप्शन और नरेशन" को जिसे मोदी ने "स्थापित" किया को "विस्थापित" करने में विपक्ष पूर्णतः असफल रहा। इसी को कहते हैं, "जबरा मारे और रोने भी न दे"।

भगवान श्री राम की "काले पत्थर" की विग्रह स्थापित की गई, जो कि सामान्यतः दक्षिण में ही काले पत्थर के विग्रह भगवान के रूप में स्थापित होते हैं। जबकि देश में भगवान श्री राम की अधिकतम विग्रह सफेद पत्थर के स्थापित है। स्वयं राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने भगवान श्री राम की तीन मूर्तियां बनाने के आदेश दिए थे, जिसमें से दो मूर्तियां सफेद पत्थरों की संगमरमर की बनकर आयी। काले पत्थर का विग्रह चुनने का कोई कारण नहीं बतलाया गया है। इस नए नरेटिव पर तो शायद किसी का भी ध्यान ही नहीं गया।

"विध्वंस" कार्य हमेशा "नकारात्मक" होता है। इसी कारण से वर्ष 1992 में "ढांचे" के विध्वंस किये जाने के पश्चात चार हिन्दी राज्यों उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश की विधानसभा को भंग कर हुए नये चुनावों में भाजपा हार गई थी (तब मोदी नहीं थे) जिसमें उत्तर प्रदेश भी शामिल था, जहां धार्मिक उन्माद सर्वोपरि होकर ढांचा तोड़ा गया था। जबकि निर्माण हमेशा "सकारात्मक" भाव लिये होता है। शायद इसलिए भगवान श्री राम मंदिर निर्माण से वर्ष 2024 में भाजपा का आकड़ा लोकसभा में आकड़ा 400 पार करने का अनुमान राजनीतिक पंडितों का है। 1992 में मोदी नहीं थे, 2024 में मोदी है। यही नरेटिव है।

(लेखक वरिष्ठ कर सलाहकार एवं पूर्व सुधार न्यास अध्यक्ष है)

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1597 - महाराणा प्रताप का जन्म। 1780 - भारत का पहला अंग्रेजी अखबार 'हिक्की गजट' या 'बंगाल गजट' प्रकाशित हुआ।1916 - 'प्रथम विश्व युद्ध' में फ्रांस पर जर्मनी ने पहली बार हमला किया। 1939 - रामकृष्ण मिशन संस्कृति संस्थान की स्थापना हुई थी। 1949 - ब्रिटेन ने इज़रायल को मान्यता दी थी। 1966 - अमेरिका के उत्तर- पूर्वी भाग में बर्फीले तूफान से 165 लोगों की मौत हुई थी। 1970 - प्रसिद्ध निशानेबाज एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का जन्म हुआ था। 1976 - सोवियत संघ और अंगोला राजनीतिक समझौते के लिए सहमत हुए थे। 1978 - वायुमंडल की ओजोन परत पर होने वाले दुष्प्रभाव के कारण एयरोसोल स्प्रे को प्रतिबंधित करने वाला स्वीडन पहला देश बना। 1979 - भारत की पहली जंबो ट्रेन 'दो इंजन वाली' तमिलनाडु एक्सप्रेस को नयी दिल्ली स्टेशन से झंडी दिखाकर चेन्नई के लिए रवाना किया गया। 1988 - यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान बोइंग 747 एसपी ने 36 घंटे 54 मिनट 15 सेकेंड में विश्व का चक्कर लगाया।

QUIZ TIME

1) रंगानदी परियोजना कहाँ स्थित है?

2) कोलकाता से दिल्ली राजधानी स्थानांतरण के समय भारत का वायसराय कौन था?

3) भूमध्यरेखीय त्रिज्या की लम्बाई कितनी है?

4) किस भारतीय कंपनी को अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक से जेनेरिक दवाओं के लिए मंजूरी मिली है?

5) हाल ही में कौन हिंदू महिला पाकिस्तान में आम चुनाव लड़ी है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अरुणाचल प्रदेश (2) लार्ड हार्डिंग (3) 6378 कि.मी. (4) जायडस (5) डॉ. सवेरा प्रकाश

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -317

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

ऊपर से नीचे

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 316 का हल

ज	द्दो	जे	ह	द		स	पू	त
ल		ब	ल	वा	न			द
म	ह	क		खा	म	खां		बी
ग्न		त	ल	ना		स	फ	र
	म	रा				ना	टा	
	हि		स				फ	न
	ला	ज	वा	ब		म	ट	र
मां		ग		सं	त	ति		भ
	मा	त	ह	त			प	क्षी

आज का पंचांग

सूर्योदय:07:18, सूर्यास्त: 06:010, चन्द्रोदय: 20:12, चन्द्रास्त:08:50, अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु: शिशिर, शक सम्वत: 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत: 2080 (पिंगल), मास माघ, पक्ष कृष्ण, तिथि चतुर्थी, नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनी, योग शोभन, प्रथम करण वणिज (16:51 तक), द्वितीय करण विष्टि (30:10 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य मकर, चंद्र सिंह, मंगल धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध धनु (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र धनु (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु मीन, केतु कन्या।

शुभ यात्रा दिशा

पूर्व-उत्तर (पान का सेवन कर यात्रा करें)। विधा एवं अक्षर आरम्भ प्रात: 08:35 से दोपहर 12:40 तक आदि।

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण: आज जन्मे शिशुओ का नाम पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण अनुसार क्रमश: (मो, टा, टी) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज आप अपनी बुद्धि विवेक का कुछ अधिक प्रयोग करेंगे सही दिशा में जा रहे।

वृष-आज के दिन परिवार में आर्थिक अथवा पैतृक संबंधित कार्यो को लेकर तकरार होने की संभावना है।

मिथुन-आज का दिन पिछले कुछ दिनों की तुलना में हर प्रकार से बेहतर रहेगा। आज आपका स्वभाव लापरवाहों जैसा रहेगा।

कर्क-आज के दिन आपकी संतोषी प्रवृति रहेगी धन अथवा सम्मान पाने की इच्छा रहने पर भी इसके लिए ज्यादा मेहनत करने के पक्ष में नही रहेंगे।

सिंह-आपको परिजनों का प्रत्येक कार्य मे समर्थन मिलेगा। दिन के आरम्भ में शुभ समाचार मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी।

कन्या-आज आपके स्वभाव में अहम की भावना रहेगी आदत अनुसार गुस्सा भी अधिक रहने के कारण जहां भी जाएंगे वही का वातावरण खराब करेंगे।

तुला-आपके मान सम्मान में वृद्धि कराएगा लेकिन किसी के बहकावे में आकर आप स्वयं ही अपने लिए परेशानी खड़ी कर सकते है सावधान रहें।

वृश्चिक-आज का दिन कार्य सफलता वाला है लेकिन क्रोध को काबू में रखना भी आवश्यक है।

धनु-आज आपके आध्यात्मिक पक्ष की उन्नति होगी। मन मे धार्मिक भावनाएं बनी रहेंगी, पूर्ण लाभ नही उठा सकेंगे।

मकर-आज आपको मध्यान तक धैर्य से कार्य करने की सलाह है दोपहर बाद सेहत संबंधित समस्या कम रहेंगी।

कुंभ-आज भी परिस्थिति आपके पक्ष में रहेगी लेकिन आज आपका स्वभाव पल पल में बदलेगा।

मीन-आज दिन के पूर्वार्ध की अपेक्षा मध्यान के बाद का समय बेहतर रहेगा।

न्यूज गैलरी

गोपालमणी महाराज आज दुर्ग आएंगे

दुर्ग। गौ क्रांति के अग्रदूत उत्तराखंड के गोपालमणी महाराज का 29 जनवरी सोमवार को दुर्ग आगमन होगा। वे यहां भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर पब्लिक ट्रस्ट शनिचरी बाजार द्वारा मंदिर परिसर में आयोजित कुछ पल गौ माता के नाम कार्यक्रम में शामिल होंगे और दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे के बीच गौ प्रतिष्ठा कथा के माध्यम से गौ माता की महिमा का श्रद्धालुओं को रसपान करवाएंगे। प्रसिद्ध कथावाचक गोपालमणी महाराज देशभर में गौ संरक्षण और गौ आंदोलन के प्रणेता के रूप में जाने जाते हैं। भगवान श्री लंगूरवीर मंदिर पब्लिक ट्रस्ट के अध्यक्ष मानव सोनकर ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

नेशनल फेडरेशन की बैठक संपन्न

भिलाई। एनएफटीसीएल की आपात बैठक आयोजित की गई। जिसमें सदस्यों की समस्याओं, चार माह से लंबित वेतन, ईपीएफ एवं ईएसआई ठेकेदारो द्वारा जमा ना किया जाना, आवाज उठाने पर कार्य से निकाल देने की धमकी इत्यादि पर विस्तार पूर्वक समाधान की दिशा चर्चा की गई। सभा को साथी आरके सोनी, साथी सुभाष देशमुख एवं शिरिस राव द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय सचिव झेडआई कुरैशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में साथी आरजी ढोक विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अंत में कार्यक्रम के अध्यक्ष एसजेड बंबार्डे जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम

दुर्ग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने व विद्यार्थियों में तनाव दूर करने के लिए सीधा संवाद करेंगे। परीक्षा पे चर्चा 2024 का कार्यकम 29 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में आयोजित की गई है। इस कार्यकम का लाइव प्रसारण दूरदर्शन, राष्ट्रीय चौनल, दूरदर्शन न्यूज, दूरदर्शन भारत यूट्यूब, डलळवअ आदि के माध्यम से किया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल से मिली जानकारी के अनुसार कार्यकम को संस्थाओं में स्मार्ट टी.वी., डिजिटल क्लास रूम, प्रोजेक्टर स्कीन का उपयोग करते हुए 6वीं से 12वीं तक के अधिक से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पालकों को लाइव प्रसारण से लाभान्वित करने और परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने में सहयोग करते हुए अपना सर्वोत्तम प्रदान करने हेतु प्रोत्साहित करने सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जिला दुर्ग, सर्व संस्था प्रमुख, केंद्रीय/ नवोदय/ शासकीय/ अशासकीय/अनुदान प्राप्त विद्यालय/मदरसा जिला दुर्ग, सर्व विकासखण्ड स्तोत्र व्यक्ति एवं जिले के सभी कोचिंग संस्था संचालकों को निर्देशित किया गया है। परीक्षा पे चर्चा 2024 प्रसारण में कलेक्टर एवं जिला स्तरीय/विकासखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जायेगा। संस्था में समय से पूर्व आवश्यक व्यवस्था निर्धारित कर समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी अपने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से समन्वय कर प्रसारण के निरीक्षण एवं प्रोत्साहन हेतु शालावार अधिकारियों को नामांकित करेगें।

आंध्र के कलाकारों की दिखेगी जुगलबंदी

भिलाई। आंध्र प्रदेश के प्रख्यात नाट्य संस्थाओं द्वारा भिलाई में पहली बार अपनी नाट्य कला का प्रदर्शन किया जाएगा। भिलाई शहर की तेलुगू सांस्कृतिक संस्था कलांजली व पीएमकेएम फाईन आर्ट्स ओंगोल (आंध्रप्रदेश) के संयुक्त तत्वाधान में यह वृहद आयोजन किया जा रहा है। 28 जनवरी से 30 जनवरी तक सेक्टर-4 स्थित एसएनजीएस विद्याभवन के ऑडिटोरियम में उक्त नाटक प्रतियोगिता का अयोजन किया जा रहा है। तेलुगू सांस्कृतिक संस्था कलांजली के अध्यक्ष कोविरि राजू ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि अखिल भारतीय तेलुगू नाटक प्रतियोगिता -2024 के इस भव्य आयोजन में आंध्रप्रदेश के कुल 6 नाट्य संस्थाओं द्वारा नाटकों की प्रस्तुति होगी। कोविरी राजू ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन दो-दो नाटकों की प्रस्तुति होगी। 30 जनवरी को प्रतियोगिता का समापन होगा और इसी दिन विजेता ग्रुप की घोषणा भी की जाएगी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आंध्रप्रदेश व तेलंगाना के प्रख्यात फिल्म अभिनेता, निर्माता डॉ एम. मुरली मोहन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

महापौर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

दुर्ग। निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत महापौर धीरज बाकलीवाल ने नया पारा से लेकर चंडी चौक होते हुए गुजराती धर्मशाला तकिया पारा तक सड़क डामरीकरण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। इसके अलावा गांधी चौक बोथरा ज्वेलर्स से होते हुए शनिचरी बाजार हार्डवेयर लाइन तक डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। महापौर के साथ सभापति राजेश यादव व ठेकेदार मौजूद थे। डामरीकरण कार्य 97 लाख की लागत से किया जा रहा है। नयापारा होते हुए माँ चंडी मंदिर चौक से लेकर गुजराती धर्मशाला मोती पारा चौक तक करीब दो किलो किमी लंबी सड़क का डामरीकरण आज ही प्रारंभ किया गया। सोमवार को डामरीकरण कार्य मान होटल से लेकर महात्मा गांधी स्कूल तक एवं इंदिरा मार्केट कुआँ चौक तक प्रारम्भ किया जाएगा। महापौर बाकलीवाल ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि काफी समय से वार्ड पार्षद व क्षेत्रीय नागरिक इस सड़क का डामरीकरण कराने की मांग कर रहे थे।यह कार्य पूरा होने पर यहां से आने-जाने वाले हजारों लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।बाकलीवाल ने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जाना चाहिए।उन्होंने ठेकेदार को चंडी चौक से बाजार व तकिया पारा जाने वाले मार्ग पर डामरीकरण की क्वालिटी बेहतर रखने दिये सख्त निर्देश। वे समय-समय पर सड़क की गुणवत्ता का आकस्मिक निरीक्षण करते रहेंगे।

रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू से महका राजेंद्र पार्क

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम प्रशासन द्वारा राजेन्द्र पार्क में भव्य फ्लावर शो कार्यक्रम का विधायक गजेंद्र यादव द्वारा सभापति राजेश यादव, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा एवं पार्षदों और अधिकारी, कर्मचारी के बीच फीता काटकर भव्य फ्लावर शो कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निगम द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्रीगार्डन की तर्ज पर राजेंद्र पार्क फ्लावर-शो को लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला।

पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित फ्लावर-शो को देखने सुबह से देर रात तक 15 हजार से अधिक लोग पहुंचे। फ्लावर-शो पर 250 से अधिक वेरायटी के फूल सजाए गए थे। इनमें काला और हरा गुलाब के साथ बोनसाई के पौधे आकर्षण के केंद्र रहे। फ्लावर शो में प्रतिभागियों द्वारा तैयार फूलों के गमले और सजावटी पौधे रखे गए। महापौर धीरज बाकलीवाल के मंशा के अनुरूप निगम प्रशासन द्वारा शहर को ग्रीन सिटी बनाने पौधारोपण के लिए लोगों को प्रेरित करने के मकसद से फ्लावर-शो का आयोजन किया गया।

विधायक यादव एवं महापौर बाकलीवाल ने भव्य पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले

लगभग 250 से अधिक प्रतिभागियों व स्कूल बच्चो द्वारा पेंटिंग व डांस किया गया जिन्हें प्रशस्ति पत्र वितरण प्रदान किया गया। उन्होंने सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिमा चन्द्राकर, दीपक साहू, हमीद खोखर, उपनेता प्रतिपक्ष देवनारायण चन्द्राकर, मदन जैन, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, विजेंद्र भारद्वाज, चमेली साहू, हेमा शर्मा, बृजलाल पटेल, शशिद्वारिका साहू, कुमारी साहू, ज्ञानदास बंजारे, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, ईई दिनेश नेताम, जितेंद्र समैया, वीपी मिश्रा, आरके पलिया, जावेद अली, दुर्गेश गुप्ता, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, थानसिंह यादव, पूर्व सभापति देवनारायण तांडी, अजय गुप्ता, रत्ना नामदेव, रामकली यादव, अनूप वर्मा, निकिता मिलिंद आदि मौजूद रहें। इस आयोजन में अधिक से अधिक लोगों व पर्यावरण प्रेमियों का जुड़ाव हो सके इसके लिए घरों में तैयार पौधों को भी फ्लावर-शो में सजाने का अवसर दिया गया। इसमें सैकड़ो से ज्यादा लोगों ने पंजीयन कराया। फ्लावर शो में नगर निगम द्वारा तैयार फूलों के गमलों व सजावटी पौधों के अलावा फ्लावर शो में प्रतिभागियों द्वारा तैयार फूलों के गमले और सजावटी पौधे रखे गए। फ्लावर शो में गमला में फूल पौधा सजावट,कट फूल पौधा सजावट और बोनसाई फूल पौधा सजावट तीन केटेगरी में कराई गई।नगर निगम दुर्ग फ्लावर शो : हरा और काला गुलाब सहित बोनसाई पौधे आकर्षण के केंद्र रहे। फ्लावर-शो के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। अयोध्या मंदिर कटआउट बनाया गया था इसे लोगों की जमकर सराहना मिली।

पांच स्टंटबाजों पर पुलिस की कार्रवाई

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। गणतंत्र दिवस पर बाइक में स्टंट कर आम लोगो को परेशान करने वाले 1 नाबालिग सहित 5 स्टंटबाजों को पकड़ा है।बाइक स्टंट के वायरल वीडियो पर एसएसपी दुर्ग ने तुरंत संज्ञान लेकर की कार्रवाई की। ऐसे वाहनो के चालकों का शिकायत यातायात व्हाट्सअप नम्बर (94791-92029) या पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर (94791-92099) पर भेजे। दुर्ग पुलिस ने शनिवार को मोटरसाइकिल पर खतरनाक स्टंट करने और उसका वीडियो शूट करने के आरोप में चार युवकों और 01 नाबालिग को हिरासत में लिया है। युवाओं ने गणतंत्र दिवस पर स्टंट किया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो पर संज्ञान स्वयं

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग श्री राम गोपाल गर्ग ने त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित दिया, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री अभिषेक झा एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर श्री विश्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सुपेला श्री दुर्गेश शर्मा के द्वारा स्टंट बाइकर्स पर लगातार कार्यवाही करते हुऐ आज दिनांक को वायरल वीडियो की जांच कर पता तलाश किया। जिस पर 05 बाइक पर सवार स्टंट राइडर्स से पुछताछ करने थाना लाया गया, पुछताछ पर उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया जिस पर सुपेला थाने में अपराध पंजीबद्ध कर बाइक को जप्त किया गया। जिसमे 04 बालिग एवम 01 नाबालिग को हिरासत में लिया गया। उन सभी को समझाइए दिया गया जिस पर उनके द्वारा आगे इस प्रकार की किसी भी तरह की बाइक स्टंट न करने की शपथ भी ली गई। थाना सुपेला पुलिस के द्वारा 05 वाहनों को जप्त कर धारा 279 के तहत एवम मोटर व्हीकल एक्ट को धारा 183(1), 184, 189,194(ख), 37/177, 3/181, 5/180 में कार्यवाही कर 04 युवक एवम 1 नाबालिक को हिरासत में लिया गया। जिसमे राज अनुरागी रिसाली, प्रदीप प्रजापति सेक्टर 6, सिंटा सोनू घासीदास नगर, संजय सोना सेक्टर 5 भिलाई का होना पाया गया। यातायात पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों की जप्ती की कार्यवाही की जा रही है मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अर्थदण्ड वसूल कर लाइसेंस सस्पेंड किया जा रहा है जिसके जवाबदार स्वयं होगें। यदि आपके क्षेत्र में इस प्रकार के वाहन हो तो यातायात वाट्सअप एवं कंट्रोल रूम पर भेजे।

तेज रफ्तार बाइक सवार ने मासूम को रौंदा, मौत

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। उत्तर पाटन के ग्राम भाठागांव (औरी) में शनिवार की सुबह करीब 9 बजे सड़क दुर्घटना में एक 8 वर्षीय बालिका को मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिला।

चार पहिया और दो पहिया वाहनों के गति नियंत्रण करने के लिए ब्रेकर बनाने की मांग ग्रामीणों ने की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक भाठागांव (औरी) में रहने वाले प्रकाश निषाद के बेटी नम्रता निषाद उम्र 8 साल दुकान में सामान खरीदने है थी। वहा से वो वापस अपने घर जा रही थी। तभी तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गई। नम्रता क्लास 3 की छात्रा थी। प्रत्यक्षदर्शीयो के मुताबिक बाइक चालक शराब के नशे में थे ओर बाइक काफी तेज रफ्तार थी। इस कारण बाइक को अनियंत्रित नही कर पाया। बताया जा रहा है की बाइक सवार केसरा का रहने वाला है। उसका भी हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है की इस रोड में अभी भी बड़ी बड़ी वाहन चल रहा है। कैप्सूल वाहन के अलावा लौह अयस्क लेकर चलने वाले भारी वाहन हमेशा तेज रफ्तार से चल रहा है। बता दे की मोतीपुर चौक में ही कुछ माह पहले केपशुल वाहन को चपेट में आ गया था। जिसमे भाठागांव (औरी) में ही रहने वाले पिता पुत्र की मौत हो गई थी। इसके बाद भी शासन प्रशासन की आंख नही खुली।

एक साथ 9 ने किया देहदान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सामाजिक संस्था प्रनाम के माध्यम से निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरूनगर भिलाई के 9 सदस्यों द्वारा एकसाथ देहदान किए जाने का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। देहदान करने वालों में 3 दम्पत्ति शामिल है। जिन्होंने 3 दिवसीय दिव्य अध्यात्मिक सद्ज्ञान महोत्सव के दौरान आश्रम के आजीवन सदस्य और प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी की काउंसलिंग के माध्यम से एम्स रायपुर के लिए चिकित्सा अध्ययन एवं अध्यापन हेतु देहदान किया। देहदान करने वाले दम्पत्तियों में कन्हैया लाल देवांगन और उनकी पत्नी तुलसी वृंदा देवांगन, भरतराम साहू और उनकी पत्नी सरस्वती साहू, साधुराम साहू और उनकी पत्नी शैलेंद्री साहू, के अलावा आध्यात्मिक सत्संग के सदस्य संत शिव साहेब,फकीरराम साहू और जगदीश राम साहू ने एम्स रायपुर के नाम देहदान देहदान की कुल 9 वसीयत जारी की। नेहरू नगर, कबीर आश्रम में प्रतिवर्ष स्थापना दिवस के खास मौके पर इस बार भी 55वें वार्षिक स्थापना दिवस पर देहदान हेतु विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें आश्रम के सचिव आत्माराम साहू और पवन केसवानी ने देहदान के विषय में अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

रामायण हमें जीवन जीने की कला सिखाती है : भूपेश

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। समीपस्थ ग्राम भनसूली(के) एवम् तेलीगुंडरा में दो दिवसीय रामचरित मानसगान प्रतियोगिता एवं मंडई मिलन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक पाटन भूपेश बघेल थे। अध्यक्षता अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग ने किया। विशेष अतिथि दिनेश साहू सभापति जप, महेंद्र वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक पाटन, राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक, तुलसी गैंदलाल डहरिया सरपंच, मनीष पटेल सरपंच, दिनेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ, दिलीप साहू, कमलेश साहू उपसरपंच थे। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि

सियारामचंद्र हम सबके कण कण में बसे है। दोनों गांव की परंपरा रही है विगत लगभग 50 वर्षो से मंडई मिलन होते आ रहा है। ग्राम के बेटी, दामाद सहित अन्य रिश्तेदार, दोस्त इस अवसर पर अपने शोर संदेश का अनुभव साझा करते है। उन्होने कहा की आप सभी के आशीर्वाद से मुझे विधायक बनाने के लिए सभी ग्रामवासियों को धन्यवाद प्रेषित करता हूं।आगे भी छत्तीसगढ़ महतारी के स्वाभिमान एवं जनहित की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी।

इस अवसर पर राजेंद्र साहू महामंत्री प्रदेश कांग्रेस, पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, देवकुमार निषाद, अजय सिंगौर, ईश्वर निषाद, ईश्वर शर्मा, सालिक साहू, पुरण साहू, गोपाल साहू, डा हेमंत साहू, महेश साहू, सेवक देवांगन, राधेश्याम देवांगन, रामनारायण साहू, कमलेश साहू, तुलेश्वर निर्मल, दादूराम साहू, दिनेश साहू, कैलाश साहू, डा. केके साहू, किशोर साहू, मन्ना पटेल, बिसौहा बढ़ई, दुलारी साहू, गोमती साहू, बाहरीन साहू, उषा साहू, प्रेमलाल साहू, छबि साहू, हरिशंकर, बिरेंद्र साहू, रोहितदास मानिकपुरी, रामदयाल साहू, उत्तम साहू, चित्रसेन साहू सहित आयोजक समिति के सभी पधाधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा का अनावरण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महान क्रांतिकारी राष्ट्रभक्त, शहीद हेमू कालाणी के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण वोरा शामिल हुए। वोरा ने शहीद हेमू कालाणी को नमन करते हुए आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को याद किया। वोरा ने कहा कि शहीद हेमू कालाणी की देशभक्ति का जज्बा और भारत की स्वतंत्रता के लिए दीवानगी भारतवासी कभी नहीं भूल सकते। शहीद हेमू कालाणी की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रतिमा अनावरण के अवसर पर सिंधी समाज के गणमान्य नागरिक डॉ. राजपाल, एमआईसी मेंबर अब्दुल गनी, भोला महोबिया, प्रकाश गीते सहित अन्य गणमान्य

नागरिक मौजूद थे। भारत में ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हेमू कालाणी का जन्म 23 मार्च 1923 को बाम्बे प्रेसीडेंट के सिंध डिवीजन के सुक्कूर में एक सिंधी जैन परिवार में हुआ था। सुक्कूर अब पाकिस्तान में है। वे देश के लिए शहीद होने वाले सबसे कम उम्र के क्रांतिकारियों में से एक थे। उनके 20 वें जन्मदिन से दो महीने पहले केवल 19 वर्ष की आयु में उन्हे अंग्रेजी हुकूमत के आदेश पर फांसी दी गई थी। हेमू को सिंध का भगत सिंह भी कहा जाता है। वे बचपन से साहसी थे और विद्यार्थी जीवन से ही क्रांतिकारी गतिविधियों में सक्रिय रहे। मात्र 7 वर्ष के थे तब तिरंगा लेकर अंग्रेजो के बीच क्रांतिकारी गतिविधियों का नेतृत्व करते थे।

टॉपर्स को सांसद बघेल ने दिया स्मार्टफोन

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। निकटवर्ती ग्राम कपसदा में 1993 से संचालित हो रहे कोसल हायर सेकेण्डरी स्कूल ने अपना 30वां वर्षगांठ वार्षिकोत्सव के माध्यम से मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल रहे व अध्यक्षता अहिवारा नपा अध्यक्ष नटवरलाल ताम्रकार ने किया। विशेष अतिथि के रूप में छ.ग. भाजयुमो कोषाध्यक्ष शुभम शर्मा, अहिवारा मंडल महामंत्री संजय पांडेय, राजा शर्मा, रामाधार शर्मा, खेमिन साहू, प्रेस क्लब अध्यक्ष विक्रम शाह ठाकुर, विजय चौबे एवं दिवेश यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ तत्पश्चात प्राचार्य चंद्रिका प्रसाद तिवारी एवं कपसदा

शिक्षण समिति के अध्यक्ष रोशनलाल साहू द्वारा अतिथियों का स्वागत फूल माला व स्मृति चिन्ह से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिसे देखकर उपस्थित सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम की तैयारी राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से आए हुए छात्र अमितेष तिवारी व कपिल धनकर और कोसल स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा किया गया। गत वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया और टॉपर्स सौम्या साहू 94त्न व विभा वर्मा 92त्न को स्मार्टफोन भी भेंट किया गया, सांसद श्री विजय बघेल और सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की बेहद प्रशंसा की और कृषि संकाय को चलाने वाली एकमात्र संस्था होने पर विद्यालय संचालकों को बधाई दिया साथ ही प्राचार्य के आग्रह पर विद्यालय को सहयोग करने का आश्वासन दिया।

निधन : प्रकाशचंद बाकलीवाल

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रकाशचंद बाकलीवाल (ऐडवोकेट) पिता



स्व. सूरजमल बाकलीवाल का 28 जनवरी को सुबह अहमदाबाद में निधन हो गया। वे प्रदीप बाकलीवाल के बड़े भाई एवं संगीत के पिता एवं संकेत के बड़े पिता थे। वे महापौर धीरज बाकलीवाल के बड़े भाई थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील- दुर्ग प.ह.न. 00010 बोड़ेगांव ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202324430101900001

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00010 के अंतर्गत ग्राम बोड़ेगांव के वर्तमान भूमिस्वामी देवसीन बाई पिता/पति मंशाराम पता बोडेगांव, लक्ष्मीनारायण बंजारे पिता/पति स्व. शत्रुहन लाल बंजारे पता बोडेगांव, लेखा लहरे पिता/ पति स्व. शत्रुहनलाल बंजारे पता बोडेगांव, वेदप्रकाश बंजारे पिता/पति स्व. शत्रुहनलाल बंजारे पता बोडेगांव, मेमिन बंजारे पिता/पति स्व. शत्रुहनलाल बंजारे पता बोडेगांव, व्या नाारायण पिता/पति खुशीराम पता बोडेगांव, के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 753(0.6900), 476(0.0300) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता भिषणबाई बंजारे पिता/पति स्व. व्या नारायण बंजारे पता बोड़ेगांव, गिरजा मतवारे पिता/पति स्व. व्या नारायण बंजारे पता बोड़ेगांव, लक्ष्मीनारायण बंजारे पिता/ पति स्व. शत्रुहनलाल बंजारे पता बोड़ेगांव, अनिल कुमार बंजारे पिता/पति स्व. व्या नारायण बंजारे पता बोड़ेगांव, वेदप्रकाश बंजारे पिता/पति स्व. शत्रुहनलाल बंजारे पता बोड़ेगांव, मेमिन बंजारे पिता/पति स्व. शत्रुहनलाल बंजारे पता बोड़ेगांव, देवंतीन बाई पिता/ पति मंशाराम पता बोड़ेगांव, लेखा लहरे पिता/पति स्व. शत्रुहनलाल बंजारे पता बोड़ेगांव, अनी कुमार बंजारे पिता/ पति स्व. व्या नारायण बंजारे पता बोड़ेगांव, के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.01.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202401101400035 /अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रत्लेश चंद्राकर पिता स्व. जगतपाल चंद्राकर निवासी प्लाट नं. 153/59 स्ट्रीट नं. 05 स्टील कालोनी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि मौजा घुघसीडीह प.ह.नं. 58 स्थित भूमि खसरा नं. 309, 313, 358/1, 453 रकबा 1.380, 0.370, 0.120, 0.890 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में रोशन, रत्लेश, शिवकुमार, निरंजना, चन्द्रावली ईला, सरोज सभी पिता स्व. जगतपाल के नाम पर दर्ज है। सहखातेदार मनटोरा बाई ध.प. स्व. जगतपाल की मृत्यु दिनांक 13.12.2017 को हो चुकी है। जिसके विधिक वारिसान का नाम पूर्व से राजस्व अभिलेख में दर्ज हो चुका है। सहखातेदार रोशन आ. स्व. जगतपाल की मृत्यु दिनांक 20.05.2012 को हो चुकी है उसके विधिक वारिसान दो पुत्र मोहन, पिलेश्वर दोनो पिता स्व. रोशन, तीन पुत्री पूर्णिमा, मनीषा, उर्वशी तीनो पिता स्व. रोशन तथा मृतक की पत्नि सरस ध.प. स्व. रोशन। वारिसान पिलेश्वर आ. रोशन की मृत्यु दिनांक 21.02.2022 को हो चुकी है जिसके विधिक वारिसान पत्नि लेखा ध.प. पिलेश्वर, मेहूल, तनिष्का दोनो पिता पिलेश्वर है। राजस्व अभिलेख से मृतक मनटोरा बाई का नाम विलोपित कर मोहन आ. रोशन, पत्नि लेखा ध.प. पिलेश्वर, मेहूल, तनिष्का दोनो पिता पिलेश्वर राजस्व अभिलेश से मृतक मनटोरा बाई काा नाम विलोपित कर मोहन आ. रोशन, सरस ध.प. रोशन, पत्नि लेखा ध.प. पिलेश्वर, मेहूल, तनिष्का दोनो पिता पिलेश्वर का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज करते हुए शेषखातेदार रत्लेश, शिवकुमार, निरंजना, चन्द्रावली ईला, सरोज सभी पिता स्व. जगतपाल का नाम यथावत् रखे जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2024 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202401100800019 /वर्ष 2023-24
ग्राम-रौंदा, प.ह.न. 01

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मुन्नी आ. दुकलू निवासी ग्राम म.न. 196/के, सुमीत किराना स्टोर गार्डन मार्ग के पास जोन-2 बापूनगर खुर्सीपार भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम रौदा में स्थित भूमि खसरा नं. 565/1 रकबा 0.10 हे भूमि मुन्नी आ. दुकलू के ना पर भू-राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा शासकीय दस्तावेज पेन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र एवं बैंक पासबुक इत्यादि में सोभद्रा देवी आ. दुकलू दर्ज है। राजस्व अभिलेख में सोभद्रा देवी/मुन्नी दोनो नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदिका के साथ दस्तावेज एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर उक्त संबंध में जांच किए जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त वादभूमि के संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 31.01.2024 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202401101400034 /अ-6/ वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रत्लेश चंद्राकर पिता स्व. जगतपाल चंद्राकर निवासी प्लाट नं. 153/59 स्ट्रीट नं. 05 स्टील कालोनी तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि मौजा घुघसीडीह प.ह.नं. 58 स्थित भूमि खसरा नं. 444, 858 रकबा 0.300, 6.050 हे. भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में मनटोरा बाई ध.प. स्व. जगतपाल के नाम पर दर्ज है। सहखातेदार मनटोरा बाई ध.प. स्व. जगतपाल की मृत्यु दिनांक 13.12.2017 को हो चुकी है। जिसके विधिक वारिसान रोशन, रत्लेश, शिवकुमार, निरंजना, चन्द्रावली ईला, सरोज सभी पिता स्व. जगतपाल है। सहखातेदार रोशन आ. स्व. जगतपाल की मृत्यु दिनांक 20.05.2012 को हो चुकी है उसके विधिक वारिसान दो पुत्र मोहन, पिलेश्वर दोनो पिता स्व. रोशन, तीन पुत्री पूर्णिमा, मनीषा, उर्वशी तीनो पिता स्व. रोशन तथा मृतक की पत्नि सरस ध.प. स्व. रोशन। वारिसान पिलेश्वर आ. रोशन की मृत्यु दिनांक 21.02.2022 को हो चुकी है जिसके विधिक वारिसान पत्नि लेखा ध.प. पिलेश्वर, मेहूल, तनिष्का दोनो पिता पिलेश्वर, मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेश से विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने फौती नामांतरण आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2024 तक स्वयं अथवा विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति पेश कर सकतें हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202401100800042 /अ-12/वर्ष 2023-24
ग्राम-पेण्ड्री, प.ह.न. 19

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक योगेश्वर सिन्हा पिता धनसाय सिन्हा, निवासी ग्राम पेण्डरी तहसील धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम पेण्ड्री प.ह.न. 19 रा.नि.मं. धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 54 रकबा 0.1100 हे भू-राजस्व अभिलेख में आवेदक योगेश्वर सिन्हा पिता धनसाय सिन्हा के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि का सीमांकन कराने हेतु इस न्यायालय में निवेदन किया जाकर वादभूमि का नकल निर्धारित खजाना शुल्क दाखिल चालान की प्रति, ऋण पुस्तिका, बी-1 खसरा की छायाप्रति आदि दस्तावेज संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त वादभूमि के संबंध में कोई आपत्ति/दावा हो तो स्वयं अथवा विधिक अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में पेशी दिनांक 31.01.2024 को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 11.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अण्डा सर्कल दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका बिमला साहू पिता/पति कमल कुमार साहू निवासी सिविक सेन्टर भिलाई के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा ग्राम अण्डा प.ह.न 32 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1348/2 रकबा 0.3400 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 12.02.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202401104500046/अ-6/सन्- 2023-24

मामले की श्रेणी-राजस्व

महकाकला प.ह.न. 00023 हे.
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार- लक्ष्मी
अनावेदक पक्षकार - राजकपूर

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम महकाकला प.ह.नं. 23 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मी पति संदीप सिंह निवासी ग्राम सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम महकाकला प.ह.न 23 तह. पाटन स्थित भूमिस्वामी राजकपूर पिता रमेश्वर दयाल के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 48/164 रकबा 0.01 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 31.08.2023 से क्रय आधार पर प्रमाणीकरण किए जाने सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदक लक्ष्मी पति संदीप सिंह द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई दिनांक 08.02.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

खाद्य मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस जवानों को किया सम्मानित

बेमेतरा/नवप्रदेश। 26 जनवरी 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बेमेतरा के ऐतिहासिक बेसिक स्कूल परेड ग्राउण्ड बेमेतरा में मुख्य अतिथि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल के द्वारा बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता व जिलें के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बेमेतरा पुलिस के अधि./कर्मचारियों रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत, निरीक्षक भावना सिंह, उप निरीक्षक योगेश अग्रवाल, सउनि कृष्ण कुमार क्षत्रीय, प्रधान आरक्षक गोविंद सिंह, लोकेश सिंह, खुबचंद बघेल, महिला प्रधान आरक्षक अनुपमा दुबे, आरक्षक संजय पाटिल, कवि राजपूत, मनीष देवांगन, अमरदीप लहरे, अंश प्रताप, कमलेश नवरत्न, मुकेश राजपूत को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जीनियस पब्लिक स्कूल में रही गणतंत्र दिवस की धूम

नगरी/नवप्रदेश। जीनियस पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के संचालक एवं अतिथि के रूप में पहुंचे पत्रकारों ने भारत माता की पूजा अर्चना की। संचालक एवं अतिथियों ने ध्वजारोहण कर तिरंगा झंडे को सलामी दी। पत्रकारों का छात्रों ने तिलक पुष्प से स्वागत किया। विद्यालय के बच्चों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा राष्ट्र के प्रति सम्मान व देश-प्रेम की भावना को प्रस्तुत किया। छोटे बच्चों के द्वारा भाषण, नृत्य, कविता आदि प्रस्तुत किया गया। इसके बाद फैंसी ड्रेस स्पर्धा हुई। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी देश के प्रति अपने विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के संचालक मोहन सोनी संतोष अगलावे ने विद्यालय के बच्चों को अपने अधिकार एवं कर्तव्यों का पाठ पढाते हुए कहा कि हमें राष्ट्र की संपत्ति को स्वयं का समझकर उसकी सुरक्षा करनी चाहिए। साथ ही आपसी भेदभाव को मिटाकर राष्ट्र निर्माण के प्रत्येक कार्य में योगदान देना चाहिए। नगर के वरिष्ठ नागरिक रामप्रसाद तिवारी, संचालक मोहन सोनी, संतोष अगलावे, नगर के सभी पत्रकारगण सहित स्कूल स्टाफ शिक्षक गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

रूखमणी विवाह की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

नवागढ़/नवप्रदेश। ग्राम मुरता में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ चल रहा है। जिसमें शनिवार को श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह का आयोजन हुआ। कथावाचक पं. प्रतीक चौबे ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब आनंदित किया। रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथावाचक पंडित प्रतीक चौबे ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अंग्रेजी माध्यम स्कूल के 1994 बैच के छात्रों ने किया पुर्नमिलन

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे अंग्रेजी माध्यम स्कूल नम्बर - 1 के बैच 1994 के छात्रों द्वारा भव्य पुनर्मिलन समारोह (रियूनियन) बड़े धूमधाम, हर्षोउल्लास, मनोरंजन के साथ रेल क्लब, रेल्वे स्टेट बैंक के सामने, तितली चौक, बिलासपुर में किया गया। इस भव्य पुनर्मिलन समारोह का विस्तार जानकारी 1994 बैच के छात्र एल श्रीनिवास (रेल्वे कर्मचारी, बिलासपुर) के अनुसार - कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे कार्यक्रम स्थल में पहुंच कर एक दूसरे से गले मिलकर, एक दूसरे को अभिवादन कर, सुबह 10 बजे राष्ट्रगान किया।

अच्छे विचारों से बदलता है पूरा जीवन : टंकराम वर्मा

■ **लोटस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव सरगम आयोजित**

भटगांव/नवप्रदेश। लोटस पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव सरगम का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक ,देशभक्ति जैसे अनेक आयोजन किए गए। जहाँ व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप देवांगन, पत्रकार संदीप पटेल, बसंत सोनी,राम दुलार साहू आदि उपस्थित थे। यह कार्यक्रम नगर के बंगलाभाठा मैदान में आयोजित किया गया था। जहां मुख्य अतिथि राजस्व एवम् खेल मंत्री टंक राम वर्मा रहे थे। टंकराम वर्मा ने कहा अच्छे विचार रखने से पूरा जीवन बदल जाता है सुखमय हो जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री राम के भजन के साथ की गई। इसमें कक्षा 11वीं के बच्चों ने बड़ा ही सुन्दर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान 42 कार्यक्रम 12 बजे रात तक चलता रहा। लोटस पब्लिक स्कूल सारंगढ़ जिले का चर्चित स्कूल है। जहां के बच्चे छत्तीसगढ़ बोर्ड परीक्षा के टॉप 10 की लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराते आ रहे हैं। इस कार्यक्रम को देखने सैकड़ों को संख्या में लोग पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में छोटे बच्चों से लेकर कक्षा 12वीं के बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के समापन पर स्कूल के सभी शिक्षकों जिन्होंने साल भर मेहनत कर बच्चों को टॉप 10 की लिस्ट में पहुंचाने के लिए तैयार करते हैं ऐसे सभी शिक्षकों का मंच में सम्मान किया गया ।

कलेक्टर शर्मा ने किया विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

■ **राजस्व संबंधी आवेदनों का समय-सीमा पर निराकरण करने के दिए निर्देश**

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शनिवार को अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पुराना कलेक्ट्रेट भवन और शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का निरीक्षण किया। उन्होंने इन सब कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। उपस्थित कर्मचारियों से भी बातचीत की। तहसील में जारी मरम्मत कार्यों के निरीक्षण के आगामी लोकसभा निर्वाचन को ध्यान में रख जारी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली तथा तेज़ी से शुद्धतापूर्वक, कार्य समय पर पूरा किए जाने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने तहसील में आम लोगों के राजस्व संबंधी आवेदनों का समय-सीमा पर निराकरण सुनिश्चित करने तथा कार्यालय में प्रशासनिक कार्यकुशलता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने आवेदनों के निराकरण की स्थिति, कार्यालय प्रबंधन, साफ-सफाई का भी जायजा लिया। आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में एसडीएम सुश्री सुरुचि से चर्चा की।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने तहसील कार्यालय के समस्त रिकार्ड रूम का मूल्यांकन करने तथा राजस्व प्रकरणों नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि को तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। अनुविभागीय एवं दण्डाधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह ने लम्बित प्रकरणों का निराकरण के साथ ही सीमांकन, भू-आबंटन, भू-अर्जन आदि के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया।

कलेक्टर ने न्यायालयीन कार्यों को समय-सीमा के भीतर निराकरण करने को कहा। तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रूम देखा और उसे व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसील परिसर को हरा-भरा करने, वाहन पार्किंग, साफ-सफाई बेहतर से बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कानून भू-शाखा, वीसी कक्ष सहित अन्य शाखाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने कोटवारों के स्वास्थ्य परीक्षण कराने को भी कहा। कलेक्टर ने स्टॉफ संबंधी जानकारी ली।

आत्मानंद विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

साजा/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी/हिंदी माधयम विद्यालय साजा में गणतंत्र दिवस तथा वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेन्द्र चतुर्वेदी, विशेष अतिथि रमेश तिवारी पूर्व अध्यक्ष एसएमडीसी, डीएन द्विवेदी शिक्षाविद, पुनाराम डड़सेना पूर्व सदस्य एसएमडीसी, हंसा शर्मा वार्ड पार्षद एवं लक्ष्मीकांत वर्मा की उपस्थिति में ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। तत्पश्चात बच्चों को सत्रगत खेलकूद गतिविधियों, शैक्षिक उपलब्धियों तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियो हेतु विविध पुरुस्कार वितरित किये गये तथा वार्षिकोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम में विविध कलाओं का आयोजन किया गया। जिसमें एलकेजी से बारहवी तक के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियाँ की गई। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथियों तथा प्राचार्य मनीष कुमार वर्मा द्वारा बच्चों की उनकी उपलब्धि हेतु शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुमीत भण्डारी, कु गायत्री केवट ने किया गया। कार्यक्रम में संस्था से वंदना पाल, मनीषा मानिकपुरी, ज्योति मेश्राम, मानस कर, सौरभ दुबे, हितेश ठाकुर, मनीष चंदेल, हर्ष कुमार, सुमन साहू आदि शिक्षक उपस्थित थे।

उपभोक्ता फोरम के आदेश के बाद मृत बीमाधारक के परिजनों को एलआईसी देगी बीमा राशि

बालोद/नवप्रदेश। बीमाधारक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो जाने के बाद बीमा कंपनी व्दारा उसके परिजनों को बीमा की राशि अदा करने से इनकार कर दिया गया। इस पर उपभोक्ता फोरम में मामला लगाया गया। उपभोक्ता फोरम ने इसे व्यावसायिक कदाचरण माना। अधिवक्ता भेषकुमार साहू ने बताया कि केसर ठाकुर के पति स्व चंद्रकांत ठाकुर के द्वारा अपने जीवन काल में अपनी परिवार की आर्थिक सुरक्षा के आशय से एलआईसी की एंडोवमेंट पॉलिसी 23 फरवरी 2017 को क्रय किया था। जिसकी प्रीमियम की राशि 1910 प्रतिमाह और बीमाधन 8 लाख रुपये थी। बीमा धारक की मृत्यु अचानक हृदयघात से 13 मई 2017 को हो जाने पर उसकी पत्नी के द्वारा संबंधित शाखा में बीमाधन की राशि के लिए क्लेम दावा प्रस्तुत किया गया। जिसे एलआईसी के द्वारा यह कहते हुए कि, उसके पति को मधुमेह की गंभीर बीमारी थी और इन्सुलिन ले कर जीवन यापन कर रहा था, उक्त गंभीर बीमारी की जानकारी को छुपा कर बीमा की लिया था। इस कारण से बीमाधन भुगतान करने से इंकार कर दिया था। मृतक चंद्रकांत की पत्नी ने अपने हक पाने के लिए अधिवक्ता के माध्यम से बीमा कंपनी को विधिक नोटिस प्रेषित किया। उसके बाद भी बीमा कंपनी द्वारा उक्त बीमाधन का भुगतान नहीं करने पर उपभोक्ता फोरम दुर्ग के न्यायालय में परिवाद पेश कर क्षतिपूर्ति सहित बीमाधन दिलाए जाने की मांग की थी। जिस पर विद्वान उपभोक्ता आयोग ने यह माना है कि एलआईसी का कृत्य उक्त पीड़ित महिला के जीवन के लिए सेवा में गंभीर कमी तथा व्यायसायिक कदाचरण की श्रेणी में आना मान कर एलआईसी को आदेशित किया है कि मृतक की पत्नी को वह 8 लाख रुपए बीमाधन और आवेदन दिनांक से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज 2 लाख रूपये,मानसिक क्षतिपूर्ति 80 हजार रु एवं वाद व्यय के रूप में 5 हजार देने का आदेश पारित किया है।

शक्कर कारखाना में दालभात केन्द्र शुरु

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने शक्कर कारखाना करकाभाट में 26 जनवरी को दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया। शक्कर कारखाना परिसर में शुरू किए गए इस दाल-भात केंद्र में कारखाना में आने वाले मजदूरों एवं आम नागरिको को बहुत ही कम दर पर बेहतर खाना उपलब्ध कराया जाएगा। कारखाना के मजदूरों के द्वारा शक्कर कारखाना परिसर में दाल-भात केंद्र खोलने की मांग की लगातार की जा रही थी। जिसे देखते हुए कलेक्टर ने 26 जनवरी को दाल-भात केंद्र का शुभारंभ किया है। इस अवसर पर कलेक्टर एवं गन्ना किसान संघ के पदाधिकारियों ने दाल-भात केंद्र परिसर में वृक्षरोपण भी किया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास, गन्ना कारखाना के प्रबंध संचालक आरपी राठिया एवं अन्य अधिकारियों के अलावा गन्ना कृषक उपस्थित थे।

दो कोचियों से 28 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। जिसके तहत 25 जनवरी को थाना बेमेतरा एवं पुलिस चौकी मारो, थाना नांदघाट में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 2 प्रकरण दर्ज कर 2 कोचियों हन्नूराम डेहरे पिता दयाल डेहरे उम्र 74 साल साकिन झाल थाना व जिला बेमेतरा, चंद्रटिका जांगडे पिता मालिकराम जांगडे उम्र 26 साल साकिन भदौरा थाना चंदनू के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

कुंगेरा स्कूल में गणतंत्र दिवस मनाया गया

नगरी/नवप्रदेश। प्राथमिक और माध्यमिक शाला कुंगेरा में गण पर्व मनाया गया। शाला प्रांगण में ध्वजारोहण के बाद प्रभात फेरी निकाली गई। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत कुंगेरा की सरपंच श्रीमती मीना नेताम थी। विशेष अतिथि पंचम सिंह सलाम, फुल सिंह नेताम एवं सताऊ राम कावड़े अध्यक्षता के.एल.कौशिक प्रधान पाठक माध्यमिक शाला कुंगेरा और मंच संचालन आर.एल साहू के द्वारा किया गया। 1 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं (वार्षिक स्नेह सम्मेलन) का आयोजन किया गया। इसमें देशभक्ति प्रहसन नृत्य व गीत का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसमें ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में एस.के कश्यप शिक्षक मा.शा कुंगेरा ए.के साहू प्रधान पाठक प्रा.शा कुंगेरा एवं धनराज नेताम भृत्य,रमेलाल कांगे,अमृत लाल यादव का विशेष सहयोग रहा।

कलेक्टर ने केरीजुंगेरा में लगाया चौपाल, ग्रामीणों से की चर्चा

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम केरीजुंगेरा के वनाधिकार पत्रधारी कृषकों एवं ग्रामीणों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु उनके गांव में पहुंचकर चौपाल लगाया। कलेक्टर ने कहा कि शासन प्रशासन के द्वारा गांव के विकास हेतु अनेक कार्य एवं योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके साथ ही जिला प्रशासन के द्वारा भी गांव के विकास के लिए हर संभव मदद उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बदले में उन्होंने ग्रामीणों को अपने बच्चों को स्कूल और आंगनबाड़ी भेजने तथा बच्चों के कुपोषण दूर करने के उपाय तथा उनकी समुचित शिक्षा-दीक्षा उपलब्ध कराने हेतु वचन देने को कहा। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कहा कि शिक्षा समाज की विकास की रीढ़ है। इसलिए हम सभी को अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा-दीक्षा व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने ग्रामीणों से चर्चा कर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राशनकार्ड, सामाजिक पेंशन, आयुष्मान कार्ड आदि योजनाओं के अंतर्गत उन्हें मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। मौके पर उपस्थित किसान फिरतूराम ने बताया कि उन्हें वनाधिकार पत्र मिल गया है लेकिन उनका ऋण पुस्तिका नहीं बना है।

प्रथम पेज का शेष

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा ...

संबोधन को सुनना हम सबके लिए प्रेरणादायी अनुभव रहा है। इसमें आपने अयोध्या धाम से माता शबरी की प्रतिक्षा का भी स्मरण किया। आपने कहा कि सुदूर कुटिया में जीवन गुजारने वाली मेरी आदिवासी मां शबरी का ध्यान आते ही अप्रतिम विश्वास जागृत होता है। मां शबरी तो कब से कहती थी राम आएंगे। प्रत्येक भारतीय में जन्मा यही विश्वास सक्षम भव्य भारत का आधार बनेगा। यही तो है देव से देश और राम से राष्ट्र की चेतना का विस्तार।

पद्म सम्मान मिलने की ...

विश्वसनीयता, उसके प्रति सम्मान हर वर्ष बढ़ता रहा है। मैं पद्म सम्मान पाने वाले सभी लोगों को फिर अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ।

श्री मोदी ने कहा देश ने तीन दिन पहले पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया है तो 'मन की बात' में ऐसे लोगों की चर्चा स्वाभाविक है। इस बार भी ऐसे कई देशवासियों को पद्म सम्मान मिला है जिन्होंने जमीन से जुड़कर समाज में बड़े-बड़े बदलाव लाने का काम किया है। इन प्रेरणाप्रद लोगों की जीवन-यात्रा के बारे में जानने को लेकर देश-भर में बहुत उत्सुकता दिखी है। मीडिया की हेडलाइंस, अखबारों के फ्रंट पेज से दूर ये लोग बिना किसी दिखावे के समाज सेवा में जुटे थे। इन लोगों के बारे में पहले शायद ही कुछ देखने-सुनने को मिला है लेकिन अब मुझे खुशी है कि पद्म सम्मान घोषित होने के बाद ऐसे लोगों की हर तरफ चर्चा हो रही है। लोग उनके बारे में ज्यादा से ज्यादा जानने को उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा, पद्म पुरस्कार पाने वाले ये अधिकतर लोग अपने अपने क्षेत्र में काफी अनूठे काम कर रहे हैं। जैसे कोई एम्बुलेंस सर्विस मुहैया करवा रहा है तो कोई बेसहारों के लिए सिर पर छत का इंतजाम कर रहा है। कुछ ऐसे भी हैं जो हजारों पेड़ लगाकर प्रकृति-संरक्षण के प्रयासों में जुटे हैं। एक ऐसे भी हैं जिन्होंने चावल की 650 से अधिक किस्मों के संरक्षण का काम किया है। एक ऐसे भी हैं जो ड्रग्स और शराब की लत की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता फैला रहे हैं। कई लोग तो स्वयं सहायता समूह विशेषकर नारी शक्ति के अभियान से लोगों को जोड़ने में जुटे हैं। देश में इस बात को लेकर भी बहुत प्रसन्नता है कि सम्मान पाने वालों में 30 महिलाएं हैं। ये महिलाएँ जमीनी स्तर पर अपने कार्यों से समाज और देश को आगे ले जा रही हैं।

श्री मोदी ने पद्म सम्मान पाने वाले लोगों के योगदान को देशवासियों के लिए प्रेरित करने वाला बताया और कहा कि इस बार सम्मान पाने वालों में बड़ी संख्या उन लोगों की है, जो शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत, लोक नृत्य, थिएटर और भजन की दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं। प्राकृत, मालवी और लम्बाडी भाषा में बहुत ही शानदार काम करने वालों को भी ये सम्मान दिया गया है। विदेश के भी कई लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है जिनके कार्यों से भारतीय संस्कृति और विरासत को नई ऊंचाई मिल रही है। इनमें फ्रांस,ताईवान, मैक्सिको और बंगलादेश के नागरिक भी शामिल हैं।

जीएसएलवी एफ 14 ...

का कुल द्रव्यमान शामिल होता है। 2023 में इसरो के नाम कई सफलताएं गौरतलब है कि इसरों ने पिछले साल कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को आसानी से उतारा गया। साथ ही सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत की पहली अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 का लॉन्च हुआ। इसरो ने गगनयान का पहला मानवरहित उड़ान परीक्षण भी 2023 में पूरा कर लिया। मालूम हो कि चंद्रयान-3 3,84,400 किमी से अधिक दूर पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह पर सफलतापूर्वक उतरा था। भारत चांद के अज्ञात दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र पर अंतरिक्ष यान उतारने वाला पहला देश भी बन गया।

गिरगिटों को माफ नहीं ...

को बरकरार रखने के लिए हमने कुछ नहीं कहा। अगर हम कुछ गलत कहेंगे तो गलत संदेश जाएगा। इसकी जानकारी हमें लालू प्रसाद यादव जी और तेजश्वी यादव जी ने पहले ही दे दी थी। आज वह सच हो गया।इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नीतीश कुमार पाला बदल रहे हैं इसकी जानकारी कांग्रेस नेताओं को थी। उन्होंने कहा कि पाला बदलते ही कैसे एकदम पलटा जाता है यह श्री नीतीश कुमार और जदयू प्रवक्ता के.सी. त्यागी बखूबी जानते हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और धोखेबाजों को सबक सिखाएगी।

राहुल गांधी के बॉडी ..

डबल का नाम और पता तक की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल में दो दिनों के दौरे पर डिब्रूगढ़ आया हूं। जब एक बार मैं गुवाहाटी पहुंचूंगा तो डुप्लीकेट के बारे में सारी जानकारी दूंगा।हिमंता ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी अपनी बस यात्राओं के दौरान बॉडी डबल का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा था कि बस में जो व्यक्ति आगे की तरफ बैठा होता है वास्तव में राहुल गांधी नहीं होते हैं। असम के मुख्यमंत्री ने इसको लेकर साजिश की भी आशंका जताई थी। उन्होंने यह भी कहा था कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस जिस बस का इस्तेमाल कर रही है, उसमें कई केबिन बनी हुई हैं। राहुल गांधी इनमें से ही किसी केबिन में मात्र कुछ लोगों के साथ बैठे रहते हैं।

डेढ़ लाख पदों के लिए भर्ती ...

की ओर से नई भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। अब रेलवे हर साल नियमित आधार पर वैकेंसी निकालेगा।'

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-5)
दिगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email: rmczone5@gmail.com
पत्र क्रं. / 3519 / न.पा.नि./ जोन क्रं. 5, दिनांक 28-01-2024

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 3519
वार्ड का नाम- 42- पं. सुन्दरलाल शर्मा वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 42 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR566F00346 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RAMADAN NIRMALKAR पिता/पति श्री/श्रीमती GOVIND NIRMALKAR के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती KHELAN NIRMALKAR पिता/पति S/O LATE. RAMDHIN NIRMALKAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री के अनुसार/ **अपंजीकृत बटवारानामा पारिवारिक व्यवस्था पत्र** वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
सूचना जारी करे,
श्री सुशील कुमार चौधरी
(जोन कमिश्नर)

न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.)
ईकोट क्र. ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम- कृतबांधा प.ह.नं. 18

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सम्पत चन्द्राकर पिता कृपाराम चन्द्राकर निवासी ग्राम कृतबांधा तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा अपनी दादी माँ गोलिया बाई पिता भुखऊ चन्द्राकर के मृत्यु प्रमाण पत्र शासकीय कार्य में आवश्यकता पड़ने से जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के का मृत्यु दिनांक 14/11/2022 में ग्राम कृतबाधा में हुई है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पत्वात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 15/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।
पेशी दिनांक - 30/01/2
सील
तहसीलदार
पिपरिया

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755,6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-

न्यूज गैलरी

कृष्णा नगर में शान से फहराया तिरंगा

भाटापारा/नवप्रदेश। कृष्णा नगर कालोनी में गणतंत्र दिवस पर शान से तिरंगा फहराया गया। झंडोत्तोलन की मुख्य अतिथि श्रीमती चंद्रकला नायक ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेन्द्र गुप्ता वेंकट राव मनजीत सप्पल सुरेश गुप्ता ध्रुव जसवानी निहाल पांडे अरुण अग्रवाल श्रीवास्तव जी, प्रकाश गुप्ता ,रामगोपाल वर्मा हेमेन्द्र वर्मा राम स्वार्थ पंडित प्रीति मिश्रा, स्वाति सिंह, जानकी वर्मा उमा अग्रवाल चमेली वर्मा श्रीमती पूजा अग्रवाल सहित कालोनी वासी लोकतंत्र के महापर्व में उपस्थित थे।

शिवा इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव

भाटापारा/नवप्रदेश। लॉर्ड शिवा इंग्लिश मीडियम स्कूल निपानिया में वार्षिक उत्सव का आयोजन खेल मैदान में किया गया। इसमें लॉर्ड शिवा इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसका उपस्थित लोगों ने भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लॉर्ड शिवा इंग्लिश मीडियम के प्राचार्य युवराज गोस्वामी, नंदनी मेम, प्रिया तिवारी, इंदू वर्मा, नेहा, मंजू, दीप्ति, कंचन, मालती, निर्मला मेम ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मां की इच्छा का पुत्रों ने किया सम्मान मरणोपरांत, एम्स को देहदान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर कोटा निवासी श्रीमती प्रभात वर्मा धर्मपत्नी एन पी वर्मा (दुर्गा कॉलेज

वाले) का आज निधन हो गया है। वे नितिन सक्सेना और नीरज सक्सेना की माताजी थीं।परिवार ने AIIMS रायपुर में देहदान कर अनुकरणीय कार्य किया। अपनी मृत्यु से पहले परिवार के सदस्यों के समक्ष प्रभात वर्मा ने मृत्युपरांत अपने देह दान की इच्छा जताई थी जिसे आज परिवार के सदस्यों ने नाम आंखों से एम्स रायपुर में उनके देह दान कर उन्हें अंतिम विदाई दी। श्रीमती प्रभात वर्मा लंबे समय तक अध्यापन का कार्य किया लेकिन वर्तमान में वे कुछ समय से बीमार चल रही थी।

डा विकास आडिल ने सरस्वती शिशु मंदिर में किया ध्वजारोहण

भाटापारा/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का हर्षोल्लास

पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि डा. विकास आडिल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यकम में वल्लभ लाहोटी, अनिल जैन, विशाल पारप्यानी, अनिल चांडक, हंसा राठी, दुर्गेश नंदनी गुप्ता प्रधानाचार्य श्रीकांत मंडल अभिभावक गण भैया/बहनों एवं समस्त आचार्यो की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसके बाद माँ सरस्वती ओम एवं भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं भारत माता की आरती के साथ कार्यकम की शुरुआत की गई। कक्षा षष्ठ व सप्तम के भैया सूर्य नमस्कार व कक्षा चतुर्थ व पंचम के भैया बहनों ने योग व्यायामक का प्रदर्शन कर स्वस्थ्य जीवन हेतु दैनिक दिनचर्या का संदेश दिया। मुख्य अतिथि डा. विकास आडिल इस पर्व एवं इसकी सार्थकता को सारगर्भित रूप में प्रस्तुत किया। विद्यालय की आचार्या किरण वर्मा, वल्लभ लाहोटी व अनिल चांडक ने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और उन्हें अनुशासित रहने का संदेश दिया।

बैतुल के सापना जलाशय में शुरू हुआ जल विहार

■ **विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष की मौजूदगी में हुआ बोट क्लब का शुभारंभ**

बैतूल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग के माध्यम से बैतुल जिले के सापना जलाशय में जल पर्यटन की शुरुआत रविवार को विधायक हेमंत खंडेलवाल, डा योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख, गंगा उइके, जल प्रहरी मोहन नागर, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, राजीव खंडेलवाल सहित अन्य की मौजूदगी में हुआ। सापना जलाशय में बोट क्लब का शुभारंभ किया गया। पर्यटन विभाग के द्वारा अनुज्ञापित करने के बाद सापना जलाशय में जल पर्यटन की गतिविधियों को शुरू किया गया है। यहां पर एक मोटर बोट और दो पैडल बोट की सुविधा पर्यटकों को उपलब्ध कराई जा रही है। बोट क्लब का संचालन करने वाले हरिओम शुक्ला ने बताया कि पर्यटन विभाग के द्वारा जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सबसे पहले बोट क्लब की सुविधा प्रारंभ की गई है। इसमें पर्यटक सापना जलाशय में बोट का आनंद ले पाएंगे। यहां बोट क्लब के साथ ही आने वाले दिनों में पर्यटकों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बोट क्लब के शुभारंभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, पूर्व विधायक मंगलसिंह धुर्वे, समाजसेवी अमित पटेल सहित बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधि, गणमान्यजन उपस्थित थे।

कैसे पहुंचे बोट क्लब

सापना जलाशय के बोट क्लब तक पहुंचना बेहद ही आसान है। बैतुल-नागपुर फोरलेन पर बैतुल से नागपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर सापना जलाशय के किनारे से ही पुराने हाइवे पर जाकर कुछ दूर ही बोट क्लब पहुंचा जा सकता है। मुलताई से बैतुल की ओर आने पर सापना जलाशय में जिस स्थान से पानी जमा दिखता है वहां पर खापा गांव से पुराने हाइवे पर मुड़कर आसानी से पहुंचा जा सकता है।

लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का विश्वास मजबूत हो: हरिवंश

■ **विधायिकाओं में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की जरूरत**

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश ने रविवार को मुंबई में 84वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन के दौरान जिन दो विषयों पर चर्चा हुई उनमें लोकतांत्रिक संस्थाओं में लोगों का विश्वास मजबूत करना, विधायिकाओं में अनुशासन और मर्यादा बनाए रखने की आवश्यकता और समिति प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के तरीके शामिल थे। उपसभापति ने देश में विधानमंडलों में व्यवधान के विभिन्न पैटर्न और सदन चलाने में पीठासीन अधिकारियों के समक्ष चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा असहमति किसी न किसी रूप में हमेशा लोकतांत्रिक व्यवस्था का हिस्सा रही है और विधायिका में कभी-कभार होने वाले वाद-विवाद के दौरान इसे समझा जा सकता है। हालाँकि, असहमति सीमाओं के भीतर होनी चाहिए और सदन के नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार होनी चाहिए।

हालाँकि, इन दिनों व्यवधान सत्र के पहले कुछ दिनों से आरंभ होते हैं और कई दिनों तक जारी रहते हैं जो यह दर्शाता है कि ये व्यवधान अक्सर योजनाबद्ध और विधायिका के प्राथमिक कार्य को बाधित करने के लिए होते हैं, उन्होंने यह भी कहा कि कई सदस्य विधायी कार्यवाही को बाधित नहीं करना चाहते हैं और अक्सर पार्टियों से प्रभावित होकर व्यवधान में भाग लेते हैं। ऐसे में सदन के सुचारु संचालन के लिए सभी दलों के बीच आम सहमति और समन्वय की जरूरत है। उन्होंने सुझाव दिया कि राज्यों को अपने नियमों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने पर विचार करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे वर्तमान जरूरतों के अनुरूप हैं और सदन के कामकाज के संचालन में बेहतर समय आवंटन किया जा सके। समिति प्रणाली के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हालांकि समितियां व्यवधान का प्रत्यक्ष उत्तर नहीं हैं, लेकिन वे शीतलन प्रक्रिया के रूप में कार्य करती हैं और अप्रत्यक्ष रूप से सदन के पटल पर होने वाले टकराव को कम करने में मदद करती हैं। उन्होंने संसद में विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समितियों के विभिन्न प्रयासों पर प्रकाश डाला, जिन्होंने सरकार की नीतियों के बेहतर निर्माण और कार्यान्वयन में सहायता की है। उन्होंने विशेष रूप से राज्य विधानसभाओं में बजट जांच के महत्व और नियमों की बेहतर जांच के लिए अधीनस्थ विधान समिति को सशक्त बनाने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। उन्होंने राज्यों से ऐसी समितियां गठित करने का भी आग्रह किया जो हमारी भविष्य की नीतियों के लिए आवश्यक हों। उदाहरण के लिए, राज्य तेजी से भारत की ऊर्जा संक्रमण प्रक्रिया का हिस्सा बन रहे हैं और उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा के बुनियादी ढांचे, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने, शहरों के डिजाइन आदि जैसी विभिन्न नीतियों को लागू किया है। इस संदर्भ में, उन्होंने सुझाव दिया कि राज्यों में ऊर्जा संक्रमण समिति इन विकासों की निगरानी में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सम्मेलन के दौरान, विभिन्न राज्यों के पीठासीन अधिकारियों ने अनुशासनात्मक मुद्दों के समाधान और समिति प्रणाली को मजबूत करने के कदमों की पहचान के लिए अपने प्रयासों और परिपाटियों पर प्रकाश डाला। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समापन सत्र को संबोधित किया। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी समापन समारोह में शामिल हुए।

न्याय यात्रा के लिए अभिषेक स्टेट कोआर्डिनेटर

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में न्याय यात्रा फरवरी में छत्तीसगढ़ पहुंचेगी। जिसे देखते हुए किसान कांग्रेस के नेता अभिषेक मिश्रा को न्याय यात्रा का कोर्डिनेटर नियुक्त किया है। कांग्रेस की 11 दिन पहले मणिपुर से शुरू हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ के 7 जिलों से गुजरेगी। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 फरवरी के बाद छत्तीसगढ़ पहुंचेगी। इसी क्रम में रविवार को पार्टी ने किसान कांग्रेस के अभिषेक मिश्रा को न्याय यात्रा का स्टेट कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। पार्टी द्वारा जारी आदेश इसकी जानकारी दी गई है।

चंद्रदेव राय और अनिल अग्रवाल बने पर्यवेक्षक

जबकि रायगढ़ जिले के लिए पूर्व विधायक चंद्रदेव राय और अनिल अग्रवाल को जिला पर्यवेक्षक बनाया गया है। सक्ती के लिए गुरूमुख सिंह होरा, गुलाब कमरो, जांजगीर चांपा के लिए पूर्व विधायक शैलेष पांडेय, विनय भगत, कोरबा के लिए यूडी मिंज और नोबेल वर्मा, सरगुजा के लिए सफी अहमद, जेपी श्रीवास्तव, सूरजपुर के लिए प्रेमसाय सिंह टेकाम और पारसनाथ राजवाड़े और बलरामपुर जिले के लिए डॉ. प्रीतम राम और द्वितेंद्र मिश्रा को जिला पर्यवेक्षक बनाया गया है।

आरोहण-2024 राज्य स्तरीय खेल और सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ आज

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव ÷आरोहण÷ का शुभारंभ आज सुबह 11 बजे से होने जा रहा है। इस महोत्सव में राज्य के 250 विभिन्न संस्थानों के 1800 प्रतिभागी प्रतिस्पर्धा करते नज़र आएंगे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एन.सी.सी कैडेट की अगुवानी में मंचारूढ़ होंगे। उद्घाटन समारोह का प्रारंभ भारतीय सांस्कृतिक परंपरानुरूप दीप प्रज्जवलन एवं राज्य गीत गायन के साथ आरोहण मशाल ज्योति प्रज्जवलन से होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि की घोषणा के साथ आरोहण का आगाज होगा और युवा कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जायेंगी। आरोहण में 21 खेल स्पर्धाएं (कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, वालीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, खो-खो, आर्चरी, कैरम, शतरंज, यौग, लांग व हाई जंप, शार्ट, मिडिल व लांग डिस्टेंस रेस, रिले व हर्डल रेस, जेवलिन थ्रो एवं शॉट पुट) एवं सांस्कृतिक स्पर्धाओं में तात्कालिक भाषण स्पर्धा, गायन एवं वादन स्पर्धा, एकल एवं ग्रुप डांस स्पर्धा, सोलो और ग्रुप प्ले (नाट्य) स्पर्धा, फाइन आर्ट के तहत रंगोली, पेंटिंग और कोलाज़ का आयोजन किया गया है।

आरोहण
खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव

ज्ञान गंगा स्कूल को मिला प्रथम पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी के छात्रों द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में प्रस्तुत आकर्षक नृत्य के कारण राज्यपाल ने सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के पुरस्कार से पुरस्कृत किया। रायपुर में पुलिस परेड ग्राउण्ड में 75 वाँ गणतंत्र दिवस समारोह राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सशस्त्र सुरक्षा-बल, नगर-सेना पुलिस एवं सुरक्षा-बल, घुड़सवार बल, बैंड वैग पाइपर दस्ता परेड में शामिल हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश के चुने हुए विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने नृत्य-गीत की प्रस्तुति दी। उपरोक्त जानकारी ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी के डायरेक्टर सचिन

शांडिल्य ने दी। उन्होंने बताया कि इस समारोह में ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी,रायपुर के 120 छात्रों का चयन नृत्य के लिये किया गया था। इसमें ज्ञान गंगा के छात्रों ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत के बोल थे- हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा जिसे ख्यातिलब्ध कोरियोग्राफर विद्यालय की नृत्य शिक्षिकाओं ने कोरियोग्राफ किया था। ज्ञान गंगा एजुकेशनल एकेडमी के छात्रों की प्रस्तुति के लिए सर्वश्रेष्ठ विद्यालय के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार प्रदान करते हुये राज्य के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने विद्यालय के छात्रों की प्रशंसा करते हुए शुभकामनांए दी। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन और शाला की प्राचार्या श्रीमती प्रतिमा राजगोर ने छात्रों और शिक्षकों की पूरी टीम को बधाई देते हुये उनकी मेहनत, अनुशासन, लगन और जिजीविषा की प्रशंसा की।

समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सामने की पंक्ति में लाना ही असल गणतंत्र

नगरी/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर में 26 जनवरी को गणतंत्र का पर्व कुछ हटकर मनाया गया। प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों ने एकमतेन निर्णय लिया था कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों को ज्यादा से ज्यादा इस उत्सव में शामिल किया जाए। विद्यालय के प्राचार्य डॉ व्ही .पी.चन्द्रा सहित सभी शिक्षकों की मान्यता यही रही कि सिंगपुर में अति पिछड़ी जन जाति कमार निवास करती है। अतः क्यों न ध्वजोत्तोलन का कार्यक्रम कमार जन जाति के किसी व्यक्ति से सम्पन्न कराया जाए।

कमार जन जाति को भी पता चले कि इस पर्व को मनाने के पीछे का इतिहास क्या है।खोज बीन के बाद समाज की सक्रिय महिला खम्मन बाई का नाम सामने आने पर उन्हें ध्वजोत्तोलन एवम सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कर भारतीय गणतंत्र को सशक्त किया गया। ज्ञात हो कि श्रीमती खम्मन बाई शिक्षा के प्रति बहुत जागरूक हैं तथा कमार बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिये कमार

पालकों को सदैव प्रेरित करती रहती है। उसकी जागरूकता का ही परिणाम है कि आज उसकी बहू शिक्षिका के पद पर कार्यरत है। गणतंत्र पर्व पर हजारों की भीड़ के बीच श्रीमती खम्मन बाई ने कहा विद्यालय में ध्वजोत्तोलन कर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। वह निरन्तर प्रयास कर रही है कि कमार बच्चे शत प्रतिशत शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़े। इस हेतु वह विद्यालय जा जाकर कमार बच्चों के बारे में पूछताछ करती रहती है। विद्यालय में पांच घण्टे तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था के प्राचार्य डॉ व्ही पी चन्द्रा ने कहा कि शोषित,दलित ,वंचित,पीड़ित व्यक्ति शासन की प्रत्येक योजना में यदि भागीदार बनता है तभी गणतंत्र सही मायने में सफल होता है। इस गणतंत्र को सफल बनाने में शिक्षा की बड़ी भूमिका है। अतः हर पालकों को शिक्षा की मुख्य धारा में शामिल होना है। पालकों के सहयोग से गणतंत्र पर्व पर आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिंगपुर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे जिनमें मुख्यतःहेमा ध्रुव,उमेश्वरी यादव,बबली साहू,मीना मरकाम,सफीना बानो, रामेश्वरी बाई, भुनेश्वरी ध्रुव,योगिता सेन,कला बाई सेन,भुनेश्वरी कौशल,दीप्ति ग्वाल,सरिता यादव,लीला कंवर,विमला यादव , विमला सेन,सुनीता ध्रुव,यामिनी यादव,चंद्रिका यादव,उत्तरा दीवान,डी पी बागड़े, जीवन साहू,राधेलाल साहू,सरपंच फणीन्द्र गंगासागर,ग्राम पटेल जितेंद्र गंगासागर,डॉ नोहर साहू,अयूब खान रिजवी,रघु ठाकुर,धनन्जय साहू सहित संस्था के समस्त स्टाफ शामिल थे।

असम के सीएम ने राहुल की न्याय यात्रा को रोकने की कोशिश की

■ **न्याय का हक मिलने तक जारी रहेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा**

■ **न्याय यात्रा में महिलाओं की होगी सक्रिय भागीदारी: अल्का लांबा**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अल्का लांबा ने रविवार 28 जनवरी को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिसकी शुरुआत मणिपुर से 14 जनवरी को हुई है। यह छत्तीसगढ़ के 7 जिलों से होकर, 536 किमी की दूरी 5 दिन में तय करेगी। इसमें महिला कांग्रेस की सक्रिय भूमिका होगी। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि किस प्रकार असम के मुख्यमंत्री ने प्रशासन का दुरुपयोग करते हुए राहुल गांधी की न्याय यात्रा को रोकने का प्रयास किया, कॉलेज के अंदर नहीं जाने दिया मंदिर के भीतर प्रवेश नहीं करने दिया। उन्होंने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पांच स्तंभ - युवा, भागीदारी, नारी, किसान एवं श्रमिक न्याय हैं और न्याय का हक मिलने तक का नारा लेकर यह यात्रा निरंतर चल रही है, क्योंकि इन पांच स्तंभों के साथ केंद्र की मोदी सरकार ने केवल अन्याय किया है। 10 साल के बाद 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का विधेयक पारित होने के बाद भी महिलाओं को न्याय नहीं मिला है, अन्यथा 2024 के चुनाव के बाद 180 बहनें संसद के भीतर होती। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले प्रधानमंत्री के नाक के नीचे उनके निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में एक नाबालिग बच्ची के साथ बीजेपी के आईटी सेल के सदस्य रेप करते हैं और रेप के बाद मध्यप्रदेश में भाजपा नेताओं के संरक्षण में भाजपा के पक्ष में वोट मांगते हैं और प्रचार करते हैं। इसी प्रकार चाहे साक्षी मलिक हो, चाहे गुजरात में बिलकिस बानो हो महिलाओं को न्याय नहीं मिला है। आज बेरोजगारी, महंगाई, गिरती हुई अर्थव्यवस्था, चीन से सरहद पर विवाद जनता के सामने हैं और जनता हताश है।

बाइक बेचने की फिराक में घूम रहा संदिग्ध चोर गिरफ्तार

नगरी/नवप्रदेश। 16 जनवरी को प्रार्थी बिसम्भर मरकाम अपने मोटर सायकल क्र.CG-05-W-1522 में गाँव के संकल्प शिविर ग्राम टांगापानी स्कूलपारा बाजार चौक के पास गया हुआ था मोटर सायकिल को रखकर संकल्प शिविर में भाग लेने गया हुआ था वापस आ कर देखा तो मोटर सायकिल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था कि प्रार्थी के लिखित आवेदन पर दिनांक 18.01.24 को थाना सिहावा में अप0क्र0 12/24 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में एसडीओपी.नगरी श्री

मयंक रणसिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए विवेचना के दौरान पता तलाश किया गया पतासाजी जरिये मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति उक्त चोरी हुई मोटर सायकिल को ले कर बिरगुड़ी हर्रापारा में बिक्री करने की फिराक में घुम रहा है की सूचना की तस्दीक व आवश्यक कार्यवाही हेतु मौके पर पहुंचकर गवाहों के समक्ष संदेही को हिरासत में ले कर मेमोरण्डम कथन के आधार पर एक मोटर सायकिल को जप्ती किया गया।

बाइक में खतरनाक स्टंट करते बाइकर्स गिरफ्तार

■ **16 बाइकर्स के विरुद्ध धारा 279, मोटर यान अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई**

रायपुर/नवप्रदेश। नया रायपुर की सड़कों पर बाइकर्स गैंग द्वारा तेज गति और स्टंटबाज़ी करने वाले कुल 16 वाहन चालकों के खिलाफ बाइक स्टंट करते पकड़े जाने पर तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने, असुरक्षित रूप से वाहन चलाकर लोगों के जीवन को खतरे में डालने, मौके पर वाहन के कागजात पेश नहीं करने, बिना नंबर के वाहन चलाने संबंधी IPC एवं M.V. Act की धाराओ 279 IPC 184, 130/177, 39/192(1)A, M.V. Act के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की गई। थाना मंदिर हसौद के द्वारा पकड़े गए बाइकर्स में विमल जोशी पिता स्व. राजेश जोशी (22) पता संतोषी नगर सुमीत बाजार के पीछे थाना टिकरापारा जिजा रायपुर रायपुर (KTM Duke CG-04-PC-2796), अमित यादव पिता उमेन्द्र यादव (28) पता ग्राम अटारी थाना कबीर नगर जिला रायपुर (पल्सर CG-04-PL-7609), संदीप रानाडे पिता आत्माराम रानाडे (18) पता ग्राम गुमा थाना उरला जिला रायपुर (पल्सर CG-04-PF-7236), तरूण मंजारे पिता लक्ष्मण मंजारे (31) पता छपोरा थाना विधानसभा जिला रायपुर (पल्सर CG-04-PB-7155), धनेश साहू पिता लोकुराम साहू (20)

पता रामेश्वर नगर भनपुरी थाना खमतराई जिला रायपुर (पल्सर CG-04-PM-4703), राकेश लोधी पिता नरेश लोधी (20) पता न्यू प्रगति नगर बीरगांव थाना उरला जिला रायपुर (यामहा R-15 CG-04-MS-4796), खेमराज साहू पिता नरसिंह नाथ साहू (19) पता शुभम के मार्ट के पीछे संतोषी नगर थाना टिकरापारा जिला रायपुर (KTM CG-04-LW-9734), अनस ओगरे पिता स्व. नामदास ओगरे (20)पता बनरसी थाना माना कैंप जिला रायपुर (पल्सर CG-04-NY-9542), मोहम्मद रिजवान पिता मोहम्मद हमीब (18) पता सेमरिया मुर्गी फार्म मोहल्ला थाना विधानसभा जिला रायपुर (यामहा क्र-15 CG-04-MS-2751), इसी प्रकार थाना राखी द्वारा नया रायपुर के सतनाम चौक, दीनदयाल उपाध्याय चौक, मंत्रालय टर्निंग के आसपास 7 वाहन चालकों के खिलाफ बाइक स्टंट करते पकड़े जाने पर आईपीसी एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं 279 ipc 184 एमवी एक्ट के तहत प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर कार्यवाही की गई है।

कमल कुमार बिरवंश पिता राम की वीरवंश (21)निवासी अटारी नंदनवन थाना आमानाका जिला रायपुर पल्सर बाइक सीजी 04 टीसी 4810, संजय साहू पिता पिता खेमलाल साहू (19) निवासी धनेली थाना धरसीवा रायपुर मोटरसाइकिल पल्सर CG04 सीजी pe 8337,रवि कुमार साहू पिता कमल साहू (22) पता रामेश्वर नगर भनपुरी थाना खमतराई रायपुर मोटरसाइकिल केटीएम सीजी 04 एमटी 5808, रोहित चौधरी पिता संजय चौधरी (19)वर्ष गाजी नगर बिरगांव थाना उरला रायपुर यामाहा एमटी सीजी 04 पीजे 1918, अमित मंडल पिता मनोरंजन मंडल(18) माना कैंप थाना माना रायपुर मोटरसाइकिल पल्सर CG04 पीजी 2019, थाना उरला निवासी नाबालिग अपचारी बालक और थाना धरसीवां निवासी नाबालिग अपचारी बालक आदि शामिल हैं। यातायात पुलिस रायपुर द्वारा थाना प्रभारी मंदिर हसौद एवं थाना राखी के साथ संयुक्त रूप से बाइकर्स गैंग के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

न्यूज गैलरी

आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख की आर्थिक मदद

बलौदाबाजार-भाटापारा /नवप्रदेश। प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 24 जनवरी 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार हितग्राहियों में हेमलाल साहू पिता प्रभुराम, निवासी ग्राम भवानीपुर, तहसील पलारी, काशीराम देवांगन पिता निरंजन, निवासी ग्राम गिधपुरी, तहसील पलारी, शकुन मारकण्डे पत्नि स्व. विष्णु मारकण्डे, निवासी ग्राम भवानीपुर, तहसील पलारी एवं टिकेश्वर पिता छन्नूलाल,निवासी ग्राम वटगन, तहसील पलारी शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के खदान, तालाब के पानी में डूबने, सर्पदंश, आग में जलने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर महोबे ने फहराया तिरंगा

कवर्धा/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में कलेक्टर जनमेजय महोबे ने ध्वजारोहण किया। इसके पूर्व उन्होंने परिसर में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प माला चढाकर उनका नमन किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री महोबे ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रदेश और देश के हित में कर्तव्यनिष्ठ होकर कार्य करने की अपील की। अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर ऋतुराज सिंह, श्रीमती लेखा अजगल्ले ने भी अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित किया।

जिला पंचायत में शान से लहराया तिरंगा

कवर्धा/नवप्रदेश। 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला पंचायत कबीरधाम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सीईओ ने कहा कि शासकीय योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए हम सब कृत संकल्पित रहे। हमारे संविधान निर्माताओं ने विश्व का सबसे बड़ा एवं जन कल्याणकारी संविधान का निर्माण किया है जो समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करता है। उपसंचालक पंचायत राज तिवारी ने अपने संबोधन में सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करने में हम सब का योगदान महत्वपूर्ण है। हम अपनी पूरी ऊर्जा के साथ अपने कार्यों को पूरा करें। इस अवसर पर अन्य अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किया और एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए हर्षोल्लाह के साथ गणतंत्र दिवस को मनाया।

जिपं के आदर्श ग्राम की झांकी को प्रथम पुरस्कार

कवर्धा/नवप्रदेश। विकसित भारत के साथ आदर्श ग्राम का संदेश देता जिला पंचायत की झांकी को 75 वे गणतंत्र दिवस के परेड में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। आदर्श ग्राम में स्वच्छ भारत अभियान ग्रामीण के अंतर्गत ओडीएफ प्लस गांव तथा गरीबों के लिए पक्का आवास निर्माण सहित मूलभूत सुविधाओं को दर्शाया गया। प्रथम स्थान प्राप्त होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट ने जिला पंचायत परिवार को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि भविष्य में हम निरंतर इसी

प्रकार उत्कृष्ट कार्य करते रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम संदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में निर्मित इस झांकी ने ना केवल स्वच्छता का संदेश दिया वरन आम जनता के बीच केंद्र एवं राज्य शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का मनमोहन प्रस्तुतीकरण किया गया। जिला पंचायत की झांकी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा का आई ई सी रथ भी चल रहा था जिसमें विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की जानकारी दी जा रही थी। इसके अतरिक्त ग्राम नेवारी के डंडा नृत्य पार्टी द्वारा छत्तीसगढ़ी गीत के साथ मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। बेहतर प्रस्तुतीकरण एवं शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जिला पंचायत की झांकी को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित करने पर जिला पंचायत की पूरी टीम ने प्रसन्नता जाहिर की।

भारतीय सेना भर्ती के लिए आवेदन 21 मार्च तक

बलौदाबाजार-भाटापारा /नवप्रदेश। भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 फरवरी से 21 मार्च 2024 तक निर्धारित किया गया है। ऑनलाइन आवेदन इंडियन आर्मी की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट जॉइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर देख सकते है। पदों में अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, कलर्क/स्टोरकीपर, ट्रेड्समैन 10वीं व 8वीं पास ट्रेड्समैन, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस), नर्सिंग असिस्टेंस, नर्सिंग असिस्टेंट वेट, सिपाही फार्मा, हवलदार एस.ए.सी. और धर्मगुरु (आरटी जेसीओ) के पदो के लिए जारी किया गया है तथा ऑनलाईन परीक्षा अप्रैल अथवा मई महिने में होने की संभावना है। इस सम्बंध में जिला रोजगार अधिकारी सुश्री मनोरमा भगत ने जानकारी देते हुए बताया है कि ऑनलाईन परीक्षा के लिए उम्मीदवारों द्वारा शुल्क 250 रुपये का भुगतान करना होगा। भर्ती वर्ष 2024-25 के लिए उम्मीदवारों की भर्ती दो चरण में की जायेगी। प्रथम चरण में ऑनलाईन कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (ऑनलाइन सी.ई.ई.) और द्वितीय चरण में भर्ती रैली होगी। इस भर्ती हेतु दसवी या बारहवी बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए हैं और परिणाम की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहें है वे उम्मीदवार भी आवेदन करने के लिए पात्र है, बशर्ते वे क्यूआर को पूरा करते हुए जो की अधिसूचना में दिया जाएगा। यह भी सलाह दी है कि भर्ती चक्र (2024-25) के दौरान अपना मोबाईल नम्बर व ईमेल आई.डी जिससे पंजीकरण कर रहें हैं उसे न बदलें, क्योंकि सभी महत्वपूर्ण जानकारी उसी मोबाइल नम्बर और ईमेल आईडी पर दी जायेगी।

प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन का लइका मड़ई आयोजित

कुरूद/नवप्रदेश। छ.ग. प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएसन कुरूद एवं मगरलोड द्वारा शनिवार को कुरूद में लईका मड़ई कार्यक्रम का आयोजन इंडोर स्टेडियम कुरूद में हुआ। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत नगर की आराध्या देवी मां चंडी की पावन धरा में निजी स्कूल संचालकों द्वारा पूजन वंदन के साथ हुई,इसके उपरांत चंडी मंदिर से ही इंडोर स्टेडियम कुरूद तक सभी निजी स्कूलों की रैली विद्यालयों के बैड ,बैनर और अन्य विधाओं से सुसज्जित होकर निकाली गई। %भारत माता की जय%, %वंदे मातरम% , %जय हिंद, आदि जयघोष की महक ने इस रैली में चार चांद लगा दिया।विशेष आकर्षण रेनबो इंग्लिश मिडियम स्कूल करेली छोटी मेघा के छोटे बच्चों की सुसज्जित बैंड टीम रही जिनके द्वारा सुमधुर प्रस्तुति दी गई। साथ ही अन्य स्कूलों से राउत नाचा और विभिन्न पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित बच्चों की टोली रैली में सबका मन भाने लगी। इंडोर स्टेडियम स्कूल में रैली के आगमन उपरांत कार्यक्रम की मुख्य श्रृंखला प्रारंभ हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पूजन वंदन और अतिथि स्वागत से हुई।इसके उपरांत सभी निजी स्कूल के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी और मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। साथ ही मड़ई की तर्ज पर सभी ने झूलों का आनंद लिया। साथ ही विभिन्न स्कूल के बच्चों द्वारा फूड स्टॉल के तहत व्यंजन का भंडार लगाकर सभी का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों द्वारा छ.ग. का पारंपरिक बारहमासी, करमा, बस्तरीहा ,जसगीत के अलावा विभिन्न राज्यों की लोक परम्परा से जुड़ी आकर्षक परिधानों से सुसज्जित मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति हुई। वहीं प्रभु श्रीराम जी के आगमन, देशभक्ति ,सोशल मीडिया के प्रभाव ,बेटी बचाव सहित सामाजिक , धार्मिक ,शिक्षाप्रद नृत्य और नाटकों की बेजोड़ प्रस्तुति हुई,जिसे उपस्थित अतिथियों ,गणमान्य जनों और पालकों ने खूब सराहा।अतिथि की आसंदी से नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ,नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, बीआरसीसी कुरूद राजेश पांडेय,नगर पंचायत सभापति मनीष साहू आदि ने निजी स्कूल द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों की तारीफ की और कहा कि निजी स्कूल की टीम द्वारा बच्चों को सामूहिक रूप से मंच प्रदान किया गया।

3 सालों से सेवा परमो धर्म को चरितार्थ कर रहा सेवा सुगंधम

भाटापारा/नवप्रदेश। सेवा परमो धर्म कहा जाता है। मनुष्यों के लिये सेवा धर्म से बढ़कर कोई धर्म नहीं होता जो कि त्याग, तपस्या, बलिदान व समर्पण भाव का पूरक होता है। संसार में मनुष्य अपने जीविकोपार्जन को लेकर संघर्ष करते हुए परिवारिक दायित्वों का निर्वहन करता है। अपने पीछे अपने वंश को छोड़ दुनिया से अलविदा हो जाते हैं परंतु इन सब के बीच जो समाज के हितों के प्रति नैतिक भावना को लेकर जो हर स्तर पर सहयोग के लिये सजग व समर्पणशील रहते हैं। उन्हें समाज सेवक का दर्जा दिया जाता है। मनुष्य ही पृथ्वी का ऐसा जीव है जो लोक कल्याण लोक हित के लिये अपना सेवा व समय दे सकता है। क्योंकि उनके पास बुध्दि, विवेक, त्याग, समर्पण, सहिष्णुता व नैतिकता का भाव रहता है। गौरतलब है कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी जब लोगों को अपने आगोश में ले रहा था ऐसे नाजुक समय में लोग महामारी के डर

से अपने होकर अपनों से ही पीछा छुड़ाते नजर आते थे। परंतु इस भयावह महामारी के समय सेवा सुगंधम जैसी सामाजिक संस्था ने भाटापारा के लोगों के बीच अपनी सेवा से बहुत ही कम समय में अमिट पहचान बना ली है। समाज सेवा की एक नई परिभाषा प्रस्तुत की है।

सेवा सुगंधम सामाजिक ट्रस्ट द्वारा जिले में कई कार्य किए गए। कोरोना ग्रस्त लोगों को संक्रमण काल में क्वारंटाइन सेंटर में जाकर प्रतिदिन गिलोय का काढ़ा बनाकर पिलाना, चना मूंग का अंकुरित पैकेट देना। कोरोनाकाल में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के नर्स, डाक्टर, सफाई मित्र, पुलिस, पत्रकार आदि लोगों को करोना वारियर्स का सम्मान देकर प्रोत्साहित किया। दर्जनों निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया। पर्यावरण सुरक्षा के लिए पेड़ पौधों को लगाया। ऐसे सामाजिक कार्यों के कारण यह संस्था जिले में अपना विशिष्ट पहचान बनाने में सफल हो पाए। इन्हीं सभी मानवीय गतिविधियों को देखते हुए जिला बलौदाबाजार भाटापारा के पूर्व कलेक्टर सुनील जैन के द्वारा सेवा सुगंधम सामाजिक संस्था को दादा साहेब फाल्के कोरोना वारियर्स सम्मान से अलंकृत किया गया।

स्कूली छात्रों को यातायात नियमों की दी जानकारी

धमतरी/नवप्रदेश। सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह,उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणीशंकर के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा व स्वस्थ शरीर रखे स्वस्थ मन, स्वस्थ मन रखे सुरक्षित जन के उद्देश्य को सार्थक करने के लिए यातायात जागरूकता अभियान के तेरहवें दिन यातायात पुलिस शहर के वंदेमातरम स्कूल व दुगली पुलिस ग्रामीण अंचल के शास.उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गट्टासिल्ली में पहुंचकर यातायात का पाठशाला लगाये जिसमें यातायात पुलिस के द्वारा वंदेमातरम स्कूल में यातायात नियमों की जानकारी देकर हमेशा यातायात नियमों का पालन करने, मार्ग में चलने के दौरान हमेशा बांये चलने, झुंड में न चलने, बस में स्कूल आते-जाते समय कम से स्कूल में चढ़ने-उतरने बताया गया। स्कूली छात्र-छात्रों को तथा थाना दुगली में पदस्थ प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुश्री विंकेश्वरीर पिंदे ने छात्र-छात्राओं को यातायात सिग्नलों की जानकारी देते हुए बताया कि चौक पर पहुंचने के दौरान यदि लाल बत्ती जल रही है, तो स्टाप लाईन के पीछे रूकने, हरी बत्ती जलने पर यदि रास्ता साफ हो तो आगे बड़ने, पीली बत्ती जलने पर यदि आप स्टाप लाईन के पीछे है, तो स्टाप लाईन में रूके, स्टाप लाईन पार कर चुके है, तो तत्काल आगे बढ़े बताया साथ ही मार्ग के सूचनात्मक, संकेतात्मक चिन्हों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, उप निरीक्षक अमित बघेल द्वारा बिना लायसेंस के वाहन चलाने,चलाते पाये जाने पर अभिभावक के विरूद्ध कार्यवाही की जाती है, बताकर बिना वाहन चालन के दौरान स्टंटबाजी नही करने, बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट नही चलने हमेशा यातायात नियमों का पालन करने बताया गया और यह भी बताया गया की शहर के जिस चौक पर विद्युत सिग्नल नही होता वहां पर यातायात पुलिस द्वारा अपने हाथों के माध्यम से यातायात को संचालित किया जाता है जिसका प्रदर्शन कर छात्र-छात्रों को बताकर यातायात नियमों का पालन करने सउक्त कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक (परि.) विकेश्वरी पिंदे,उनि. अमित बघेल,उनि. खेमराज साहू, प्रआर. पेमन साहू, आर. गणपत डिंडोलकर, आर.सेवक रंगारी, शिवचरण कुर्रे एवं वंदे मातरम स्कूल, गट्टासिल्ली स्कूल के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी-छात्राएँ उपस्थित।

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी हुए सम्मानित

धमतरी/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि विधायक कुरूद अजय चन्द्राकर द्वारा जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों और अन्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें पशु चिकित्सा विभाग के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी दानेश्वर साहू, परिचारक नेमीचंद निषाद, स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ डॉ.डी.आर.ठाकुर, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अरूण कुमार नेताम, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक हितेन्द्र कुमार साहू, सीएचओ खिलावन साहू, आरएचओ मंजू साहू शामिल हैं। इसी तरह राजस्व विभाग के सहायक ग्रेड 2 मुकुंद सिंह नेताम, चौकीदार कृपाराम ध्रुव, राजस्व निरीक्षक शंभू नेताम, रोहित ध्रुव, निर्वाचन शाखा के निर्वाचक पर्यवेक्षक श्री ओम प्रकाश चन्द्राकर, वन विभाग के सहायक ग्रेड 2 मुकेश पाण्डेय, बीट फॉरेस्ट ऑफिसर परिसर पाहंदा श्री गौतम निषाद, उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के गेमगाड विजय कुमार खुंटे, गजराज वाहन चालक संतोष राम को प्रशस्ति पत्र प्रदाय किया गया। सी तरह शिक्षा विभाग के विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक राजेश कुमार पाण्डेय, प्राचार्य गेवाराम नेताम, व्याख्याता एल.बी. आकाश गिरी गोस्वामी, व्यायाम शिक्षक ओंकार पटेल, छात्रा कुमारी सृष्टि दुबे, आदिवासी विकास विभाग के स्टेनोग्राफर भुवनेश्वरी साहू, सहायक ग्रेड 2 श्री जितेन्द्र कुमार पाण्डे, भृत्य तामेश्वर बंजारे, प्रचार-प्रसार अधिकारी श्री डूमनलाल ध्रुव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास विस्तार अधिकारी लक्ष्मण सिंह साहू, तकनीकी सहायक सचिन सोम, कम्प्यूटर ऑपरेटर हुलास राम साहू, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के उप अभियंता कमलेश ठाकुर, स्वच्छता दीदी ममता दीवान, उद्यानिकी विभाग के ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी नर्मदा प्रसाद भारती, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के आईएमआईएस समन्वयक खेमचंद कुमार साहू, सोमेश कुमार साहू, जेल विभाग के सहायक जेल अधीक्षक नरेन्द्र कुमार डहरिया, प्रहरी भूपेन्द्र कुमार साहू, पुलिस विभाग के निरीक्षक दीपा केंवट, उप निरीक्षक रमेश साहू, कंपनी कमांडर अर्जुन सिंह, सहायक उप निरीक्षक राकेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक संतोषी नेताम, प्रधान आरक्षक राजेश दीवान, माखनलाल ध्रुव, हरीश साहू, आरक्षक संदीप यादव, हेमंद ध्रुव, अभियोजन शाखा के जिला अभियोजन अधिकारी अजय सिंह, नेहरू युवा केन्द्र के मास्टर ट्रेनर लुकेश्वर कुमार साहू, स्वयं सेवक योगेश्वर सिन्हा, मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल के संगीत शिक्षक श्री हीरालाल साहू और पुरातत्व पर्यटन समिति धमतरी के प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा पहुंचे कलेक्टर

- **बीएमओ और बीपीएम के अनुपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में पहुंचकर मरीजों के इलाज के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने प्रसूति कक्ष, चिकित्सक कक्ष, जांच लैब, वेटिंग हॉल आदि का अवलोकन किया। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान मौके पर बीएमओ एवं बीपीएम अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी जताते हुए बीएमओ और बीपीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मौके पर मौजूद स्टाफ से प्रतिदिन की ओपीडी, आईपीडी, डिलीवरी केस सहित अस्पताल में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर, स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन आदि की जानकारी ली। कलेक्टर ने चिकित्सक कक्ष पर निजी अस्पताल की प्रिस्क्रिप्शन पर्ची और निजी दवाई दुकान की पर्ची दिखाई देने पर नाराजगी जताई। उन्होंने मरीजों को निशुल्क और सस्ते दवाइयों का लाभ देने के लिए जेनरिक दवाइयां ही लिखने के निर्देश डॉक्टरों को दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अस्पताल परिसर और वार्डों में साफ सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल आए मरीजों और उनके परिजनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही मरीजों को मिलने वाले खाने की सुविधा के बारे में भी पूछा।

कबीरधाम में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

- **पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने ध्वजारोहण किया**

कवर्धा/नवप्रदेश। आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय (पी.जी. कॉलेज) मैदान में 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। यहां पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। विधायक श्रीमती बोहरा ने शांति और आजादी तथा अमरता की प्रतीक स्वेत कबूतर और रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली तथा जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर कलेक्टर जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव विशेष रूप से उपस्थित थे।

समारोह स्थल पर जिले के शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों के स्कूली बच्चों ने देश भक्ति, लोक कलाओं, लोक गीतों और लोक परंपराओं पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीता। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया। विभिन्न विभागों द्वारा विकास पर आधारित झांकिया निकाली गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिस्त पत्र दिया गया। परेड ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर सशस्त्र प्लाटून जिला पुलिस बल, नगर सेना के जवानों ने हर्ष फायर किया। 9 परेड दलों ने परेड कमांडर महेश्वर सिंह और सेकेंड कमांडर त्रिलोक प्रधान के नेतृत्व में प्लाटूनों ने आकर्षक मार्चपास्ट कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सतोष पटेल, रघुराज सिंह, जनपद उपाध्यक्ष विरेन्द्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, श्रीमती भुनेश्वरी चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, जसविंदर बग्गा, भुनेश्वर चंद्राकर और वन मंडाधिकारी चुड़ामणि सिंह, अपर कलेक्टर इंद्रजीत बर्मन सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित। मंच संचालन अवधेश श्रीवास्तव एवं श्रीमती मीरा देवांगन द्वारा किया गया। इस वर्ष कुल 9 टोलियां शामिल हुई, जिसमें सशस्त्र प्लाटून से 17वीं वाहिनी छग बल से प्लाटून कमांडर सहायक उप निरीक्षक जितेन्द्र चंदेल, जिला पुलिस बल-पुरूष से एएसआई कृष्णकुमार चंद्रवंशी, जिला पुलिस बल-महिला से एएसआई उमा उपाध्याय, नगर सेना से प्लाटून कमांडर मंगलुराम मंडावर, वन विभाग से कमांडर तारकेश्वर यादव, एनसीसी बालक पीजी कॉलेज कमांडर अरूण कुमार, एनसीसी बालिका पीजी कॉलेज कमांडर रानु खुसरो, एनसीसी बालक स्वामी करपात्री जी रूद्र गेन्ड्रे और एनसीसी बालिका स्वामी करपात्री जी कमांडर हीरामणि गेन्ड्रे परेड का प्रतिनिधित्व किया।

न्यूज गैलरी

गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 26 जनवरी को 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। जनपद पंचायत में जनपद अध्यक्ष गायत्री रामफल साहू ने तिरंगा ध्वज फहराया। पुराने जनपद आफिस में जनपद उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संविधान निर्माता को नमन करते हुए जनपद उपाध्यक्ष पवन पांडेय ने कहा कि संविधान में बाबा साहेब ने वंचितों गरीबों के कल्याण की बात कही थी। जिसे आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार कर रहे हैं। गरीबों के लिये कल्याणकारी योजनाएं चलाया जा रहा है। आने-वाले समय में भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा, जहां पर कोई भेदभाव, नहीं रहेगा, सबके पास पक्का मकान होगा। इस अवसर पर सभापति शिवकुमार बंजारा, शैलेन्द्र तिवारी, चंद्रमुखी सिंह, रामचंद्र साहू जनपद सीइओ अमित सेन सहित इंजीनियर, तकनीकी सहायक, और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें लेखाधिकारी रामकुमार दीक्षित, पंचायत सचिव गरिमा तिवारी, मनरेगा के आपरेटर शिवांश शामिल थे।

अधिकारी-कर्मचारियों हुए सम्मानित

मुंगेली/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 150 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा आगे और भी बेहतर कार्य के लिए उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कलेक्टोरेट के अधीक्षक अशोक सोनी और महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक श्रीमति विभा मसीह ने किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पाण्डेय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर अजीत पुजारी, मेनका प्रधान, डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज, एसडीएम आकांक्षा शिक्षा खलखो, पथरिया एसडीएम बीआर ठाकुर, लोरमी एसडीएम प्रवीण तिवारी, नगर पालिका मुंगेली के पार्षदगण, गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी, विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में लोग और स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

अतिथियों का बैज लगाकर स्वागत

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं महात्मा गांधी के छायाचित्र की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया। शाला प्राचार्य डॉ. आईपी यादव सहित वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता पंकज मिश्रा ने सभी अतिथियों का अपना बहुमूल्य समय देकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में व्याख्याता महादेव यादव, सांत्वना दत्ता, पुष्पांजली कोशले, सविता देवांगन, रीना मरावी, संध्या कुजूर, दिलेश्वरी मरावी, पारूल ओझा, राहुल वर्मा, उमाशंकर साहू, हरिशंकर गुप्ता, ललिता प्रसाद पाटले, वीर सिंह सिकंदर, दीप्ति चतुर्वेदी, अमृता पात्रे, डिकेश्वरी श्रीवास, साकेत शुक्ला व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद साहू, शिक्षक प्रकृति तिवारी, डुलेश गबेल, राहुल यादव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

दशरंगपुर में गणतंत्र दिवस मनाया गया

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशरंगपुर में गणतंत्र दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया। सर्वप्रथम डीजे के साथ प्रभात फेरी निकालकर ग्राम भ्रमण कराया। विधायक मोहले के द्वारा बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर, छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी की तस्वीर का पूजा अर्चना कर तिरंगा झंडा फहराया गया। सरस्वती वंदना व्याख्याता दीक्षा सिंगसर्वा द्वारा तथा स्वागत गीत विद्यालय के बच्चो एवं स्वागत भाषण प्राचार्या श्रीमती शशि घोसले के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से श्रीकांत पांडेय, मानसिंह मोहले, अधीन दास मोहले, राजकुमार साहू, चंद्रप्रकाश टंडन, मुलचंद राजपूत, नोहर मोहले ग्रामवासी तथा विद्यालय के व्याख्याता एवं कर्मचारीगण तथा बच्चे उपस्थित रहे।

करूपान में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला करूपान में गणतंत्र दिवस की 75वें वर्ष धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य जानकी डॉ. रामकुमार साहू, सरपंच लोकराम साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि डॉ. रामकुमार साहू एवं अतिथियों के द्वारा भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी के चित्रों पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया। संकुल स्तरीय खेलों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। सदस्य जानकी साहू के द्वारा कक्षा पांचवी से आठवीं तक छात्र-छात्राओं को पेन प्रदान कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उप सरपंच जलेश्वर साहू, पूर्व सरपंच बसंत भारती, पंच कौशल साहू, लच्छी भास्कर, प्रधान पाठक, शिक्षकगण, पालकगण सहित ग्रामवासी, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल रहे।

दल से बिछड़े हाथियों का उत्पात, वन विभाग की टीम गांव पहुंची

हाथियों के दल ने मचाया उत्पात, तोड़ा घर

ग्रामीणों में दहशत का माहौल, रतजगा करने मजबूर

जशपुरनगर/नवप्रदेश। पत्थलगांव वनपरिक्षेत्र के जंगल में फिर से 10 हाथियों का दल पहुंच गया है। हाथी आसपास के गांवों में आतंक मचा रहे हैं। गुरुवार की रात करीब एक बजे एक मादा हाथी बालाझर के एकड़ाआमा में पहुंच गया।

वहां चेतन कोरवा के मकान को तोड़ दिया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य सोए हुए थे। उन्होंने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। दूसरे दिन रात करीब तीन बजे फिर से बालाझर के ही कूडापानी बस्ती में मादा हाथी पहुंच गई। जहां संतराम राउत के मकान को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। कमरे में सो रहे संतराम और उसके परिवार के लोगों ने पड़ोस के घर में जाकर अपनी जान बचाई। इधर, ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल रेंजर को दी। जहां बीट गार्ड की टीम हाथी मित्र के साथ गांव में पहुंची। तब तक मादा हाथी जंगल की ओर चला गई थी।

ग्रामीण संतराम ने बताया कि जंगल में एक मादा हाथी पिछले पांच दिनों से डेरा जमाए हुआ है। वह शाम होते ही भोजन की तलाश में जंगल किनारे सटे बस्तियों में आ जाती है। इससे ग्रामीण दहशत में है। पत्थलगांव वन परिक्षेत्र के रेंजर कृपा सिंधु पैंकरा ने बताया कि तमता क्षेत्र में एक हाथी और लुड़ेग में चार हाथी हैं। कुल 10 हाथियों का दल था। इनमें से पांच हाथी यहां से निकल गए हैं। उन्होंने बताया कि लोगों को शाम ढलते ही घर से नहीं निकलने को कहा गया है। साथ ही जंगल के रास्ते से होकर सफर नहीं करने की मनाही की गई है। बीट गार्ड की टीम जंगल इलाके के गांवों में गश्त कर रही है। हाथियों द्वारा तोड़े मकानों का प्रकरण बनाया जा रहा है। पीड़ित परिवार को मुआवजा राशि दी जाएगी।

दो गुटों में मारपीट, 14 लोगों पर एफआईआर

रायगढ़/नवप्रदेश। सावित्रीनगर में एक किराए के मकान में एक समुदाय द्वारा धर्मग्रंध का पाठ कराने की सूचना मिली तो भायजुमो, विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे। उन्होंने हिंदू मतावलंबियों के धर्म परिवर्तन का आरोप लगा विरोध किया। भाजपा पार्षद और विरोध कर रहे लोगों पर सभा में शामिल महिला पुरुषों ने हमला कर दिया। सोशल मीडिया में जारी वीडियो में बेलन और घरेलू सामान से मारपीट करते हुए लोग दिख रहे हैं। विरोध करने गए लोगों ने मोहल्ले वालों को फोन कर बुलाया और धर्मांतरण का आरोप लगाकर विरोध किया। मारपीट व धर्मांतरण की सूचना के बाद जूटमिल पुलिस मौके पर पहुंची। समाज के प्रमुखों का थाने ले आई। पुलिस अधिकारी भी पहुंचे। एसडीएम के सामने मकान में रखे उनके सामान जब्त कर आगे की कार्रवाई करने की बात कहीं। सवित्री नगर क्षेत्र अंतर्गत एक बिल्डिंग में कुछ लोग किराए पर मकान लेकर यहां हर शनिवार चर्च की तरह प्रार्थना करते है। जब स्थानीय लोगों ने यहां चल रहे आयोजन में धर्म परिवर्तन की सूचना पार्षद को दी। तब पार्षद और अन्य लोग इसका विरोध करने वहां पहुंचे। विरोध किए जाने की बात पर वहां उपस्थित महिलाओं और धर्म गुरुओं द्वारा मारपीट किए जाने की बात सामने आई है।

आठ माह के बच्चे को चाकू से गोदा

अंबिकापुर/नवप्रदेश। जिले के लखनपुर क्षेत्र के कुन्नी के सकरिया गांव में अपने घर के कमरे में मां-पिता के साथ जमीन पर सा रहे एक 8 माह के बच्चे की निर्मम हत्या हो गई।

इस करतूत को मृत बच्चे की लापता मां पर ही अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। मां लापता है और पुलिस उसे तलाश रही है। घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात की है। घटना के बारे में शुक्रवार को सुबह उस समय पता चला, जब मृत बच्चे के पिता पवन चौहान की नींद खुली। कमरे में आठ माह के बेटे हिरेश चौहान का शव खून से लथपथ पड़ा था। उसके गले और सीने में चाकू से गोदने के निशान थे। उसने पत्नी फुलकुमारी को आवाज दी, लेकिन उसका पता नहीं चला। शोर सुनकर बगल के कमरे में रह रहे परिवार के दूसरे सदस्य पहुंचे। कमरे का नजारा देख सभी आवाक रह गए। पति की रिपोर्ट पर पुलिस भी लापता मां पर हत्या की आशंका जता रही है। पुलिस के अनुसार पति पवन चौहान शराब पीने का आदी था और पत्नी इससे नाराज रहती थी। शराब छुड़ाने वह अक्सर धमकी देती थी कि बच्चे को मारकर खुद आत्महत्या कर लेगी। पुलिस लापता की तलाश कर रही है। फुलकुमारी के मिलने के बाद ही स्पष्ट होगा कि उसने हत्या क्यों व कैसे की है। अभी लापता होने से पुलिस भी उसी पर संदेह कर रही है। कमरे से खून से सना एक चाकू व कपड़ा मिला है। पुलिस ने चाकू व कपड़ा जब्त कर लिया है।

67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा आज

मुंगेली। 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 जो कि महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 29 जनवरी से 1 फरवरी तक रहेगी। इस प्रतियोगिता में रवींद्र भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदनपुर की कक्षा 12वीं की छात्रा कुसुम खांडे पिता अनिल खांडे का चयन सॉफ्टबॉल अंदर 19 बालिका वर्ग में छत्तीसगढ़ की टीम में हुआ है। इनका चयन कबीरधाम में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के बदौलत हो पाया। कुसुम खांडे इससे पहले भी पिछले साल केरल में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल हो चुकी है। इन्होंने इसका श्रेय अपने माता पिता एवं विद्यालय प्रबंधन को दिया जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा हर क्षेत्र में प्रयासरत रहती है। इस अवसर पर विद्यालय के एमडी भूपेन्द्र चंद्राकर, प्राचार्य मनोहर यादव, कोच उमाशंकर साहू, एवं समस्त स्टाफ ने बधाई देते हुए मेडल जीत के लाने की शुभकामनाएं दिए।

गणतंत्र दिवस पर शान से लहराया तिरंगा

लखनपुर/नवप्रदेश। देशप्रेम के जज्बे के साथ राष्ट्र का 75 वां गणतंत्र दिवस सरकारी गैर-सरकारी संस्थाओं में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर भाजपा कार्यालय में घनश्याम अग्रवाल ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, नपं उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे, सुभाष अग्रवाल, पूर्व नपं उपाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, दिनेश गुप्ता, बृज किशोर पांडेय, दिनेश बारी, राकेश साहू, सतनारायण साहू तथा भाजपा कार्यकर्ता काफी संख्या में शामिल रहे। नगर पंचायत कार्यालय में नगर अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू ने झंडा फहराया । नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शरीक सेवानिवृत्त शिक्षक अकबर अली ने देश के नागरिकों को मिले संवैधानिक अधिकारों का जिक्र करते हुए गणतंत्र दिवस के महता का वर्णन किया।एलएस सिसोदिया ने नगर के विकास कार्यों का प्रशंसा करते हुये बस स्टैंड के समीप स्थित टटेगा डबरी (तालाब) की बदहाली का व्यंग्यात्मक लहजे में तारीफ़ करते हुए सौन्दर्यीकरण किये जाने की बात कही। रिटायर्ड शिक्षक सत्यनारायण तिवारी ने गुलामी से लेकर आजाद भारत के इतिहास के पन्नों को पलटते हुए कहा कि देश में विकास तो तेजी से हुआ है पर कहीं ना कहीं भी विकास के काम अधूरे हैं । बृजेन्द्र पांडेय ने अपने उद्बोधन मेंअयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बात शुरू करते हुए स्वतंत्रता आंदोलन के बाद संविधान निर्माण की पृष्ठभूमि पर अपने विचार रखे । साथ ही नगरीय क्षेत्र के सभी प्राचीन तालाबों के रखरखाव, अंडरग्राउंड पाइप लाइन विस्तार करके तालाबो में पानी भरने का सुझाव दिया। पार्षद रमेश जायसवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत ऋषि मुनियों, पीर फ़कीरो का देश है। हिन्दू, मुस्लिम, सिख , ईसाई सभी धर्मो को मान्यता है। सभी धर्म के लोग आपस में मिल-जुल कर भारत में बसर करते हैं । भिन्न-भिन्न विचारधाराएं होने के बाद भी भारतीयता धमनियों में लहू बनकर बहती है। आपसी प्रेम सौहार्द हमारे भारत भूमि की संस्कृति रही है। हमें अपने देश पर गर्व होना चाहिए ।मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कल्याणकारी योजनाओं में महती आवास योजना का जिक्र करते हुए नगर लखनपुर में बन चुके आवास तथा इस योजना के तहत नवीन स्वीकृत आवासों की का ज़क्रि किया और आवास हितग्राहियों से अपील की कि जिनको आवास के लिए पैसा मिल चुका है वे अपने आवास कार्य को अतिशीघ्र आरंभ करावें।

अभाविप कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण कर मनाया गणतंत्र दिवस

मुंगेली/नवप्रदेश। अखिल भारती विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ. भीम राव अम्बेडकर महात्मा गांधी की छाया चित्र में माल्यार्पण व पूजन के साथ किया गया। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं सरस्वती शिशु मंदिर खैरा सेतगंगा के छात्र-छात्राओं ने प्रातः काल 7 बजे प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई श्वेतगंगा एवं श्रीराम सेवा समिति के सभी सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर स्कूल के प्रधान पाठक अरुण टंडन का पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भागीरथी ठाकुर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेंद्र जायसवाल, कन्हैया गुप्ता, सनत देवांगन, योगराज देवांगन, रमाकांत जायसवाल, नीरज केसरवानी, रमाकांत सोनी, संतोष देवांगन प्राचार्य महेंद्र अहीरे, केके टंडन, अमन भास्कर उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशीष यादव, नगर मंत्री ताम्रध्वज साहू, रोशन साहू, बहन दुर्गेश्वरी चंद्राकर, ललिता चंद्राकर, रीनू, ममता, सोनम, महेश्वरी, हरिचरण, मंजय, रामचंद्र, हितेश कश्यप, रूपेश, खेलन, भवानी, रुपेशपाल, चंद्रप्रकाश, दुर्गेश, सूरज साहू ने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा।

गणतंत्र दिवस पर रंगारंग प्रस्तुति

मुंगेली। रवींद्र भारती विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस इस कार्यक्रम में विविध व रंगारंग प्रस्तुति के बीच मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमति रजनी मानिक सोनवानी, पूर्व जनपद सदस्य जगमोहन मिरी, सतनाम समिति उपाध्यक्ष अखिल टोन्डर, पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षक सीताराम, श्याम कुमारी, सानू साहू व श्रीमति ज्योति कुर्रे, संस्था के प्रबंध निर्देशक भूपेंद्र चंद्राकर व संस्था प्राचार्य मनोहर यादव तथा समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विद्यालय से राष्ट्रीय सॉफ्टबाल में चयनित विद्यार्थियों को विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विशिष्ट उद्बोधन के सांथ कार्यक्रम को अंतिम कड़ी प्रदान की गई। इसके अलावा 4 ग्रुप में बनाए गए। कार्यक्रम में प्रथम स्थान पर अरपा नदी ग्रुप, द्वितीय स्थान पर शिवनाथ नदी ग्रुप, व महानदी तथा मनियारी नदी तृतीय स्थान प्राप्त किये। जिन्हें उपहार, शील्ड व ईनाम देकर सम्मानित किया गया।

मुंगेली। विवेकानंद विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलित कर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र चन्द्रवंशी अधिवक्ता एवं विशिष्ट अतिथि कोमल शर्मा समाज सेवी, विद्यालय के प्राचार्य पारथ कुलमित्र उपस्थित रहे। तत्पश्चात् रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य, गीत, भाषण का आयोजन हुआ। जिसमे विद्यालय के लगभग 100 छात्र-छात्राओ ने भाग लिया।

मुंगेली। प्रेस क्लब में शैलेन्द्र जायसवाल, जिला भाजपा कार्यालय मे जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक, विधायक पुन्नूलाल मोहले व विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। नगर पालिका भवन में नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं प्रभारी अध्यक्ष मोहन मल्लाह ने ध्वज फहराया।

मुंगेली। सशिमं विवेक विहार में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पं. दीनानाथ उपाध्याय, अध्यक्षता मुकेश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश उपाध्याय रहे। कार्यक्रम के आरंभ में भारत माता एवं मॉ सरस्वती पूजन पश्चात् अतिथियों द्वारा ध्वजारोहरण किया गया।

पुलिस की मोटर विकल एक्ट के तहत ताबड़तोड़ कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देश एवं एसडीओ पी के नेतृत्व में अवैध मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न का उपयोग करने वाले वाहन चालकों को के विरुद्ध मोटर विकल एक्ट के धाराओं के तहत चालानी,समझाईश की कार्यवाही की गई, हेलमेट का उपयोग कर दुपहिया वाहन चालन कर रहे वाहन चालकों के उत्साहवर्धन के लिए गुलाब का फूल देकर प्रोत्साहित किया गया, कल की कार्यवाही में 9 मोटरसाइकिल पर अवैध मोडिफाइड साइलेंसर और 5 वाहनों पर प्रेशर हॉर्न की कार्यवाही की गई, इसी क्रम में सभी वाहन चालकों से अपीली की गई की वे यातायात नियमों का पालन करें सुरक्षित वाहन चलाए संपूर्ण कार्यवाही यातायात पुलिस मुंगेली एवं सिटी कोतवाली मुंगेली के साझा अभियान के तहत की गई, आपको बता दें मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न पूर्णतः गैर कानूनी है जिसमे प्रथम अपराध पर 5000 रुपए के दंड का प्रावधान है जिसमें पूर्णवृत्ति होने पर अर्थदंड में वृद्धि का भी प्रावधान है, जिला पुलिस आप सभी से अपील करती है को आप सभी मोडिफाइड साइलेंसर, मोडिफाइड वाहन और प्रेशर वाहन का उपयोग ना करें, यातायात नियमों का पालन करें दुपहिया वाहन चलाते वक्त हेलमेट का स्तेमाल अवश्य करें, चारपहिया वाहन चलाते वक्त सीट बेल्ट अवश्य लगाएं।

उपलब्धि — 183 मासूमों को पता लगाने के लिए राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग ने सक्ती पुलिस का किया सम्मान

समाज में समरसता वक्त की मांग-आहिरे

सक्ती/नवप्रदेश। अज्ञानता या मजबूरीवश अथवा किसी के बहकावे में परिजनों से दूर भागे बच्चों को पुनः अपनों तक पहुंचाना अथवा उनका पुनर्वास ही ऑपरेशन मुस्कान का निहितार्थ है जो सक्ती जिला पुलिस विभाग पूरी शिद्दत से कर रही है और अब तक 175 बालिकाओं और 8 बालकों सहित 183 मासूमों को सुरक्षित मंजिल तक पहुंचा चुकी है, यह बात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एम आर आहिरे ने बताते हुए कहा कि सामाजिक समरसता वक्त की मांग है। इस संबंध में आपरेशन मुस्कान दायित्व संभाल रही जिले की ऊर्जावान महिला पुलिस अधिकारी एवम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह ने आज राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग सक्ती जिला के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बताया कि पुलिस कप्तान एम आर आहिरे के मार्गदर्शन में जिला पुलिस बल ने अलग-अलग टीम गठित कर अब तक देश के मध्यप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, तेलंगाना, दिल्ली, पंजाब हरियाणा, आंध्रप्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से पतासाजी कर बच्चों को सकुशल दस्तयाब किया है। उन्होंने आगे बताया कि जिला पुलिस की करीब 40 टीम जिसमें डीसीबी, सायबर के साथ विभिन्न थानों के पुलिस बल के परस्पर सहयोग से मासूम बच्चों को दस्तयाब कर शोषण से मुक्त कर परिजनों के सुपुर्द या फिर परिस्थिति अनुसार उनका पुनर्वास सुनिश्चित किया गया है। अभिनंदन समारोह में संस्था कीगल सेल के प्रदेश अध्यक्ष एवम उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने कहा कि मासूमों को दस्तयाब कर उनके कुशल भविष्य को संजोने नवीन जिला सक्ती में शत प्रतिशत योगदान के साथ अनवरत प्रयास मुस्कान अभियान के नोडल अधिकारी गायत्री सिंह के संजीदगी और मानवता का परिचायक है। उन बच्चों के घर से भाग जाने पर नाराज अभिभावक भी उनके घर वापसी को लेकर सर्वथा लापरवाह ही नजर आते हैं। इन परिस्थितियों में छत्तीसगढ़ मानव अधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग सक्ती जिले में अभियान मुस्कान के सफलता और उसमें उपादान करने वाले जिला पुलिस बल, सक्ती के इस मानवीय संवेदना को सलाम करती है तथा गणतंत्र दिवस पर उन्हें सम्मान करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रही है। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित सम्मान समारोह में जहां पुलिस अधीक्षक को साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया तो वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गायत्री सिंह को अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष बैज के प्रथम आगमन पर स्वागत

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व बस्तर के सांसद दीपक बैज के मुंगेली जिले में आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काफी जोश व उत्साह के साथ स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद दीपक बैज के पहली बार मुंगेली जिले के आगमन हुआ। पहली बार मुंगेली जिले में आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंगेली जिले के कई चैक चैराहों पर दीपक बैज का स्वागत कार्यक्रम किया।

कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दीपक बैज ने कहा कि मुंगेली जिला में कार्यकर्ताओं के जोश एवं उत्साह नजर आ रहा है जो आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में माहौल एवं प्रणाम रहेगा कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम लोकसभा चुनाव जीतेंगे कांग्रेस कभी सत्ता के लिए नहीं लालायित रही गरीब एवं अंतिम छोर तक कल्याण का कांग्रेस की विचारधारा है भाजपा की राज्य सरकार दिल्ली से रिमोट से चलने वाली सरकार है अपने मन के एक फैसला नहीं ले सकती चुनाव में किए गए वादे पूरे नहीं कर रहे हैं जिससे लोग समय जनता इन्हें सबक सिखाएगी सभी जगह भीतर घात की शिकायत होती रही परंतु मुंगेली जिला के दोनों विधानसभा हारने के बाद भी दोनों प्रत्याशी संजीत बनर्जी एवं थानेश्वर साहू ने किसी की शिकायत नहीं कि यह बात कही सभी कार्यकर्ताओं ने मेहनत की है बैज ने कहा कि संजीत बनर्जी पूरे दमखम से चुनाव लड़ा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के मुंगेली जिले में प्रवेश करते ही युवा कांग्रेस मुंगेली ने डीजे के साथ स्वागत किया तो वही करही में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। मुंगेली जिला सीमा प्रारंभ होते ही बरेला, पथरिया मोड़ जरहगांव,संजय सोनवानी , दशरंगपुर सतीश यादव , गीधा, करही , कस्तूरी पेट्रोल टंकी लक्की गर्ग,मुंगेली नगर के सुखनंदन हॉस्पिटल लोरमी वालों के द्वारा, दाऊपारा चैक में रोहित शुक्ला,राजेश छेदइया, पुलपारा जिला सहकारी बैंक के पास संजय यादव,सोम वर्मा एवं सूरज यादव, राधा टाकीज दिलीप बंजारा पुराना बस स्टैंड, बालाजी चैक कांग्रेस भवन पड़ाव चैक यादवों द्वारा पारंपरिक वेश भूषा गड़वा बाजा बैंड बाजा एंव युवक कांग्रेस मनजीत पात्रे एवम अजय के नेतृत्व में भव्य बाइक रैली के साथ , फूल माला के साथ स्वागत किया।

न्यूज गैलरी

जिला कार्यालय में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के 75 वीं वर्षगांठ के मौके पर शुक्रवार सुबह 8 बजें सँयुक्त जिला कार्यालय में कलेक्टर चंदन कुमार ने झंडा फहराया.साथ ही परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं सँविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर, शहीद वीर नारायण सिंह, छत्तीसगढ़ महातारी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला कार्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों से कुशलक्षेम पूछते हुए सभी से रूबरू भी हुए। कार्यक्रम के दौरान सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे,अपर कलेक्टर बीसी एक्का,अनुपम तिवारी,सँयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे,डिप्टी कलेक्टर रामरतन दुबे,अरुण सोनकर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

मंत्री केदार कश्यप ने वैद्यराज हेमचंद मांझी से मिलकर दी शुभकामनाएं

नारायणपुर/नवप्रदेश। वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने नारायणपुर जिले के ग्राम छोटेडोंगर निवासी वैद्यराज हेमचंद मांझी को केन्द्र सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान की घोषणा किये जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री कश्यप गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय नारायणपुर में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। श्री कश्यप ने जड़ीबूटी के जानकार हेमचंद मांझी से मुलाकात की। गौरतलब है कि जंगल में मिलने वाली दुर्लभ जड़ी बूटियों से तैयार होने वाली दवाइयों से कैंसर जैसी घातक बिमारी का इलाज करने वाले वैद्यराज हेमचंद मांझी को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार दिये जाने के लिए घोषणा की गई है। नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर में रहने वाले श्री मांझी अपने पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान से विगत पांच दशक से हजारों लोगों का इलाज कर चुके हैं। कैंसर जैसी घातक बीमारियों के इलाज सहित अन्य बिमारियों के लिए देश भर के लोग उनके पास इलाज कराने आते हैं और स्वस्थ्य होके जाते हैं।

पेंशनर्स भवन में किया ध्वजारोहण

कोंडागांव/नवप्रदेश। छ ग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोंडागांव ने पेंशनर भवन में गणतंत्र दिवस के 75 वें वर्षगांठ पर सेवानिवृत्ति व्याख्याता नासिर अली द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात सभी लोग नव वर्ष मिलन पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अध्यक्ष एसपी विश्वकर्मा ने नव वर्ष सभय मंगलमय हो ए नित नई सफ्लताएं पाओ। यह वर्ष सदा दे हर्ष तुम्हेंए जीवन पथ पर बढ़ते जाओ के गीत सभी की प्रस्तुति दी। सभी पेंशनरों की उपस्थिति में शिक्षक पद से सेवानिवृत्त 80 साल उम्र पूर्ण होने पर सुखलाल देवांगन को गुलदस्ता व शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष प्रज्ञापुत्र वैद्य, एसपी विश्वकर्मा, सह सचिव पीपी गोंडाने सहित सभी पदाधिकारी व् सेवानिवृत कर्मचारी सदस्य मौजूद थे।

दो कोचियों से 28 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। जिसके तहत 25 जनवरी को थाना बेमेतरा एवं पुलिस चौकी मारो, थाना नांदघाट में अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 2 प्रकरण दर्ज कर 2 कोचियों हन्नूराम डेहरे पिता दयाल डेहरे उम्र 74 साल साकिन झाल थाना व जिला बेमेतरा, चंद्रटिका जांगडे पिता मालिकराम जांगडे उम्र 26 साल साकिन भदौरा थाना चंदनू के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त दोनों कोचियों के कब्जे से कुल 28 पौवा देशी प्लेन/मसाला शराब किमती 2700 रूपये, बिक्री रकम 400 रूपये, कुल जुमला 3100 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया

निर्वाचित जनप्रतिनिधि की उपेक्षा, मंडल पदाधिकारी से करवाया गया ध्वजारोहण

■ **जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के हैं**

भोपालपटनम/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की घोर उपेक्षा की गई। इससे नाराज जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का बहिष्कार किया। नाराज जनप्रतिनिधि राष्ट्रीय पार्टी से निर्वाचित हुए हैं और अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। गणतंत्र दिवस पर अपनी उपेक्षा से आहत होकर प्रेस वार्ता कर आयोजन समिति को कटघरे में खड़ा किया। इसे प्रशासन अथवा आयोजन समिति की अनदेखी कहे या राजनीतिक प्रपंच? कथित तौर पर पता चला कि एक ने अपना पद यथावत रखने के लिए और दूसरे ने अपने जो अन्यत्र पदस्थ हैं, संलग्निकरण से मुक्ति पाने के लिए व अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए आयोजन समिति के अधिकारियों को गुमराह किया हो?

26 जनवरी (गणतंत्र दिवस)का पर्व स्थानीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (आत्मानंद) मैदान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद एवं नगर पंचायत द्वय अध्यक्ष श्रीमती निर्मला मरपल्ली, सुश्री रिंकी कोरम सहित पार्षदों व अन्य निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मौजूद रहने के बाद भी आयोजन समिति ने एक राष्ट्रीय पार्टी के मनोनीत मंडल अध्यक्ष वेंकट यालम को मुख्य अतिथि बनाकर ध्वजारोहण कराया गया। इससे नाराज निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने कड़े शब्दों में निंदा की और सभी जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने आयोजन समिति पर उपेक्षा का आरोप

लगाया। भारतीय संविधान के अनुसार निर्वाचित जनप्रतिनिधि ही ध्वजारोहण कर सकता है। लेकिन इस समारोह को राजनैतिक अखाड़ा बना दिया।

गौरतलब है कि यहां जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों ही कांग्रेस पार्टी से चुनी गई है। उनकी उपेक्षा कर भाजपा के मंडल अध्यक्ष से ध्वजारोहण कराया गया। जबकि यहां से निर्वाचित विधायक विक्रम उसेंडी को शासन ने मुख्यअतिथि बनाकर भेजा था। जोकि भाजपा से विधायक चुने गए हैं। लोगों में चर्चा है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मुख्य अतिथि क्यों नहीं बनाया गया? यह संविधान की अवेहलना है। आयोजन समिति की बैठक में बुद्धिजीवी, अधिकारी व अन्य गणमान्य मौजूद थे। इसमें निर्णय लिया गया है कि सुश्री रिंकी कोरम मुख्य अतिथि होंगी किन्तु बैठक के बाद आयोजन समिति के अधिकारियों को गुमराह कर दूसरे को मुख्य अतिथि बनाया गया। विश्वनीय सूत्रों के अनुसार एक ने अपना पद यथावत रखने के लिए तथा दूसरे ने जो अन्यत्र पदस्थ हैं, संलग्निकरण से मुक्ति पाने व अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए आयोजन समिति के अधिकारियों को गुमराह किया? लोगों ने जांच की मांग कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि जब तक इस समारोह के दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती तब तक हम सभी सरकारी कार्यक्रमों का बहिष्कार करेंगे।

इसी तरह एक मामला और है कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ध्वजारोहण के लिए नगर पंचायत उपाध्यक्ष संतोष बोरे को मुख्य अतिथि बनाया गया लेकिन वहां भी प्राचार्य द्वारा वेंकट यालम से ध्वजारोहण कराया गया और फोन कर संतोष बोरे को आने से मना कर दिया।

वनमंत्री कश्यप ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजरोहण कर दी सलामी

■ **शहीदों के परिजनों को शॉल और श्रीफल से किया सम्मानित**

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने जिला मुख्यालय नारायणपुर में गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। उन्होंने इस अवसर पर परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इसके बाद उन्होंने जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह शासकीय उच्चतर

माध्यमिक खेल मैदान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 4 प्लाटून शामिल हुए, जिसमें शस्त्र सहित आईटीबीपी, छत्तीसगढ़ शस्त्र बल, महिला पुलिस बल और नगर सेना (महिला) शामिल हैं। वहीं शस्त्र रहित प्लाटून में रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ के बैंड दल ने भाग लिया। इन का नेतृत्व डीएसपी मनोज मण्डावी और संजय टोप्पो ने किया। मुख्य अतिथि द्वारा जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्यामबती नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मांझी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनाथ उसेण्डी, पंडीराम वडडे, अलावा डीआईजी बालाजी राव, कलेक्टर बिपिन मांझी, पुलिस अधीक्षक पुश्कर शर्मा, वनमण्डलाधिकारी पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निखिल राखेजा, संयुक्त कलेक्टर डीडी मण्डावी, एसडीएम नारायणपुर प्रदीप बैध, डिप्टी कलेक्टर श्री रामसिंग सोरी, डॉ. सुमित गर्ग, सुमित बघेल सहित पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकायें, स्कूली बच्चे, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

राजस्व मंत्री टंकराम ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में फहराया तिरंगा

■ **स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और शहीदों के परिजनों का हुआ सम्मान**

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकार परेड की सलामी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन कर राज्य सरकार की प्रमुख उपलब्धियां एवं भावी कार्य-योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और शहीदों के परिजनों का कुशलक्षेम पूछते हुए शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। शासकीय योजनाओं में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 56 शासकीय कर्मियों का भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा आकर्षक विभागीय झांकियों ने दर्शकों का मन मोहा।

स्पोर्टस स्टेडियम में सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा के राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ शुरू हुआ। मुख्य अतिथि ने कलेक्टर व एसपी के साथ परेड का निरीक्षण किया। जिला पुलिस बल की दो टुकड़िया,जिला महिला पुलिस बल एवं नगर सेना,एनसीसी,एनएसएस की टुकड़ियों ने सलामी दी। परेड का नेतृत्व रक्षित निरीक्षक श्रीमती उषा ठाकुर ने किया। समारोह में रंगीन गुब्बारे आसमान में उड़ाये गये। मुख्य अतिथि ने जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिजन लक्ष्मी ठाकुर, सावित्री सोनी, वीर शहीद उपनिरीक्षक युगल किशोर वर्मा, आरक्षक हुमेश्वर प्रसाद कुर्रे, हीरा लाल गायकवाड़, संतराम साहू, धनंजय वर्मा, संतोष ध्रुव, मिथिलेश कुमार साहू एवं टेकराम वर्मा के परिजनों का श्रीफल एवं साल से सम्मान कर उनका हाल चाल जाना।

भगवान श्री रामचंद्र के आदर्शों को आत्मसात करें : ललित

उतई/नवप्रदेश। मचांदुर में रामायण सम्मेलन,मड़ई मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर थे। उन्होंने प्रभु श्रीराम चन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण कर खुशहाली की कामना की। मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, अध्यक्षता जिला मंत्री भाजपा दुर्ग रोहित साहू ने की। विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,महामंत्री सोनू राजपूत,सरपंच दिलीप साहू,उपसरचंप गजेंद्र कुमार

साहू,भाजयुमो अध्यक्ष प्रवीण यदु,फलेंद्र सिंह राजपूत,नवाब खान,बैशाखूराम साहू आदि थे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप पटेल ने किया। विधायक ललित चंद्राकर ने रामायण के दोहे पढ़े। भगवान श्री रामचन्द्र के आदर्शो को आतत्मसात कर पालन करना चाहिए। गोस्वामी जी ने प्रकृति के सभी देवी देवताओं, जीव जंतुओं,पेड़ पौधों,ऋषि मुनियों को स्मरण कर राम चरित मानस की रचना की थी। इस अवसर पर अशोक देवांगन, प्रेमलाल देवांगन,प्रशान्त पटेल,सुखराम पटेल,श्यामदेव साहू,जसलोक साहू,धनराज साहू,युगलकिशोर साहू,वीरेंद्र साहू,ताकेश्वर पटेल,बंटी देवांगन, तुकाराम साहू,ललित पटेल,तरुण साहू,रिखी पटेल,नेमीचंद देवांगन,परमेश्वर ठाकुर,बदल यादव,मुकेश साहू,कन्हैया यदु,राधा साहू सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने संयुक्त जिला कार्यालय में फहराया तिरंगा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। श्री अग्रवाल ने सभी अधिकारी और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, सहायक संचालक जनसंपर्क हेमनाथ सिदार सहित सभी जिला अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

रवान के सीमेंट संयंत्र में मजदूर की मौत

अर्जुनी/भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम रवान के अंबुजा अडानी सीमेंट संयंत्र में फिर एक मजदूर की हुई। मौत संयंत्र के अधिकारियों की लापरवाही के कारण हुई है। यहां रेल डिब्बों को पीछे करने के दौरान एक मजदूर की चपेट में आने से मौत हो गई। संयंत्र में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। यह यहां आम बात हो गई है। संयंत्र के अधिकारी अपनी गलतियों से बाज नहीं आ रहे हैं। लगातार हो रही घटनाओं से सीख नहीं ले रहे हैं जिस कारण मजदूरों की मौत हो रही है।

घटना संयंत्र के रेल के डिब्बों को पीछे करते समय का होना बताया जा रहा है। घटना शाम 5 बजे पैकिंग प्लांट की है। मृतक संयंत्र में सफाई गाड़ी चलाता था। मृतक का नाम सोहन साहू ग्राम कुसमी पलारी का रहने वाला था। मृतक की उम्र 45 वर्ष बताई गई

है। घटना के बाद संयंत्र के अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की जानकारी मृतक के परिजनों और साथियों को नहीं दी जा रही है। साथ ही वहां काम करने वालों को भी बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। गेट में सुरक्षाकर्मियों का पहरा लगा दिया गया है। गौरतलब है कि पूर्व में पैकिंग प्लांट के रेलवे साइड में ऐसे ही घटना हुई थी। इसमें ग्राम रवान के मजदूर की मौत हो गई थी। यह पहली बार हो रही है। ऐसा नहीं ऐस पहले भी हो चुका है। यह घटना सुरक्षा में हुई चूक के कारण हुईं हैं। इंटक यूनियन के सदस्यों द्वारा संयंत्र के मेन गेट में आकर संयंत्र के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। उन्होंने संयंत्र में होने वाली दुर्घटनाओं के लिए संयंत्र के अधिकारियों को दोषी बताया है। यूनियन के सदस्यों द्वारा मृतक परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा एवं उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी एवं बच्चों को शिक्षा की मांग की है।

सांसद साहू ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी

■ **स्कूली बच्चों ने कला संस्कृति और देश भक्ति पर आधारित कार्यक्रम की दी प्रस्तुति**

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद मुख्य अतिथि श्री साहू ने कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित कांबले के साथ परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने ने जनता के नाम सीएम विष्णुदेव साय के संदेश का वाचन किया। हर्ष तथा खुशहाली के प्रतीक गुब्बारे आसमान में छोड़े गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साहू

द्वारा शहीदों के परिजनों को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा तथा देशभक्ति से ओतप्रोत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। साथ ही विभागों ने शासकीय योजनाओं पर आधारित आकर्षक झांकी प्रस्तुत किए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास प्रथम, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गरियाबंद को द्वितीय, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल को तृतीय पुरस्कार मिला। इसी प्रकार झांकी पुरस्कार अंतर्गत जिला पंचायत - विकसित भारत संकल्प यात्रा को पहला, वन विभाग को दूसरा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग-पीएम जनमन को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अलावा परेड कमांडर एवं सभी प्लाटूनों के कमांडरों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, वनमण्डलाधिकारी मणिवासगन एस, अपर कलेक्टर अविनाश भोई, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, स्कूली व महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

राजस्व मंत्री ने वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों से लिया आशीर्वाद

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा शुक्रवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर बलौदाबाजार स्थित श्री वाटिका वृद्धाश्रम पहुंचे। उन्होंने बुजुर्गों से मिलकर उनसे बातचीत की व कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने वृद्धाश्रम में निवासरत 13 बुजुर्गों को कम्बल व फल देकर सम्मानित किया। मंत्री श्री वर्मा ने वृद्धाश्रम के डायनिंग हाल, किचन एवं शयन कक्ष का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आश्रम की केयर टेकर से बुजुर्गों के लिए उपलब्ध भोजन, मेडिकल सुविधा , पेयकल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने बुजुर्गों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता

सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

बताया गया कि तुलसी लोक विकास संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित श्री वाटिका वृद्धाश्रम समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदान प्राप्त है। यहाँ वर्तमान में 10 महिला एवं 3 पुरुष बुजुर्ग निवासरत है। यहां बुजुर्गों को समय पर नाश्ता एवं भोजन दिया जाता है। शुद्ध पेयजल के लिए एक आरओ सिस्टम भी है। इस दौरान कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन एसडीएम सुश्री रोमा श्रीवास्तव, समाज सेवी विजय केशरवानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जिला कार्यालय में कलेक्टर ने फहराया राष्ट्रध्वज

कांकेर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जिला कार्यालय परिसर कांकेर में सुबह 08.00 बजे राष्ट्रध्वज फहराया। राष्ट्रगान पश्चात उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सौंपे गये दायित्वों को निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी के साथ उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके पूर्व, कलेक्टर निवास में भी कलेक्टर ने राष्ट्रध्वज फहराकर अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, सहायक कलेक्टर प्रखर चंद्राकर, एसडीएम मनीष साहू सहित जिला कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

गणतंत्र दिवस पर जगह-जगह लहराया तिरंगा

लखनपुर/सरगुजा/नवप्रदेश। लगेंगे हर बरस शहीदों के चिताओं पर मेले। बाकी उनका यही निशां होगा । 75 वां गणतंत्र दिवस सरकारी गैर-सरकारी संस्थाओं में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भाजपा कार्यालय में घनश्याम अग्रवाल ने तिरंगा फहराया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू नपं उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे, सुभाष अग्रवाल,पूर्व नपं उपाध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल दिनेश गुप्ता, बृज किशोर पांडेय, दिनेश बारी राकेश साहू, सतनारायण साहू भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसी तरह कांग्रेस कार्यालय में भी कांग्रेसियों ने ध्वजारोहण किया।

नगर पंचायत कार्यालय में नगर अध्यक्ष श्रीमती सावित्री साहू ने झंडा फहराया। यहां सेवानिवृत्त शिक्षक अकबर अली ने गणतंत्र

दिवस के एतिहासिक पहलुओं तथा संविधान का जिक्र कर गणतंत्र दिवस की महता को समझाया। एलएस सिसोदिया ने नगर के विकास कार्यो,

बृजेन्द्र पांडेय ने 1945 में स्वतंत्रता आंदोलन के बाद संविधान निर्माण की पृष्ठ भूमि पर, क्षेत्र के प्राचीन तालाबों के रखरखाव अंडर ग्राउंड पाइप लाइन विस्तार करके तालाबों में पानी भरने के सुझाव दिए, पार्षद रमेश जायसवाल ने धर्म निरपेक्षता पर, मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने पीएम मोदी की आवास योजना का जिक्र किया।

लखनपुर में बन चुके आवास,नए स्वीकृत आवास की संख्या, नगर को मिले शासकीय योजनाओं की राशि के संबंध जानकारी दी। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की है कि जिनको आवास के लिए पैसा मिल चुका है वह अपने आवास निर्माण कार्य को अतिशीघ्र शुरु कराएं। इस अवसर पर निबंध स्पर्धा के प्रतिभागी स्कूली छात्राओं को नगर अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षदों ने पुरस्कार प्रदान किया। इसमें कु सरगम राजवाड़े, स्वेता सोनवानी, समीक्षा प्रजापति,विभा चौरसिया, गीताजंली गुप्ता,रीता सोनवानी, निमिषा पांडेय अन्य शासकीय निजी शैक्षणिक संस्थान की छात्राएं शामिल हुई। आभार मुख्य नगरपालिका अधिकारी जितेंद्र बहादुर पटेल ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर अशोक अग्रवाल, पूर्व पार्षद श्रीमती सुरैया देवी, पार्षद श्रीमती नीलू गुप्ता, श्रीमती मालती कश्यप, पप्पू खड़िया, अमित बारी,सुदामा सिंह, लेखापाल विद्या सागर, राहुल सिंह, नारायण मिश्रा, चन्द्र शेखर चौधरी, रामहरि शर्मा,मेघनाथ खलखो, रमेश ठाकुर नगर कर्मी गणमान्यजन उपस्थित थे।

रोहित के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

भारत के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार मिली ऐसी हार

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के लिए रविवार 28 जनवरी का दिन भुलाने वाला रहा। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारत की टीम को इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा। ये हार भले ही 28 रनों की थी, लेकिन शर्मनाक ज्यादा थी, क्योंकि टीम इंडिया को कभी भी उस टेस्ट मैच में हार नहीं मिली थी, जिसमें टीम ने पहली पारी के आधार पर 100 से ज्यादा रनों की बढ़त हासिल की हो। ऐसा पहली बार भारतीय टीम के साथ हुआ है।

इंग्लैंड ने इस टेस्ट मैच की पहली पारी में 246 रन बनाए थे और भारत ने जवाब में 436 रन बनाए थे। भारत को 190 रनों की बढ़त मिली थी, लेकिन इसके बाद इंग्लैंड ने 420 रन बनाकर भारत को 231 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे हासिल करने में भारत 28 रन पीछे रह गया। भारत की टीम 202 रन बनाकर ढेर हो गई। टीम इंडिया ने अब तक घर पर खेले टेस्ट मैचों में 70 बार 100 से ज्यादा रनों की बढ़त हासिल की थी, लेकिन एक भी मैच नहीं गंवाया था।

टीम इंडिया ने पहली पारी में 100 से ज्यादा रनों की बढ़त हासिल 70 बार की, जिसमें से 35 बार टीम को जीत मिली, जबकि पहली बार भारत की टीम को हार का सामना करना पड़ा है। इतना ही नहीं, भारतीय टीम लगातार तीन मैचों में पहली बार 12 साल के बाद एक भी जीत हासिल नहीं कर पाई है। इससे पहले भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेले थे, जिसमें से एक मैच गंवाया था और एक मैच ड्रॉ रहा था।

इतना ही नहीं एक कप्तान के तौर पर होम टेस्ट मैचों में रोहित शर्मा के लिए ये खराब रिकॉर्ड है। वे अब तक 7 मैचों में भारत में कप्तानी करने उतरे हैं और टीम को दो मैचों में हार झेलनी पड़ी है, जबकि विराट कोहली ने अपने करियर में 31 टेस्ट मैचों में भारतीय सरजमीं पर कप्तानी की, लेकिन सिर्फदो ही मुकाबले गंवाए थे। वहीं, रोहित शर्मा अपने छोटे से करियर में ही दो टेस्ट मैच हार गए हैं। ये अपने आप में शर्मनाक रिकॉर्ड है।

खेलो इंडिया में जम्मू-कश्मीर की वॉलीबॉल टीम का धमाल

चेन्नई। वॉलीबॉल में जम्मू एवं कश्मीर का नाम शायद ही कोई मजबूत नाम हो, और इसलिए जब उनकी लड़कों की टीम ने जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 के ग्रुप मुकाबले में गत चैंपियन हरियाणा को हराया, तो सभी दंग रह गए।कम सेट स्कोर के कारण हरियाणा और राजस्थान के साथ एक-एक जीत के साथ अंक पर बंधे होने के बावजूद जम्मू-कश्मीर के लिए यह जीत नॉक-आउट चरण में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं थी। लेकिन, मेजबान तमिलनाडु सहित एक समूह में उन्होंने जो लड़ाई का जज्बा दिखाया उससे उनके आत्मविश्वास को काफी फायदा होगा।जम्मू-कश्मीर के वालीबॉल टीम मुख्य कोच नरेश कुमार ने कहा, यह खेलो इंडिया यूथ गेम्स हमारे लिए एक बहुत अच्छा मंच था। जहां हमारे खिलाड़ियों को अधिक अनुभव मिला और वे ऐसे अच्छे बुनियादी ढांचे में खेलने में सक्षम हुए, जो जम्मू-कश्मीर में नहीं है।यहां प्रदर्शन से निश्चित रूप से हमारा आत्मविश्वास बढ़ेगा और मैं यह सुनिश्चित कर सकता हूं कि अगर हमें जम्मू में खिलाड़ियों के लिए अच्छी सुविधाएं और हॉस्टल मिलेंगे, तो वे निश्चित रूप से भविष्य में हमारे लिए पदक जीतेंगे।जम्मू-कश्मीर में खेल के विकास में बुनियादी ढांचे

की कमी एक बड़ी बाधा रही है क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश में किसी भी इनडोर सुविधा का अभाव है और मौसम की स्थिति के कारण उनके लिए साल में छह महीने से अधिक समय तक प्रशिक्षण लेना असंभव हो जाता है।अधिकांश खिलाड़ियों को एक टीम के बजाय व्यक्तिगत रूप से अभ्यास करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। जम्मू में एकमात्र जगह है जहां वे एक साथ प्रशिक्षण ले सकते हैं, लेकिन वहां छात्रावास की सुविधा नहीं है।प्रत्येक खिलाड़ी साधारण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद अपने अटूट समर्पण का प्रदर्शन करते हुए यात्रा और उपकरणों का खर्च खुद उठाते हैं। इन बाधाओं का असर लड़कियों की टीम पर भी पड़ता है जो अभी तक खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाई है। चुनौतियों के बारे में बताते हुए टीम के कप्तान शादाब शमीम ने कहा, ज्यादातर खिलाड़ियों को जम्मू पहुंचने में एक दिन से ज्यादा का समय लगता है और वहां रहने के लिए कोई सुविधाएं नहीं हैं, जो एक दुखद बात है। इसलिए, हम प्रतियोगिता से केवल दो सप्ताह पहले अपने कोच से जुड़ते हैं। अन्यथा, हम सीमित सुविधाओं के साथ अपने इलाके में अकेले अभ्यास करते हैं। इसके अलावा, सर्दियों में हमें अभ्यास करने का कोई मौका नहीं मिलता है, जिससे हमारे फॉर्म और मानसिक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है।

शमर जोसेफ ने दूसरी बार झटके 5 विकेट

नईदिल्ली। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने गाबा में खेले जा रहे दूसरे और आखिरी टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट झटके।यह उनके करियर का दूसरा 5 विकेट हॉल रहा। उनकी धारदार गेंदबाजी के कारण ही कंगारू टीम 216 रन के लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई और 8 रन से मैच हार गई।

शमर ने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में अब तक 11.5 ओवर गेंदबाजी की है और 68 रन देकर 7 विकेट अपने नाम कर लिए हैं।उन्होंने कैमरून ग्रीन (42), ट्रॉविस हेड (0), मिचेल मार्श (10), एलेक्स कैरी (2) मिचेल स्टार्क (21), पैट कमिंस (2) जोश हेजलवुड (0) को पवेलियन की राह दिखाई।शमर ने मैच में बेहतरीन स्विंग गेंदबाजी का मुजायरा पेश किया और कंगारू बल्लेबाजों परेशानी में रखा। उनकी रफ्तार और बाउंसर के आगे बल्लेबाज काफी असहज नजर आए। जोसेफ ने यह घातक गेंदबाजी शनिवार को चोटिल होने के बाद की है। दरअसल, वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते समय मिचेल स्टार्क की यॉर्कर गेंद से शमर का अंगूठा चोटिल हो गया था।उसके बाद वह बल्लेबाजी नहीं कर पाए थे। रात में मेडिकल टीम ने उनका उपचार किया और वह गेंदबाजी के लिए उतर आए।उन्होंने चोटिल अंगूठे से घातक गेंदबाजी करते हुए कंगारू टीम के 7 बल्लेबाजों को आउट कर टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी।

शमर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में खेले गए पहले टेस्ट में ही अपना डेब्यू किया था। उसमें उन्होंने 5 विकेट अपने नाम किए थे।वह अब तक 2 टेस्ट की 4 पारियों में 17.30 की औसत और 5.05 की इकॉनमी से 13 विकेट चटका चुके हैं।

भारोत्तोलक आरती तत्गुंती, एवी सुस्मिता ने स्वर्ण पदक जीता

चेन्नई। यहां के जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में छठे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 में महाराष्ट्र की भारोत्तोलक आरती तत्गुंती और आंध्र प्रदेश की ए.वी. सुस्मिता ने क्रमशः लड़कियों के 49 किग्रा और 55 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर नए राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए। हरियाणा ने कुश्ती में पांच में से चार स्वर्ण पदक जीते, जबकि तमिलनाडु दूसरे स्थान पर रहा।

49 किग्रा वर्ग में आरती, उनकी साथी सौम्या दलवी और असम की पंचमी सोनोवाल के बीच हुई तीन-तरफा प्रतियोगिता में आरती कुल 170 किलो वजन उठाकर विजयी हुई, जिसमें स्नैच में 75 और क्लीन में 95 शामिल थे।

रजत पदक विजेता सोनोवाल ने भी पहले के अंकों में सुधार किया, जिससे आरती को खुद को अधिक वजन उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा और महाराष्ट्र के भारोत्तोलक ने अपने राज्य को भारोत्तोलन क्षेत्र से दिन का दूसरा स्वर्ण पदक दिलाया।

सोनोवाल, जिन्होंने खेलों के पिछले संस्करण में स्वर्ण पदक जीता था, ने स्वर्ण पदक जीतने के लिए अपने आखिरी क्लीन एंड जर्क प्रयास में 97 किग्रा भार उठाया, लेकिन इस प्रक्रिया में उनकी पीठ का मसल फट गया

और उन्हें स्कैन के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। .

बाद में सुस्मिता ने कुल 173 किलोग्राम वजन उठाकर एक नया समग्र रिकॉर्ड बनाया और स्वर्ण पदक जीता।कुश्ती प्रतियोगिता के शुरुआती दिन हरियाणा पदक तालिका में सबसे आगे रहा। लड़की वर्ग में मोनिका (46 किग्रा), नेहा (57 किग्रा), लड़का वर्ग में अमरजीत (51 किग्रा ग्रीको रोमन) और विनय (92 किग्रा फ्रीस्टाइल) ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों पर आसान जीत के साथ स्वर्ण पदक जीते। हरियाणा की लड़कियों की हॉकी टीम ने मध्य प्रदेश को 1-0 से हराकर लगातार पांचवां खिताब जीता।महाराष्ट्र अपनी तालिका में चार और स्वर्ण पदक जोड़कर पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारोत्तोलक महादेव वदार (लड़के 67 किग्रा), पहलवान समर्थ (लड़के 60 किग्रा जीआर) और तैराक रुतुजा राजदन्या ने एक-एक स्वर्ण पदक जीतकर राज्य की झोली में डाल दिया।राजदन्या एसडीएटी एक्वाटिक कॉम्प्लेक्स में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में 29.18 सेकेंड के समय के साथ 50 मीटर फ्रीस्टाइल रेस जीतकर लड़कियों की सबसे तेज तैराक बन गईं।

बिजनेस

कंटेंट मॉडरेशन टीम 100 कर्मी को नियुक्त करेगा एक्स

सैन फ्रांसिस्को। एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स कथित तौर पर ऑस्टिन, टेक्सस में एक नए ट्रस्ट और सेफ्टी ऑफिस के लिए 100 फुल-टाइम कर्मचारियों को नियुक्त कर रहा है। मस्क ने कंपनी का अधिग्रहण करने के बाद ग्लोबल लेवल पर ट्रस्ट और सेफ्टी टीमों को भंग कर दिया था।

टीम कथित तौर पर चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लाइटेशन मॉडरेशन (सीएसईएम) से संबंधित कंटेंट पर फोकस करेगी। एक्स सीईओ लिंडा याकारिनो सीएसईएम के एक्स के संचालन के संबंध में 31 जनवरी को सीनेट न्यायपालिका समिति के समक्ष पेश होने वाली हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, एक्स टीम अन्य मॉडरेशन प्रवर्तन में भी मदद करेगी, जैसे हेट स्पीच को प्रतिबंधित करना। कंपनी ने ऐसे रोल्स के लिए जॉब लिस्टिंग पोस्ट की है और कहा है कि मॉडरेटर स्पैम और धोखाधड़ी जैसे मुद्दों की जांच करेंगे और कस्टमर सपोर्ट प्रदान करेंगे।

कंपनी ने अपने लेटेस्ट ब्लॉग पोस्ट में कहा, एक्स में, हम चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लाइटेशन (सीएसई) के लिए जीरो टॉलरेंस रखते हैं और हम एक्स को उन एक्टर्स के लिए अमानवीय बनाने के लिए दृढ़ हैं जो नाबालिगों का शोषण करना चाहते हैं। 2023 में, हमने स्पष्ट कर दिया कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता सीएसई को ऑनलाइन निपटाना है।

कंपनी ने घोषणा की, हम अधिक इन-हाउस एजेंटों को नियुक्त करने के लिए टेक्सस के ऑस्टिन में एक ट्रस्ट और सेफ्टी सेंटर भी बना रहे हैं ताकि हम अपने प्रभाव को तेज कर सकें।

2024 में, कंपनी ने कहा कि वह नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रेन (एनसीएमईसी) को रिपोर्ट करने के लिए प्लेटफॉर्म पर कंटेंट ढूंढने के लिए डिटेक्शन मैकेनिज्म में सुधार करेगी।

2023 में, एक्स ने अपनी सीएसई पॉलिसी का उल्लंघन करने के लिए 12.4 मिलियन अकाउंट को निलंबित कर दिया। यह 2022 में 2.3 मिलियन अकाउंट से ज्यादा है।

कंपनी ने कहा, 2024 में, हम इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में अपना मजबूत निवेश जारी रखेंगे और ऑनलाइन सीएसई से निपटने में मदद करने के महत्व के बारे में शिक्षित करने के अपने प्रयासों का विस्तार करेंगे।

जेनरेटिव एआई हमारे परिचालन पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है- नेटफ्लिक्स

सैन फ्रांसिस्को। नेटफ्लिक्स ने जेनरेटिव एआई पर खतरा जताते हुए कहा है कि ऐसी टेक्नोलॉजी उनके संचालन और अन्य कंपनियों के साथ प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के साथ दायर अपनी वार्षिक रिपोर्ट में, स्ट्रीमिंग जायंट ने कहा कि जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के डेवलपमेंट और उपयोग सहित नए टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट्स तेजी से विकसित हो रहे हैं। कंपनी ने कहा, अगर हमारे प्रतिस्पर्धियों को ऐसी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर लाभ मिलता है, तो प्रभावी ढंग से प्रतिस्पर्धा करने की हमारी क्षमता और हमारे संचालन के परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। नेटफ्लिक्स ने आगे कहा कि नई और उभरती टेक्नोलॉजी का उपयोग या अपनाने से इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी दावों के प्रति हमारा जोखिम बढ़ सकता है, और एआई-जनरेटेड मेटेरियल के लिए कॉपीराइट और अन्य इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी प्रोटेक्शन की उपलब्धता अनिश्चित है। जेनेरिक एआई-निर्मित एंटरटेनमेंट के लिए अभी शुरुआती दिन है।

मध्यम आय वाले परिवार सुरक्षित रहते हुए बढ़ा सकते हैं अपना पैसा

नई दिल्ली। मध्यम आय वाले परिवारों के पास अपनी मेहनत की कमाई को बैंकों, डाकघरों और वित्तीय कंपनियों द्वारा पेश की जा रही निवेश योजनाओं में लगाने के लिए कई विकल्प हैं। इनमें सरकार द्वारा समर्थित बिना जोखिम वाली योजनाओं से लेकर गारंटीशुदा रिटर्न की पेशकश करने वाली योजनाओं से लेकर उच्च रिटर्न का वादा करने वाली मध्यम-जोखिम और उच्च-जोखिम वाली योजनाएं शामिल हैं। उत्तरार्द्ध में जोखिम का एक तत्व

होता है, क्योंकि वे शेयर बाजार से जुड़े होते हैं और इसलिए इसके उतार-चढ़ाव की संभावना होती है। मध्यम आय वाले निवेशक जो सुरक्षित खेलना चाहते हैं और जोखिम से बचना चाहते हैं, वे निम्नलिखित योजनाओं में निवेश कर सकते हैं जो गारंटीशुदा रिटर्न प्रदान करती हैं।सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ)ः यह प्रति वर्ष न्यूनतम 100 रुपये के निवेश के साथ सबसे लोकप्रिय दीर्घकालिक निवेश उत्पाद है।यह योजना प्रति वर्ष 7.10 प्रतिशत के रिटर्न की गारंटी देती है, जो पूरी तरह से कर-मुक्त है। पीपीएफ योजनाएं आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत कर बचत के लिए भी पात्र हैं। हालांकि, इस योजना में 15 वर्ष की लॉक-इन अवधि है।

फेड रिजर्व के फैसले पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर बैंकिंग और टेक कंपनियों में हुई भारी बिकवाली के दबाव में बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक लुढ़के शेयर बाजार की अगले सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दरों को लेकर होने वाले फैसले पर नजर रहेगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 982.56 अंक अर्थात 1.4 प्रतिशत का गोता लगाकर सप्ताहांत पर 70700.67 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 269.8 अंक यानी 1.25 प्रतिशत की गिरावट लेकर 21352.60 अंक पर आ गया।समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों पर भी बिकवाली का दबाव रहा। इससे बीएसई का मिडकैप 458.48 अंक अर्थात 1.2 प्रतिशत लुढ़ककर 37746.29 अंक और स्मॉलकैप 76.95 अंक यानी 0.2 प्रतिशत उतरकर 44363.74 अंक रह

गया।विश्लेषकों के अनुसार, वैश्विक बाजार के मिश्रित रुझान के बीच आईटी और बैंकिंग शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार में गिरावट देखी गई। भारत के पीएमआई मजबूत आंकड़ों के बावजूद बाजार को तेजी के लिए संघर्ष करना पड़ा। यह गिरावट यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) के आसन्न दर निर्णयों के बारे में आशंकाओं के कारण थी।अगले सप्ताह 30-31 जनवरी को फेड रिजर्व की होने वाली नीतिगत बैठक में ब्याज की मौजूदा दरों को यथावत बनाए रखने की संभावना से अमेरिकी बांड यील्ड में तेजी और बाजार में एफआईआई की बिकवाली हो सकती है। हालांकि अमेरिका में जारी मज़बूत पीएमआई आंकड़ों के बीच सभी की निगाहें अमेरिकी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और बेरोजगारी के आंकड़ों पर हैं, जो अमेरिकी अर्थव्यवस्था और संभावित नीतिगत दरों पर होने वाले निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं।

फाइटर ने दुनियाभर में रचा इतिहास, ऋतिक की फिल्म ने दो दिन में जड़ दिया शतक

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फाइटर अपनी रिलीज के बाद से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है और नई ऊंचाइयों को छू रही है. 22.5 करोड़ रुपये के शानदार कलेक्शन के साथ अपनी थिएट्रिकल जर्नी शुरू करने वाली इस फिल्म ने अपने पहले शुक्रवार को भी टिकट खिड़की पर कोहराम मचा दिया और बंपर कलेक्शन किया. घरेलू बाजार में गर्दा उड़ा रही फाइटर दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर भी छा गई है. चलिए यहां जानते हैं फाइटर ने वर्ल्डवाइड कितना कलेक्शन कर लिया है.

पिछले साल सिद्धार्थ आनंद ने पठान के साथ बॉक्स ऑफिस हिला डाला था. अब साल 2024 के जनवरी महीने में एक बार फिर इस हिट डायरेक्टर ने फाइटर के साथ सिनेमाघरों में धावा बोला है और उन्होंने बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह कब्जा कर लिया है. फाइटर का क्रेज दर्शको के सिर चढ़कर बोल रहा है. रगो में देशभक्ति की भावना को जगा देने वाली इस फिल्म की इमोशनल कहानी से लेकर दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की जबरदस्त केमिस्ट्री के साथ ही सपोर्टिंग कलाकारों की भी दमदार एक्टिंग ने फाइटर को फुल एंटरटेमेंट पैकेज बना दिया है. साथ ही पॉजिटिव वर्थ ऑफ माउथ के चलते फिल्म को देखने को लिए सिनेमाघरो में ऑडियंस की भारी भीड़ उमड़ रही है. इस फिल्म ने दुनियाभर में भी दो दिन में ही बवाल काट दिया है.फिल्म क्रिटिक मनोबाला विजयबालन ने अपने एक्स हैंडल पर फाइटर के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक फाइटर ने अपन रिलीज के पहले दिन दुनियाभर में 36.04 करोड़ का कलेक्शन किया था।

कंगुवा से बॉबी देओल के खूंखार लुक की मिली पहली झलक

साउथ के सुपरस्टार सूर्या की अपकमिंग फिल्म 'कंगुवा' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. ये एक फैंटेसी एक्शन ड्रामा मानी जा रही है और ये एक पैन इंडिया फिल्म बताई जा रही है. दिलचस्प बात ये है कि इस फिल्म में 'एनिमल' के 'अबरार हक' यानी बॉबी देओल भी नजर आएंगे. वहीं फैंस 'कांगुवा' में बॉबी के रोल को जानने के लिए काफी बेकरार हो रहे हैं। ऐसे में मेकर्स ने बॉबी के 55वें बर्थडे पर फैंस को बड़ा तोहफा देते हुए 'कांगुवा' से एक्टर के फर्स्ट लुक को रिवील कर दिया है. इसके साथ ही फिल्म में बॉबी के कैरेक्टर के नाम का भी खुलासा कर दिया गया है। 'कंगुवा' में बॉबी के फर्स्ट लुक रिवील होने के बाद ये हिंट मिल गया है कि एक्टर एक बार फिर खूंखार विलेन के किरदार में नजर आएंगे. फिल्म में बॉबी के किरदार का नाम उधीरन है. 'कंगुवा' में बॉबी के किरदार उधीरन की पहली झलक ने ही फैंस के होश उड़ा दिए हैं। पोस्टर काफी इंटेंस है जिसमें बॉबी काफी भयानक रूप में नजर आ रहे हैं. पोस्टर में बॉबी के लंबे बाल दिखाए गए हैं जिन

पर सिंग भी लगे हैं. इसके साथ ही वे कई औरतों से घिरे हुए दिख रहे हैं. उनकी चेस्ट पर हड्डियों से बनी एक शील्ड लगी है जिस पर खून भी दिख रहा है. ओवरऑल पोस्टर काफी डरा देने वाला है. फिल्म से बॉबी के फर्स्ट लुक की झलक शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, निर्दयी, पावरफुल, अनफॉरगेटेबल, हमारे उदिरन बॉबीदेओल सर को जन्मदिन की शुभकामनाएं।

युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला

रायपुर/नवप्रदेश। बड़े तालाब के पास ग्राम सासाहोली में पिकनिक मनाने के दौरान दो युवकों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रशेखर डांडे 22 वर्ष वार्ड क्रमांक 2 सासाहोली का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी व आरोपी सूरज चतुर्वेदी व अन्य दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने बड़े तालाब के पास गए थे। जहां किसी बात को लेकर विवाद होने पर आरोपी सूरज चतुर्वेदी व एक अन्य ने चंद्रशेखर से गाली-गलौज कर हत्या करने की नियत से चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 307, 294, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवती से 10 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। न्यू पुरैना महावीर नगर राजेन्द्र नगर में युवती को ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यवसाय कर लाखों रुपए कमाने का झांसा देकर 10 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मोनिका यादव 26 वर्ष न्यू पुरैना महावीर नगर राजेन्द्र नगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि अज्ञात मोबाइल धारक क्रमांक 27624354139 ने प्रार्थिया को ऑनलाइन ट्रेडिंग का व्यवसाय कराने का झांसा देकर महीने में 1 लाख व 80 हजार रुपए कमाने का प्रलोभन देकर टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया और अपने बताए हुए खाता में प्रार्थिया से 10 लाख रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

घर का ताला तोड़कर चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 2 ग्राम कुंरा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी रकम पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मालती धीवर 35 वर्ष ग्राम कुंरा की रहने वाली है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और पेटी में रखे नकदी 30 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

तालाब के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। नरैया तालाब के पास रोड किनारे खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राकेश कुमार राजवाड़े 28 वर्ष 19 वीं पोखरण वाहिनी छग. शास्त्र बल नगरनार जगदलपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 ईए 6036 को नरैया तालाब के पास रोड किनारे खड़ी किया था, जहां से अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। ताजनगर पंडरी में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट की। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पंकज तिवारी 23 वर्ष ताजनगर पंडरी का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी साहिल खान ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट की। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

गांजा बेचते 5 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गांजा बेचते पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 12 किलो 100 ग्राम गांजा, ट्रक, स्कूटी व नकदी 20500 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भाठागांव बस स्टैंड के पास आरोपी राकेश निषाद 38 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 6 किलो गांजा जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आयुष पेट्रोल पंप के पास गिरौद में आरोपी पिंटू यादव 31 वर्ष सहित संजू उइके, सूरज वर्मा व राजेश सेन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 6 किलो 100 ग्राम गांजा, ट्रक, स्कूटी व नकदी 20500 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

युवक से चाकू की नोंक पर लूट

रायपुर/नवप्रदेश। लालपुर स्थित कुष्ठ रोग अस्पताल के पास दो युवकों ने बाइक सवार युवक का रास्ता रोककर मोबाइल व नकदी रकम लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वैष्ट्व यादव 42 वर्ष ग्राम सिवनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह कल दोपहर अपनी बाइक से सब्जी लेकर डुमरतराई जा रहा था, तभी कुष्ठ रोग अस्पताल के पास आरोपी अनिल नागरची 23 वर्ष अपने दोस्त के साथ मिलकर प्रार्थी को रोका और चाकू दिखाकर मोबाइल व नकदी 150 रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी अनिल नागरची को हिरासत में लिया है। वहीं उसके अन्य साथी की तलाश जारी है।

पेड़ में लटका मिला शिक्षक का शव

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही। जिले के मरवाही के सिलपहरी गांव के प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षक का शव पेण्ड्रा के अमरपुर गांव के पास एक पेड़ में लटका मिला। घटना की सूचना पर पेण्ड्र पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। फिलहाल आत्महत्या की वजह सामने नहीं आ पाई है। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही और पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौप दिया है । अवनीश साहू मरवाही ब्लाक के प्राथमिक शाला स्कूल सिलपहरी में पदस्थ सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ थे। मिली जानकारी के अनुसार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के समारोह का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद अपने एक शिक्षक साथी को पेण्ड्रा स्थित उनके घर में छोड़ने शाम को अपनी स्कूटी लेकर घर से निकले थे। उसके बाद स वापस नहीं लौटे। 27 जनवरी की सुबह ग्रामीणों ने अमरपुर गांव से फुटहा बांधा रोड में सड़क के किनारे शिक्षक की स्कूटी लावारिस हालात में मिली और सड़क से लगभग 500 मीटर दूर एक खेत में पेड़ पर शिक्षक का शव फाँसी के फंदे में लटका हुआ मिला। पेण्ड्रा पुलिस को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने घटना स्थल पर पंचनामा के बाद शव को पोस्ट मार्टम कराकर शव को परिजनों को सौप दिया है। वहीं शिक्षक को अभी तक आत्महत्या की वजह सामने नही आई है। फिलहाल पुलिस इस मामले पर मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

पति पत्नी मिलकर करते थे चोरी 8 बाइक और 1 ई रिक्शा जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। आजाद चौक पुलिस ने मुखबीर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए आजाद चौक थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल चोरी करने वाले शातिर चोर गिरोह को किया गिरफ्तार। आरोपी पति पत्नी मिलकर देते थे, चोरी की घटना को अंजाम। आरोपियों के पास से 8 मोटरसाइकिल और 1 ई-रिक्शा किया गया जप्त। थाना प्रभारी आज़ाद चौक निरीक्षक जितेंद्र एसैया के नेतृत्व में मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह को किया गया गिरफ्तार। आरोपी अनमोल पिता राजू जनबंधु (20) और गीता जनबंधु उर्फ गीता पटेल पति अनमोल जनबंधु (20) पता नागपुर पिली नंदी कामठी थाना कामठी जिला नागपुर महाराष्ट्र अस्थायी पता भनपुरी रामेश्वर नगर छट तालाब के पास थाना खमतराई रायपुर को पकड़ा गया।

हार के डर से भूपेश बघेल चुनाव लड़ने से मना कर रहे : केदार

■ **भूपेश बघेल के लोकसभा चुनाव न लड़ने के बयान पर भाजपा का पलटवार**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार करने पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि देशभर में कांग्रेस अब अपने सबसे दयनीय राजनीतिक दौर से गुजर रही है। हालत यह हो गई है कि कांग्रेस की टिकट पर अब छत्तीसगढ़ में कोई लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार तक नहीं है। श्री गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की तयशुदा जीत को देखकर घबराहट में है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री गुप्ता ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी शिकस्त के सदमे से पूर्व मुख्यमंत्री बघेल अब तक उबर नहीं पाए हैं और अब बहानेबाजी करके चुनाव मैदान से भाग रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री का यह कहना कि वह (बघेल) विधायक हैं और उन्हें पूरे प्रदेश में प्रचार के लिए जिम्मेदारी मिले तो बेहतर होगा, चुनाव की चुनौती से मुँह चुराने का ही परिचायक है। श्री गुप्ता ने सवाल किया कि क्या विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री और उम्मीदवार रहते हुए प्रदेशभर में चुनाव प्रचार नहीं किया था? क्या विधायक रहते हुए लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा जा सकता? दरअसल, बघेल प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रति जनता के अगाध विश्वास और छत्तीसगढ़ में की सभी 11लोकसभा सीटों पर भाजपा की तयशुदा जीत को भाँपकर अपनी बची-खुची राजनीतिक हैसियत को बचाने में ही अपनी भलाई मान रहे हैं।

भाजपा शुरू से कहती आ रही है कि अब कांग्रेस के पास लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए कोई नेता नहीं है। कल पूर्व मंत्री मो. अकबर ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कही थी, लेकिन आज खुद भूपेश बघेल ने इसका खंडन कर दिया कि वह (बघेल) चुनाव नहीं लड़ेंगे। जहां बघेल जी छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार करने की सोच रहे हैं तो कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व बघेल को छत्तीसगढ़ से बाहर भेज रहा है बिहार भेज रहा है। वहां का उनको वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया जा रहा है। श्री गुप्ता ने दावा किया कि ऐसे हालात में बदहवास कांग्रेस छत्तीसगढ़ की एक लोकसभा सीट भी जीतने की स्थिति में नहीं दिख रही है और भाजपा पूरी 11 की 11 सीट जीतेगी।

मेडिशाइन हॉस्पिटल में हुआ सफल किडनी ट्रांसप्लांट

रायपुर/नवप्रदेश। न्यू राजेन्द्र नगर स्थित श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल ने एक और नया किर्तीमान हासिल किया है। अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग से मान्यता मिलने के बाद किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है। 23 वर्ष तुषार दास को उसकी मां देवकी दास ने किडनी दिया। तुषार दास पिछ्ले 1.5 साल से डायलिसिस पर था बेटे के तकलीफ को देखते हुए उसके परिवार ने किडनी

ट्रांसप्लांट कराने का निर्णय लिया। उसके पश्चात् डॉ करण सराफ (नेफ्रोलाजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ) से मिलें। डॉ करण ने किडनी ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दी। मरीज और डोनर की पूरी जांचे सही आने और अनुमति मिलने के बाद 16 जनवरी 2024 को सफल किडनी ट्रांसप्लांट हुआ और उसके पश्चात् अभी मरीज एवं डोनर पूरी तरह से स्वस्थ्य है और छुट्टी कर दी गयी है और डॉ करण सराफ के नियमित फालोअप में रहने की सलाह दी गयी है।

इन डॉक्टरों की टीम ने ट्रांसप्लांट को बनाया सफल डॉ करण सराफ (नेफ्रोलॉजिस्ट एवं किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ), डॉ राहुल कपूर (यूरोलाजिस्ट),डॉ प्रसांत भागवत (यूरोलाजिस्ट), डॉ सुफल कुमार (लेप्रोस्कोपीक सर्जन) डॉ सुप्रिती शर्मा(एनेथेसियोलाजिस्ट), डॉ असित नायक (एनेथेसियोलाजिस्ट), डॉ रवि गोयल (एनेथेसियोलाजिस्ट), डॉ सर्वजित (आर एम ओ), डॉ रजा खान (आर एम ओ), ट्रांसप्लांट कॉर्डिनेटर तमन्ना खान एवं समस्त नर्सिंग स्टाफ श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल के डायरेक्टर एवं अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉ सुशील शर्मा ने बताया कि श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल में पूर्ण रूप से नेफ्रोलाजी विभाग संचालित है, जिसमें उच्च स्तरीय डायलिसिस, किडनी ट्रांसप्लांट युनिट एवं किडनी मरीज के भर्ती की पूरी सुविधा उपलब्ध हैं।डॉ करण सराफ ने बताया कि कोनिक किडनी डिसीस स्टेज 5 के मरीज जो डायलिसिस पे आ जाते है उनके लिये सबसे अच्छा इलाज किडनी ट्रांसप्लांट ही है।

पुरानी रंजिश में चाकू से हमला तीन गिरफ्तार, एक अपचारी भी शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। पुराने विवाद को लेकर विवाद करते हुए आरोपियों ने पीड़ित को गाली देते हुए मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। रमाकांत कुम्हारे पिता मनोज कुम्हारे (20) पता न्यू चंगोराभाठा थाना डीडी नगर रायपुर, चेतन राज उर्फ धमेन्द्र देवांगन पिता टेटकुराम देवांगन (18) पता न्यू चंगोराभाठा थाना डी डी नगर रायपुर और अपचारी बालक के थाना डीडी नगर थाने में अपराध क्र 37/24, धारा- 294, 323, 307, 34 भादवि 025,27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

निजी अस्पताल कर्मी की 15 वर्षीय बेटी ने राष्ट्रीय खेलों में जीता स्वर्ण पदक

रायपुर/नवप्रदेश। निजी अस्पताल एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के मेंटेनेंस विभाग में कार्यरत अजब सपहा की 15 वर्षीय बेटी कविता सपाहा ने अपने खेल उपलब्धियों से अपने परिवार और अस्पताल गौरवान्वित किया है।

कविता का खेल के प्रति प्रेम 8 वर्ष की आयु में ही शुरू हुआ, जब वह तीसरी कक्षा में थी । उस छोटी आयु में ही, वह एथलेटिक्स टूर्नामेंट्स में शामिल हो गई थी। अजब सपहा ने कविता का हर तरह से समर्थन किया , उन्होंने प्रयोजन सुनिश्चित की, और कड़ी मेहनत के साथ उसके सपनों को पूरा करने में हमेशा प्रोत्साहित किया। हाल ही में कविता ने गोवा नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और हरियाणा नेशनल गेम्स में ब्रान्ज़ मेडल जीता। अब उसका लक्ष्य ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करना है। उसने अपनी जीत के लिए अपनी माँ, पिताजी, और कोच का आभार व्यक्त किया है। कविता अपने पिता अजब, कोच, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर तपानी घोष, किरोध कुमार दाश, और सम्पूर्णहॉस्पिटल को आभार व्यक्त करती है। कविता ने कहा, ÷मेरे पिताजी ने कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन कभी भी मेरी हौसला काम नहीं होने दिया। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल ने हमारे परिवार को बहुत समर्थन दिया है, और उसे आगे बढ़ने मे सहायता की।

नारायणा हेल्थ को कविता की कड़ी मेहनत और उनकी उपलब्धियों पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। उसे उसके लक्ष्य की दिशा में बढ़ने मे उसका पूरा समर्थन करेंगे और उसके ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने में सहायता करेंगे। अपनी बेटी को अपने लक्ष्यों को पूरा करते हुए देख, अजब को बहुत गर्व और खुशी महसूस होती है।

दसवीं और बारहवीं के टॉपरों को मिला पंडित रेवती रमण मिश्र स्मृति पुरस्कार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। दसवीं और बारहवीं के टॉपरों को पंडित रेवती रमन मिश्र पुरस्कार से पुरस्कृत किया। गणतंत्र दिवस पर संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार के संस्थापक अनूप कुमार मिश्र चयनित मेधावी विद्यार्थियों को राशि व प्रशस्ति पत्र के माध्यम से सम्मानित किया गया। इस दौरान पंडित जी द्वारा रचित कविता 'मातृभूमि का प्यार में लेकर हम जीते हैं' का गायन किया गया। प्रभु नारायण वर्मा ने इस पहले के लिए संस्था की सराहना करते हुए बच्चों को इसी तरह से आगे भी सरगुजा का नाम रोशन करने को कहा। कार्यक्रम में शशिकांत दुबे, अरुण त्रिपाठी व चयनित मेधावी छात्र-छात्राएं और उनके परिवार उपस्थित थे।

इन छात्रों को किया गया सम्मानित

प्रिया रोहरा, मनेन्द्रगढ़, देवकुमार देवांगन, जशपुर और दसवीं के रोहित यादव, जशपुर, पिंकी यादव, जशपुर, सूरज पैंकरा, जशपुर, आदित्य राज गुप्ता, कुनकुरी, आरती चौहान, जशपुर, योगेश सिंह, जशपुर,वंशिका गुप्ता, अंबिकापुर, आकांक्षा साहू, जशपुर, बुलबुल यादव, कुनकुरी, सक्षम एक्का, जशपुर, रिंकी यादव, जशपुर, अनुज कुमार, अर्जुन सिन्हा, कुनकुरी, अमन सिंह, कुनकुरी को पुरस्कृत किया गया। इन्हें पांच हजार, तीन हजार और दो हजार रुपए नकद प्रदान किए गए। इसी तरह संभाग से बाहर होने के कारण कक्षा 10वीं के सिकंदर यादव जशपुर, भूपेन्द्र खेस अरगोती सरगुजा व किशोर राजवाड़े सूरजपुर को बाद में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोका, युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। मंदिरहसौद रिंग रोड नंबर 3 में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर मंदिरहसौद पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक ज्योति चेलक 24 वर्ष ग्राम खौली का रहने वाला था। बताया जाता है कि ज्योति चेलक अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी मंदिरहसौद रिंग रोड नंबर 3 में अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे ज्योति चेलक की मौत हो गई। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।